www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:46

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.04 न्यू | 16.08 अधि |
| धर्मशाला | 6.02 न्यू | 20.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73327.94 |
| निफ्टी | 22097.50 |

सोना 62,763 चांदी 72,146

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | मंगलवार, 16 जनवरी 2024 | 3 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 29 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए | संजीवनी हनुमान मंदिर में है श्री हनुमान जी के पैर का निशान...पेज 3

## न्यूज शॉर्ट्स

### नड्डा ने किया देशव्यापी 'वॉल राइटिंग' अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर नई दिल्ली में एक बार फिर से मोदी सरकार के नारे के साथ देशव्यापी 'वॉल राइटिंग' अभियान शुरू किया। नड्डा ने स्वयं दीवार पर पार्टी का चुनाव चिन्ह 'कमल' बनाकर नई दिल्ली से इस अभियान का शुभारंभ किया।

### बिना केवाईसी लिंक वाले फास्टैग 31 के बाद हो जाएंगे निष्क्रिय

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सोमवार को कहा कि बिना केवाईसी वाले फास्टैग को 31 जनवरी के बाद बैंकों की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किए जाएंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आदेश का उल्लंघन करते हुए एक विशेष वाहन के लिए कई फास्टैग जारी किए जाने और केवाईसी के बिना फास्टैग जारी किए जाने की हालिया रिपोर्टों के बाद एनएचएआई ने यह पहल की है।

## टॉप स्टोरीज

छेड़छाड़ का मामला भड़कते देख जमानत लेने से पीछे हटा ट्यूटर, याचिका ली वापस ...पेज 2

राज्य की चारों लोकसभा सीटें जीतने के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति ...पेज 3

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

मुख्य संपादक, डेस्क पर सब एडिटर, प्रूफ रीडर और उपमंडल स्तर पर जुझारु, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीतियों के इम्प्लीमेंटेशन की देखरेख और मैनेजमेंट के लिए अनुभवी और तेज तर्रार मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

रीडरशिप और अखबारों की प्रसार संख्या के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अपने सीवी भेजें
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065

# गर्भगृह में स्थापित होगी कर्नाटक के योगीराज की बनाई मूर्ति

**22 को 12:20 से एक बजे तक प्राण प्रतिष्ठा**

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में 22 जनवरी को दोपहर 12:20 से एक बजे तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में विराजने वाली प्रतिमा का चयन कर लिया गया है। कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई मूर्ति गर्भगृह में स्थापित होगी। गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का वजन 150 से 200 किलो है। रामलला की खड़ी प्रतिमा स्थापित होगी। 18 जनवरी को प्रतिमा गर्भगृह में अपने आसन पर खड़ी कर दी जाएगी। राम मंदिर में कुल 46 दरवाजे लगेंगे। इनमें से 42 पर 100 किलो सोने की परत चढ़ाई जाएगी। सीढ़ियों के पास चार दरवाजे लगेंगे। इन पर सोने की परत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास अपने विचार रखेंगे।




### राम मंदिर की नई तस्वीरें जारी, भव्यता और खूबसूरती कर देगी निहाल



### मुख्य नदियों के जल से होगा अभिषेक

**भारत** की सभी मुख्य नदियों का जल अयोध्या आ चुका है। सभी जलों से रामलला का अभिषेक होगा। इसके अलावा नेपाल में राम जी की ससुराल, उनके ननिहाल छत्तीसगढ़ से उपहार आए हैं। जोधपुर से बैलगाड़ी पर घी आया हैं।

### 20, 21 जनवरी को भगवान के दर्शन बंद रहेंगे

**प्राण** प्रतिष्ठा की तैयारियों को पूरा करने के लिए 20 और 21 जनवरी को रामलला के दर्शन बंद रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन परिसर में 8000 कुर्सियां लगाई जाएंगी।

### सोने के 14 दरवाजे लगाए



### गर्भगृह में लगा 12 फुट ऊंचा और 10 फुट चौड़ा दरवाजा

### पांच वास पूजा होगी

प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामलला की प्रतिमा को जल वास, अन्न वास, शैया वास, औषधि वास, फल वास पूजा होगी। पूजा के समय सभी प्रकार के वाद्य यंत्र बजेंगे। उत्तर प्रदेश की बांसुरी, ढोलक, छत्तीसगढ़ का तंबूरा, बिहार का पखावज, दिल्ली की शहनाई, राजस्थान का रावण हत्था, बंगाल का श्री खोल जैसे वाद्य यंत्र पूजा के दौरान बजाए जाएंगे।

### 16 से 21 तक चलेगा पूजन

प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि 16 जनवरी से शुरू होगी और 21 जनवरी तक चलेगी।

### बांके बिहारी धाम से आए विशेष आभूषण



**रामलला** के लिए रामभक्त देश भर से विशेष उपहार भेज रहे हैं। सोमवार को श्री कृष्ण बांके बिहारी धाम से लाए गए विशेष आभूषण श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास जी को सौंपे। श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों पर कहा कि प्रतिष्ठा की दृष्टि से आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। भव्य मंदिर लगभग खड़ा हो चुका है, दूसरी ओर अयोध्या सज रही है।

### मोदी ने की प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की शुरुआत

# जनमन स्कीम की पहली किस्त जारी, एक लाख को मिलेगा लाभ

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान) योजना के तहत एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपए की पहली किस्त ऑनलाइन जारी की यानी एक-एक घर के लिए अढ़ाई-अढ़ाई लाख रुपए ट्रांसफर किए। इस योजना के माध्यम से उन सभी एक लाख लाभार्थियों को लाभ मिल सकेगा, जो अपने आवास का सपने का सपना देख रहे थे।

वहीं, पीएम मोदी ने लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि कोई भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे, क्योंकि देश तभी विकसित हो सकता है, जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। विशेष पिछड़ी जनजातीय लोगों के विकास और उत्थान के लिए 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर पीएम जनमन योजना शुरू की थी। इसका मुख्य लक्ष्य विशेष रूप से कमजोर जनजातियों का संपूर्ण विकास करना है। पीएम ने कहा कि सरकार की योजनाएं सबसे पिछड़े आदिवासी भाई-बहनों तक पहुंचे, यही पीएम जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। सरकार की हर योजना उन तक पहुंचे, इसके लिए सरकार पूरी ताकत लगा रही है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे हैं, क्योंकि देश तभी विकसित हो सकता है, जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे।



पीएम ने ऑनलाइन 540 करोड़ किए ट्रांसफर

### बोले- अब ललिता-विद्या को पूरा देश बुलाएगा

**पीएम** मोदी ने मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की आदिवासी महिलाओं ललिता और विद्या से बातचीत की। आदिवासी महिलाओं की ओर से दी गई जानकारी से प्रधानमंत्री मोदी प्रभावित हुए और कहा कि आपकी बात सुनकर मैं प्रभावित हो गया। प्रधानमंत्री ने महिलाओं से पूछा कि उन्हें शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी कैसे मिली। साथ ही उनके परिवार को मिलने वाली शासकीय योजनाओं के लाभ के बारे में भी जानकारी चाही। दोनों महिलाओं ने उन्हें विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उन्हें कई योजनाओं के बारे में पता चला। ललिता ने कहा कि बेटी को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ मिला है। बच्चों को ड्रेस मिली। सहायता समूह को भी सरकारी योजना का लाभ मिला है। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि वे उन महिलाओं को सुन कर बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि गांवों में बहुत प्रभावी नेतृत्व है।

### पीएम को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब की बेटी ने भेंट की पुस्तक



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपने पिता पर लिखी पुस्तक की प्रति भेंट की। उन्होंने पीएम को उन्हें अपनी पुस्तक 'प्रणब माई फादर : डॉटर रिमेम्बर्स' की एक प्रति भेंट की। शर्मिष्ठा ने अपनी पुस्तक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को लेकर कई दावे किए हैं।

# बेहतरीन फिल्मों के लिए वार्षिक फिल्म पुरस्कार शुरू करेगी सरकार

### मुख्यमंत्री सुक्खू बोले- प्रदेश में विकसित होंगे शूटिंग स्थल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश को फिल्म निर्माण के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में विकसित करने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने हाल ही में एक व्यापक फिल्म नीति को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और यहां के नैसर्गिक स्थल फिल्म निर्माण के लिए उपयुक्त हैं। प्रदेश में कई सुपर हिट फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। सरकार राज्य में फिल्म निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा प्रदान कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है।



नई फिल्म नीति हिमाचल को फिल्म निर्माण के पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मील पत्थर साबित होगी। इस नीति का उद्देश्य फिल्म उद्योग के माध्यम से प्रदेश में अतिरिक्त निवेश को आकर्षित करना है। इसके तहत राज्य सरकार की ओर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में एक फिल्म सुविधा सेल स्थापित किया जाएगा, जो फिल्म निर्माण की अनुमति के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करेगा और तीन कार्य दिवस में एक त्वरित ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। यह सेल निर्माताओं को आवश्यक अनुमति प्राप्त करने में सहायता प्रदान करने के साथ ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वेब पोर्टल से जुड़े केंद्रीय कोष के रूप में भी कार्य करेगा। फिल्म निर्माताओं को बेहतर सुविधाओं के साथ उत्कृष्ट फिल्म शूटिंग स्थलों की पेशकश की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन उपकरणों को सूचीबद्ध कर निजी कंपनियों को प्रोडक्शन हाउस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### 50 प्रतिशत शूटिंग के लिए शुरू होगा वार्षिक फिल्म पुरस्कार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में कम से कम 50 प्रतिशत शूटिंग के साथ बेहतरीन फिल्मों के लिए वार्षिक फिल्म पुरस्कार शुरू करेगी। इसके साथ ही प्रदेश के प्रतिभावान बच्चों और युवाओं को कलाकार प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से ललित कला और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### एक फिल्म विकास निधि भी होगी निर्मित

फिल्म फेस्टिवल, पुरस्कार और संबंधित गतिविधियों के आयोजन के दृष्टिगत एक फिल्म विकास निधि भी निर्मित की जाएगी। सूचना एवं जन संपर्क विभाग की ओर से इसका प्रबंधन प्रदेश फिल्म विकास परिषद के मार्गदर्शन में किया जाएगा। फिल्म विकास परिषद राज्य में फिल्म क्षेत्र के विकास के लिए रणनीति तैयार करेगी और आवश्यक अधोसंरचना के विकास एवं स्तरोन्नयन के लिए प्रदेश सरकार को आवश्यक सिफारिश भी करेगी। यह परिषद फिल्म नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी भी करेगी और समय-समय पर आवश्यक संशोधन के लिए संबंधी सुझाव भी देगी।

### बसपा अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने जन्मदिन पर कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव सभी वर्ग जाति विशेष के बल पर उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बसपा किसी भी गठबंधन और किसी भी सरकार में शामिल नहीं होगी।




# 300 अभ्यर्थियों की डॉक्यूमेंटेशन के कागजात लापरवाही से खराब

### जेओए आईटी के 1867 पदों को भरने में होगी अब और देरी

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**जेओए** (आईटी) के 1867 पदों को भरने में अभी और देरी हो सकती है, क्योंकि भंग चयन आयोग के भीतर रखे गए करीब 300 अभ्यर्थियों की डॉक्यूमेंटेशन के आवेदन खराब हो गए हैं। ऐसा कैसे हुआ, इसका पता जांच से ही चल पाएगा।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

आयोग ने इनका हवाला देकर अब पर्सनल डिपार्टमेंट को जानकारी भेजी है, जितने भी डॉक्यूमेंटेशन के कागजात खराब हुए हैं, उनका अब फिर से डॉक्यूमेंटेशन होगा। हालांकि, कोर्ट ने 12 सप्ताह का समय इस रिजल्ट को घोषित करने का दिया है, लेकिन स्टाफ की कमी और जिनकी डॉक्यूमेंटेशन हो गई थी, उनकी फिर से होने पर लंबा समय लगेगा। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट ने दिया है 12 हफ्ते में रिजल्ट घोषित करने का समय

**जेओए** के 1867 पदों को भरा जाना है और एक मामले में 12 हफ्ते का समय सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। हाई कोर्ट की जजमेंट भी नौ जनवरी को आई है, उसमें भी 12 सप्ताह का ही समय रिजल्ट निकालने के लिए दिया गया है, लेकिन इतनी कम अवधि में अब यह सारा काम हो कैसे पाएगा? इसी को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। पोस्टकोड 817 को लेकर लंबे समय से अभ्यर्थियों ने कोर्ट की लंबी लड़ाई लड़ी है। अब कोर्ट का फैसला भी आ जाने के बाद देखना यही होगा कि कब तक यह रिजल्ट घोषित होगा?

> **डॉक्यूमेंट** कैसे खराब हुए पता लगाएंगे, जो पोस्टकोड विजिलेंस के शिकंजे से बाहर हैं, जिनकी इंक्वायरी नहीं है। उनका जब तक विजिलेंस से जवाब नहीं आता, रिजल्ट निकालने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकती।
>
> -आरके पुरुथी, मुख्य प्रशासक, चयन आयोग

### वेटरनरी फार्मासिस्टों की भर्ती मामले में भी दोबारा डॉक्यूमेंटेशन

**काबिलेगौर** यह भी है कि वेटरनरी फार्मासिस्टों की भर्ती मामले में भी डॉक्यूमेंटेशन दोबारा हो रही है। अब यही स्थिति जेओए (आईटी) की भी होगी। अब सवाल यह है कि जिन अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट खराब हुए हैं वह अलमीरा में क्यों नहीं रखे गए थे? क्या उन्हें ऐसी जगह पर रखा गया था, जहां बारिश के कारण वे खराब हो सकते थे?

### 26 जनवरी 1948 को बघाट नरेश दुर्गा सिंह ने प्रजामंडल प्रतिनिधियों के सामने किया था ऐलान, इसके बाद रियासतों के विलय के लिए सरदार पटेल को भेजा गया था प्रस्ताव

# सोलन का दरबार हॉल है हिमाचल की पहली रियासत के भारत में विलय का साक्षी

**तेजपाल नेगी, सोलन**



आज से ठीक 11वें दिन हम देश का गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहे हिमाचल के युवाओं को शायद ही पता होगा कि हिमाचल की रियासतों का भारत गणराज्य में मिलाने का शुभारंभ सोलन से ही हुआ था। तत्कालीन बघाट रियासत भारत राज्य में शामिल होने वाली पहली रियासत थी। राजा दुर्गा सिंह ने सोलन के दरबार हाल में सर्वप्रथम बघाट रियासत को भारत गणराज्य स्वेच्छा से विलय करने का ऐलान करके इलाके के तमाम राजाओं को संकेत दे दिया कि उन्हें भी इसी राह पर आगे बढ़ते हुए संघीय राष्ट्र के सपने को साकार करना होगा।

हिमाचल 1948 से पूर्व छोटी-छोटी रियासतों में बंटा हुआ था। आजादी के बाद संघीय राष्ट्र का सपना साकार करने की जिम्मेदारी लौह पुरुष सरदार पटेल के कंधों पर आई तो उनके सामने देश की 650 रियासतों के विलय की चुनौती थी। इन रियासतों के विलय के लिए 1937 में प्रजा मंडल समस्त देश में गठित किए गए। हिमाचल में भी समस्त रियासतों में प्रजा मंडल बनाए गए। हिमाचल का गठन इन्हीं छोटी बड़ी 31 रियासतों के विलय के बाद किया गया था।

बघाट रियासत के अंतिम राजा दुर्गा सिंह के वंशजों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बघाट हिमाचल की पहली रियासत थी, जिसने स्वेच्छा से भारतीय गणतंत्र में विलय को स्वीकार किया था।

26 जनवरी, 1948 को शिमला की सभी रियासतों के प्रजामंडल के नेताओं की बैठक राजा दुर्गा सिंह ने सोलन के दुर्गा दरबार में बुलाई। यहां चली लंबी मंत्रणा के बाद दुर्गा सिंह मंच पर खड़े होकर माइक संभालते हुए बोले- मैंने अपने जीवनकाल में अपने लोगों की सेवा की है। अगर मैं उनके कल्याण के लिए दिए गए दायित्व से मुक्ति पा सकता हूं और उनकी देखभाल के प्राधिकरण के सुपुर्द की जाती है, जिसमें लोगों का विश्वास है, तो मैं अपने आपको सौभाग्यशाली समझूंगा।




अनंत ज्ञान विशेष

उन्होंने आगे जोड़ा... यह हिंदू परंपराओं के अनुरूप प्रजामय होना चाहिए, जैसे लोगों के प्रति निष्ठावान। यह भगवान रामचंद्र का आदर्श था। इस आस्था से मैं आपके समक्ष 'हिमाचल प्रदेश' योजना की सिफारिश करता हूं। इससे पहले उन्होंने अपने वक्तव्य में गांधी के नेतृत्व में मिली आजादी के लिए ईश्वर का आभार भी जताया था। तब राजा साहब ने कुछ वर्गों की आशंकाओं को मद्देनजर रखते हुए यह भी कहा था कि हिमाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न अंग होगा तथा हिंद के प्रत्येक नागरिक की तरह देश के इस भाग में भी नागरिकों को समान अधिकार व विशेष अधिकार प्राप्त करने का हक होगा। इसके बाद हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी रियासतों के भारत में शामिल होने की एक गौरवशाली परंपरा की शुरुआत हुई। बुशहर, जुब्बल आदि रियासतों ने भी बघाट के राजा के साथ कदमताल करते हुए अपनी रियासतों को भारत में विलय करने की घोषणाएं शुरू कर दीं। इस तरह हिमाचल प्रदेश की नींव तत्कालीन बघाट राज के दरबार हाल में प्रजामंडल के तमाम नेताओं के समक्ष पड़ी। (अनंत ज्ञान)


बैठक में उपस्थित रियासतों के प्रतिनिधि। (फाइल फोटो)

## बघाट पुलिस ने दी थी तिरंगे को सलामी

**संयोजक** राजा दुर्गा सिंह ने सर्वप्रथम तिरंगा फहराया और बघाट की पुलिस ने झंडे को सलामी दी थी। इसके बाद कॉन्फ्रेंस हॉल में अधिवेशन शुरू हुआ और सभा को संविधान सभा का नाम दिया गया। इसमें राजा दुर्गा सिंह को अध्यक्ष और महावीर सिंह (आईसीएस) को सचिव चुना गया। सभा में निर्णय लिया गया कि सभी रियासतों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश का नाम दिया जाए। इसके बाद गृहमंत्री सरदार पटेल से निवेदन किया गया कि पंजाब हिल स्टेट की दूसरी रियासतों को भी इनके साथ विलय करके हिमाचल प्रदेश को पूरा प्रांत बनाया जाए।


राजा दुर्गा सिंह (फाइल फोटो)

## ... और खबरों में छा गया था सोलन


"Himachal Pradesh" Birth Of A New Sta
Himalayan Peoples' Renaissance
enturies Of Despotism Pass —New Age Dawns
Comes Into Existence On India's Firmament
How Democracy Works
HIMACHAL PRADESH
"LET OUR PEOPLE MARCH AHEAD"

**तब** के समाचार पत्रों में यह खबर मोटी-मोटी हेडलाइन्स के साथ प्रकाशित की गई थी। इन खबरों में उल्लेख है कि इस ऐतिहासिक सभा में शामिल होने के लिए शिमला क्षेत्र की तमाम रियासतों में सक्रिय प्रजामंडल के नेता तो पहुंचे ही थे, रंग-बिरंगी पोशाकों में आम लोग भी आखों में आजाद हिमाचल का सपना लिए दूर-दूर से दरबार हाल में पहुंचे थे। इस बैठक में 28 रियासतों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें सत्यदेव बुशहरी, ठाकुर सेन नेगी, लाला देवकीनंदन और विरजानंद (बुशहर से), जुब्बल से भागमल सोहटा और सालिगराम टेजटा, क्योंथल से दवीराम केवला और विजय राम, धामी से पं. संतराम, ठियोग से सूरतराम, बाघल से हीरासिंह पाल, महलोग से चिंतामणि आदि प्रजामंडल नेताओं ने भाग लिया।

# छेड़छाड़ का मामला भड़कते देख जमानत लेने से पीछे हटा ट्यूटर, दायर याचिका वापस ली

## आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट और अन्य धाराओं के तहत दर्ज हैं तीन मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल के मंडी शहर में ट्यूशन सेंटर में तीन छात्राओं से छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का मामला जैसे ही भड़का तो, आरोपी ट्यूटर जमानत लेने से ही पीछे हट गया और हाई कोर्ट में दायर याचिका वापस ले ली। डीएसपी हेडक्वार्टर मंडी देव राज ने सोमवार को कहा कि एक निजी ट्यूशन सेंटर में नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के फरार आरोपी ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी जिसे उसने अब वापस ले लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी।

डीएसपी मंडी देव राज ने कहा कि मंडी शहर में एक इंस्टीच्यूट के संचालक प्रांशुल सैणी के खिलाफ तीन नाबालिग छात्राओं ने महिला पुलिस थाना मंडी में छेड़छाड़ को लेकर एफआईआर दर्ज करवाई है। पहली एफआईआर आठ जनवरी को दर्ज हुई थी, जिसके बाद दूसरी दस जनवरी को और तीसरी 12 जनवरी को दर्ज हुई है। हालांकि




मामला काफी पुराना है और इस बात का पता तब चला, जब इन छात्राओं ने अपने साथ हुए घटनाक्रम का जिक्र परिजनों के साथ किया। उसके बाद परिजन महिला थाने पहुंचे और ट्यूशन सेंटर संचालक के खिलाफ मामले दर्ज करवाए।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

डीएसपी हेडक्वार्टर देव राज ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट और अन्य धाराओं के तहत तीन मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपी ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी, लेकिन उसे अब वापस ले लिया गया है। डीएसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर कुछ लोग यह भ्रांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि आरोपी को हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। आरोपी को जमानत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### उचित कार्रवाई के लिए डीएसपी को सौंपा ज्ञापन


आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपते स्माइल हिमाचल संस्था के पदाधिकारी।

**मंडी।** स्माइल हिमाचल संस्था, हिमाचल देव सेना और सोशल राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं ने सोमवार को मंडी में लड़कियों के साथ हुई छेड़छाड़ को लेकर डीएसपी मंडी को ज्ञापन सौंपा। निखिल वालिया ने कहा कि पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई अमल में लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए, ताकि हर बेटी अपने को मजबूर न समझे।

# 24 घंटे के भीतर पुलिस ने दबोचे शातिर चोर, बरामद किया सामान

## बंद पड़े पेट्रोल पंप से शातिरों ने उड़ाया था लाखों का सामान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

अर्की तहसील के अंतरगत चमाकड़ी गांव में एक बंद पड़े पेट्रोल पंप लाखों को रुपए का सामान चुराने वाले तीन युवकों को पुलिस ने चोरी के 24 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। चुराया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी के सामान को ठिकाने तक पहुंचाने में उपयोग में लाई गई पिकअप गाड़ी को भी जब्त किया है।

सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह चमाकड़ी निवासी दिनेश कमार ने दाड़लाघाट पुलिस थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 13 जनवरी की रात को शातिर चोरों ने उसके दो वर्षों से बंद पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ते हुए अंदर प्रवेश किया। चोरों ने ऑफिस के अंदर रखे एलईडी टीवी, आग बुझाने के यंत्र, वाटर कूलर, जेनरेटर की बैटरी, गाड़ी का टायर, यूपीएस तथा नौ लोहे की प्लेटें चुरा लीं। शिकायत पर दाड़लाघाट पुलिस थाने की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटों के भीतर तीन आरोपियों को अर्की के धुंधन गांव से हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपियों में अर्की के पसलवाला गांव निवासी 24 वर्षीय विनित कुमार, अर्की के ही जखोली गांव निवासी 21 वर्षीय ललित कुमार तथा शिमला के टूटी कंडी निवासी 19 वर्षीय जतिन शामिल हैं। उन्हें सोमवार को अदालत में पेश किया गया। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि चोरी के इन आरोपियों ने पेट्रोल पंप से सामान चुरा कर पिकअप संख्या (एचपी63ए-054) को भी जब्त कर लिया, जिसमें से चुराया गया समान भी बरामद कर लिया गया है ।



बंद पड़े पेट्रोल पंप से सामान चोरी करने के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

**तीनों आरोपियों में दो अर्की के और एक शिमला का रहने वाला**

# 108 एंबुलेंस का टायर फटने से खतरे में पड़ी मरीज की जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

बसाल से मरीज को सोलन अस्पताल ले जा रही 108 एंबुलेंस का चंबाघाट में टायर फट गया। इससे मरीज की जिंदगी खतरे में पड़ गई। गनीमत रही की एंबुलेंस टायर फटने के बाद पलटी नहीं, अन्यथा खासा नुकसान हो सकता था। इस दौरान मरीज भी तड़पता रहा। हालांकि 20 मिनट के बाद मरीज को दूसरी एंबुलेंस में शिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया।



टायर फटने के बाद खड़ी एंबुलेंस।

जानकारी के मुताबिक एंबुलेंस सोलन से पांच किलोमीटर दूर बसाल से मरीज को लाने गई थी। कुछ समय से 108 एंबुलेंस की खामियां उजागर हो रही हैं। बावजूद इसके एंबुलेंस के वाहनों की हालत नहीं सुधारी जा रही है। वहीं, 108 के जिला प्रभारी अंशुल शर्मा ने बताया कि सभी एंबुलेंस वाहन सही हालात में है। टायर नियमित रूप से बदले जाते हैं।

# राजगढ़ के दाहन गांव में आग से मकान स्वाह

## डेढ़ लाख की नकदी और हजारों का सामान भी जला, घटना के समय घर पर नहीं था परिवार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ उपमंडल के अंतर्गत दाहन पंचायत के सवाणा गांव में सोमवार को जबर सिंह के रिहायशी मकान में आग लग गई, जिसके कारण मकान में रखा सारा समान जल कर राख हो गया। इस अग्निकांड में मकान स्वामी को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। घर में रखी डेढ़ लाख की नकदी में आग में जलकर स्वाह हो गई। आग में जो समान जल कर राख हुआ, उसमें घर अंदर रखी डेढ़ लाख की नकदी, 15 हजार कीमत का बेड़ बॉक्स एक जोड़ा, 40 हजार कीमत की सोने की अंगूठी, 14 हजार के रजाई गद्दे, 14 हजार के दो स्टील बॉक्स, 18 हजार की अलमारी आदि शामिल हैं। रिहायशी मकान की कीमत राजस्व विभाग द्वारा चार लाख रुपए आंकी गई है।

आग की सूचना पाते ही गांव वालों ने आग पर काबू पाने का कार्य शुरू कर दिया। मगर तब तक देर हो चुकी थी। जबर सिंह ने बताया कि रविवार शाम वह अपनी पत्नी सहित रिश्तेदारी के घर गए थे तथा उनके दो बच्चे अपने चाचा के घर गए थे। घर पर ताले लगे हुए थे।

सोमवार सुबह जब उनके बच्चे घर आए तो उन्होंने देखा कि घर में आग लगी हुई है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। उपपुलिस अधीक्षक अरुण मोदी के अनुसार पुलिस मौके पर मामले की छानबीन कर रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने की प्रयास कर रही है।


आगजनी में जला हुआ सामान।

# महाराष्ट्र में हिमाचल के सिड्डू व कचौरी की महक



राष्ट्रीय युवा महोत्सव नासिक महाराष्ट्र में सिड्डू की तस्वीर खींचते ग्राहक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राष्ट्रीय युवा महोत्सव नासिक महाराष्ट्र में नेहरू युवा केंद्र मंडी के चार युवा मंडी के प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद चखा रहे हैं। मारुति युवा मंडल प्रधान व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी सचिन सकलानी प्रदुमन कुमार, अजय गर्ग, लक्की, 27 वें पांच दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

सचिन सकलानी ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देना हैं। सिड्डू और कचौरी को लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नासिक में आपकी सेहत व स्वाद दोनों का ख्याल रखने वाले पहाड़ी सिड्डू की भारी मांग है। अखरोट व पोस्त सहित अन्य चीजों के सिड्डू व कचौरी को खाकर लोग चटकारे लें रहे हैं। उनका कहना है कि यदि उन्हें सरकार इस तरह के मंच प्रदान करवाए, तो हिमाचली सिड्डू, बड़े व्यंजनों को टक्कर दे सकता है। नासिक में लोगों के लिए सिड्डू एकदम नया व्यंजन है।

**फैसला** प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा पारित निर्णय पर सर्वोच्च न्यायालय की मुहर

# न्यायालय के विभिन्न निर्णयों पर आधारित राज्य मुकदमा नीति, 2011 की अनुपालना सुनिश्चित करें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा पारित निर्णय पर सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी मुहर लगा दी, जिसके तहत प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यह सलाह दी थी कि वह न्यायालय के विभिन्न निर्णयों में पर आधारित राज्य मुकदमा नीति, 2011 की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करें, ताकि राज्य सरकार की ओर से दायर आधारहीन मामलों का डॉकेट विस्फोट न हो।


न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए निर्णय की प्रतिलिपि प्रदेश के मुख्य सचिव को भी भेजने के आदेश जारी किए थे, ताकि राज्य सरकार की ओर से गुणवत्ता हीन अपीलें दायर कर कर्मचारियों को बेवजह तंग न किया जाए और सरकारी धन का दुरुपयोग न हो। कोर्ट ने कहा है कि जिन मामलों में कानून पहले ही सेटल हो चुका है, उनमें राज्य सरकार अपील दाखिल करने की बजाय बराबर तरीके से उन सभी कर्मचारियों के लिए लागू करें, जिनके मामले सेटल्ड कानून के दायरे में आते हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार की ओर से इस तरह की अपील दाखिल करने से कोर्ट का ही समय बर्बाद नहीं होता, बल्कि कर्मचारीगण जिसको कानून के तहत लाभ मिलना होता है, उन्हें उस लाभ को मिलने में काफी देरी हो जाती है। प्रतिवादी याचिकाकर्ता को वर्ष 1993 में दैनिक वेतन भोगी 'बेलदार' के रूप में नियुक्त किया गया था और एकल पीठ द्वारा पारित निर्णय के संदर्भ में आठ साल का कार्यकाल पूरा करने पर 01.01.2001 से नियमितीकरण का लाभ देने का निर्णय पारित किया था। राज्य सरकार ने एकमात्र आधार पर अपील दायर की थी कि मूल राज उपाध्याय मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले के अनुसार वह वर्ष 2000 तक दस साल की निरंतर सेवा पूरी नहीं करता था।

अपील में पारित निर्णय में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने स्पष्ट किया था कि मूल राज उपाध्याय का निर्णय राज्य सरकार की नीति पर आधारित था, जिसने नियमितीकरण के अधिकार के लिए दस साल की सेवा निर्धारित की थी और बाद में सरकार ने ही वर्ष 2000 में एक और नीति जारी कर सेवा की अवधि घटाकर आठ वर्ष कर दी थी और प्रदेश उच्च न्यायालय अनेक मामलों में राज्य सरकार को इस नीति के मुताबिक सैकड़ों कर्मियों की सेवाओं को नियमित करने के निर्णय पारित कर चुका है। उल्लखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय हाई कोर्ट के दशक पहले राकेश कुमार, ज्ञान सिंह व माठू राम जैसे अनेक मामलों में पारित निर्णयों पर अपनी मुहर भी लगा चुका है। अब हाल ही में सूरजमणि मामले में हाई कोर्ट ने सैकड़ों मामलों में कानूनी प्रावधानों की बारीकी से जांच कर दिहाड़ीदारों को आठ साल के कार्यकाल पर पक्का करने का फैसला सुनाया है, परंतु लिटिगेशन पॉलिसी को दरकिनार करते हुए फिर से क्लास फोर कर्मियों को सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में घसीटने का प्रयास हो रहा है। इन हालातों में राज्य मुकदमा नीति, 2011 के प्रावधानों को लागू न करना अपने आप मे राज्य सरकार की कार्य प्रणाली पर पश्न चिन्ह लगाता है।

# चरस रखने के आरोपियों को 12-12 वर्ष का कठोर कारावास

**सजा के साथ अदा करना पड़ेगा एक लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने चरस रखने के दो आरोपियों को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि पांच फरवरी, 2021 को अन्वेक्षण अधिकारी मुख्य आरक्षी अजय कुमार पुलिस थाना पधर अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे।

इसी दौरान बो न्यू पंजाबी रसोई कुफरधार में मौजूद नाकाबंदी और ट्रैफिक चेकिंग के दौरान टीक्कन की तरफ से आ रही कार नंबर (एचपी 76-1017) को चेकिंग के लिए रोका गया, तो गाड़ी में ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति बैठा था, जिनकी तलाशी लेने पर बैग से 2.556 किलोग्राम चरस बरामद हुई थी, जिस पर पुलिस थाना पद्धर में मामला दर्ज हुआ था। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राकेश कुमार पुत्र वरतु राम निवासी छोट्टी झारवाड और दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम पवन कुमार पुत्र जय सिंह निवासी बजोट बताया था। अभियोजन पक्ष ने अदालत इस मामले में 13 गवाहों के बयान कलमबद्ध करवाए थे। इस मामले में सरकार की पैरवी जिला न्यायवादी विनोद भारद्वाज द्वारा की गई। अभियोजन एवं बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने राकेश कुमार और पवन कुमार को 2.556 किलोग्राम चरम रखने के अपराध में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत 12 वर्ष (प्रत्येक) के कठोर कारावास और एक लाख 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषियों को 14 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भी सुनाई।

### संजीवनी ले जा रहे पवन पुत्र का पैर टकराया था कसौली की इस चोटी पर, बंदरों की फौज से होता है मंकी प्वाइंट पर आने वाले भक्तों का सामना

# संजीवनी हनुमान मंदिर में है संकट मोचन के पैर का निशान

**तेजपाल नेगी, सोलन**


भगवान राम कथा में प्रत्यक्ष रूप में तो हिमाचल कहीं नजर नहीं आता, लेकिन श्रीराम कथा के कुछ घटनाक्रमों में हिमाचल के जुड़े होने की कहानियां प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कहानी है कसौली क्षेत्र की सबसे ऊंची और खूबसूरत पहाड़ी से जुड़ी हुई। यहां भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान का मंदिर और उसमें उभरे चरण चिन्ह को पवन पुत्र के पैर का निशान माना जाता है। हरियाली से लकदक यह पहाड़ी किसी पैर के निशान की तरह ही दिखाई पड़ती है।

इस खूबसूरत पहाड़ी का नाम है मंकी प्वाइंट। किवदंती के अनुसार राम व रावण सेना के युद्ध के समय जब रावण के पुत्र मेघनाद यानी इंद्रजीत के मुकाबला श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण से हुआ तो मेघनाद ने लक्ष्मण पर शक्ति का प्रयोग करके उन्हें मूर्छित कर दिया। जब सुषेण वैद्य ने श्रीराम से संजीवनी बूटी से लक्ष्मण को पुनर्जीवित करने की बात कही तो राम का इशारा पाकर पवन पुत्र हनुमान वैद्य द्वारा बताए गए हिमालय पर्वत की दिशा में उड़ गए। निश्चित जगह पर हनुमान को पूरे पहाड़ पर ही जड़ी बूटियों का भंडार मिला, लेकिन इनमें से संजीवनी बूटी कौन सी है वे इसे पहचान नहीं सके। इस पर हनुमान ने पूरा पर्वत ही उखाड़ लिया और कंधे पर रखकर उड़ चले।

इसी दौरान कसौली की सबसे ऊंची चोटी से हनुमान जी का पैर टकरा गया, जिससे पर्वत पर हनुमान जी के पैर का निशान छप गया। बाद में यहां पहाड़ की चोटी पर हनुमान जी का एक मंदिर स्थापित किया गया। इस मंदिर में भी श्री हनुमान जी के पैर के निशानों की छाप देखी जा सकती है। इस पहाड़ी का नाम मंकी प्वाइंट रखा गया है। इस पहाड़ी पर हजारों बंदरों की सेना किसी भी वक्त घूमते देखी जा सकती हैं। नटखट बंदर मंदिर में जाने वाले भक्तों के साथ खूब शरारत करते हैं, लेकिन किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते। यह अलग बात है कि मंदिर में जाने वाले लोग बंदरों से डरे रहते हैं।

### यहां बंदरों के लिए खाद्य पदार्थ ले जाने की मनाही

**कसौली** में चर्च से लेकर मंकी प्वाइंट तक करीब साढ़े चार किलोमीटर सड़क है। इसमें अधिकतर सड़क वायु सेना के अधिकार क्षेत्र में आती है। सड़क पर लोगों से बंदरों को कुछ खाने पीने को न देने और अपने साथ खाद्य पदार्थ मंदिर तक न ले जाने की सलाह के बोर्ड लगे दिखाई पड़ जाते हैं। हालांकि देखरेख के अभाव में अब इस सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे पड़ गए हैं।


मंकी प्वाइंट पर स्थित श्री हनुमान मंदिर


हनुमान मंदिर परिसर का नजारा



### यहां से दिखता है चंडीगढ़ का मनमोहक दृश्य

**तारों** भरी और साफ रात में, मंकी प्वाइंट से चंडीगढ़ का मनमोहक दृश्य दिखाई देता है। मंकी प्वाइंट इस बिंदु से आसपास के शहरों चंडीगढ़, कालका, पंचकूला और सतलुज नदी का विहंगम दृश्य प्रस्तुत करता है। आसमान साफ होने पर पर्यटक निचले हिमालय क्षेत्र की सबसे ऊंची चोटी 'चूड़ चांदनी' की बर्फ से ढकी चोटी भी देख सकते हैं।

## नो योर आर्मी


फोटो: प्रदीप कुमार


सेना दिवस पर अन्नाडेल ग्राउंड में आयोजित नो योर आर्मी मेले के दौरान दक्षिण भारत की युद्ध कला कालरिपयटु का प्रदर्शन करते मद्रास रेजिमेंट के जवान।

# राज्य की चारों लोकसभा सीटें जीतने के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति

### ऊना में हुई पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की बैठक में शिमला और मंडी संसदीय सीट पर हुआ मंथन

**अरविंद शर्मा, शिमला**



देश के तीन राज्यों में हाल ही में चुनाव जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीटों को फिर से हासिल करने के लिए प्रत्येक मतदाता से संपर्क करने के लिए अपनी रणनीति और आउटरीच कार्यक्रम को नया रूप दिया है। भाजपा द्वारा शिमला और मंडी लोकसभा सीटों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जो पूरे देश में पार्टी द्वारा पहचानी गई 160 कमजोर सीटों में से एक है।

भाजपा ने अपने कमजोर क्षेत्रों में जोर लगाने की योजना पर विचार-विमर्श किया और लोकसभा आम चुनावों में 50 प्रतिशत वोट हासिल करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बड़े पैमाने पर जनता को एकजुट करने की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। भाजपा के शीर्ष स्तर पर लिया गया। ऊना में पीतल की बैठक कोर समूहों की बैठक से एक दिन पहले, राज्य के भाजपा के अग्रणी नेताओं ने हिमाचल में मतदाताओं को एकजुट करने के लिए दोनों संगठनों के बीच समन्वय योजनाओं को तैयार करने के लिए चंडीगढ़ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। पार्टी ने शीर्ष नेतृत्व ने राज्य में अपनी कमजोरी को देखते हुए अपने दो केंद्रीय मंत्रियों को तैनात किया है, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख लक्ष्मणभाई मंडाविया मंडी की देखरेख करेंगे, जबकि केंद्रीय राज्य और उद्योग मंत्री सोम प्रकाश शिमला संसदीय खेत्र की नब्ज भी टटोलेंगे। शिमला संददीय क्षेत्रों में अधिकांश सीटों पर कांग्रेस विद्यमान है। ऐसे में पार्टी द्वारा इन क्षेत्रों में 50 प्रतिशत वोट हासिल करना किसी चुनौति से कम नहीं है। केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार होते हुए भी बीते वर्ष हुए चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा के चारों खाने चित कर दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश शिमला संसदीय क्षेत्र में बहुमत हासिल करने के लिए क्या तौर तरीके अपनाते हैं। वहीं, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भी कांग्रेस के पास भाजपा से ज्यादा विधायक हैं। ऐसे में केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के लिए यह चुनाव किसी चुनौति से कम नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस के लिए भी आसान नहीं होगा लोकसभा चुनाव

**कांग्रेस** को कुल पड़े वोटों में से 18,52,504 (43.9:) वोट मिले, जबकि बीजेपी को 18,14,530 (43 प्रतिशत) वोट मिले, यानी सिर्फ 37,974 वोटों के अंतर से 15 सीटें मिलीं। यह पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की जीत के अंतर से कम था, जिन्होंने मंडी जिले के सराज से 38,183 वोटों से जीत हासिल की थी। जयराम ठाकुर मंडी से पार्टी की स्पष्ट पसंद हो सकते हैं, कुछ अन्य नाम चर्चा में हैं, पार्टी प्रवक्ता अजय राणा भी दावेदार हैं। कांग्रेस पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह वर्तमान में मंडी से लोकसभा सदस्य हैं।

### कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में विकल्पों पर भाजपा ने किया विचार

**कांगड़ा** संसदीय क्षेत्र से अपने विकल्पों पर भी भाजपा ने विचार किया। अभी तक राज्यसभा सदस्य इंदु गोस्वामी, पार्टी महासचिव त्रिलोक कपूर और पूर्व मंत्री राकेश पठानिया के नाम चर्चा में थे। पार्टी गद्दी, ब्राह्मण या प्रमुख राजपूत समुदाय से किसी उम्मीदवार को मैदान में उतार सकती है। बीजेपी ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए लोगों को जुटाने पर भी विचार-विमर्श किया।

### विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जीती 40 सीटें

**वर्ष-2022** में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में प्रदेश की 68 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत हासिल करते हुए 40 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा को 25 सीटें मिलीं। शेष तीन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। कांग्रेस पार्टी ने जिन 40 सीटों पर जीत हासिल की, उनमें से 15 सीटों पर उसके उम्मीदवारों की जीत का अंतर 2,000 से भी कम था। भोरंज, सुजानपुर, दरांग, बिलासपुर, श्री नयना देवी, रामपुर, शिलाई और श्रीरेणुकाजी में दोनों दलों के उम्मीदवारों को मिले वोटों का अंतर 1,000 से कम वोटों का था। मामूली अंतर इस तथ्य से भी स्पष्ट था कि हालांकि कांग्रेस ने भाजपा से 15 सीटें अधिक हासिल कीं, लेकिन वोट शेयर में अंतर केवल 0.90 प्रतिशत था।

### कंगना रणौत के नाम पर भी चर्चा

**बॉलीवुड** की मशहूर अभिनेत्री कंगना रनौत ने पिछले महीने नड्डा से मुलाकात की थी, जिससे राज्य भर के राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई थी। कंगना मूल रूप से मंडी जिले के भांबला गांव की रहने वाली हैं, लेकिन अब पर्यटन नगरी मनाली में बस गई हैं। शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने वर्तमान लोकसभा सदस्य सुरेश कश्यप पर अपने विकल्पों पर विचार किया, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजीव सैजल के बीच पूर्व लोकसभा सदस्य वीरेंद्र कश्यप हैं। सुत्र बता रहे हैं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर पार्टी की स्पष्ट पसंद हैं, जबकि कांग्रेस अभी भी उम्मीदवारों की तलाश कर रही है।

# किसी मंत्री से कम नहीं हैं राजेंद्र राणा

### सुधीर शर्मा बोले- बड़ी से बड़ी ताकत से भी टकराने से नहीं डरे सुजानपुर के विधायक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर में आयोजित सेना दिवस के कार्यक्रम में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि सुजानपुर के मौजूदा विधायक राजेंद्र राणा किसी मंत्री से कम नहीं हैं। अपने क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने इतना काम किया है कि इतना तो कोई मंत्री भी यहां रहते हुए नहीं करवा पाया होगा।

सुधीर ने कहा कि कई लोग इस उम्मीद में लगे हुए हैं कि उन्हें मंत्री पद मिल जाए, लेकिन राजेंद्र राणा ने मंत्री न होते हुए भी बतौर विधायक क्षेत्र के विकास में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। विपरीत परिस्थितियों में चुनाव लड़े और जीत कर दिखाया। बड़ी से बड़ी ताकत से टकराने से भी राणा कभी नहीं डरे। उन्होंने कहा कि सुजानपुर के लोग भाग्यशाली हैं कि उन्हें राजेंद्र राणा जैसा विधायक मिला है। विधायक राजेंद्र राणा ने इस मौके पर कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में हिमाचल के सैनिकों का हमेशा से एक बहुत बड़ा योगदान रहा है। हर युद्ध में यहां के सैनिकों ने अपना कौशल दिखाया है और वीरता की गाथा लिखी है। सैनिकों के बलिदानों को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अग्निवीर भर्ती को तुरंत बंद करें और पुराने तरीके से ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि पूर्व सैनिकों की तरह उन लोगों को भी पेंशन मिले। युवा नेता अभिषेक राणा ने कहा कि हिमाचल के जांबाज सैनिकों ने देश के हर युद्ध के समय अपना कौशल दिखाया है। कार्यक्रम में भारतीय सेना द्वारा वीर चक्र और अन्य बहादुरी पुरस्कारों से सम्मानित कई एक्स सर्विसमैन सैनिकों को सम्मानित किया।


सेना दिवस के कार्यक्रम में भाग लेते विधायक राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा व अन्य पदाधिकारी।

### कार्यक्रम में इन्हें मिला सम्मान

**वीणा** देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय कर्नल भीकम सिंह, अजय कुमार पुत्र कर्नल पंजाब सिंह, कर्नल कुलदीप डोगरा, कैप्टन निर्मल सिंह, कैप्टन ज्योति प्रकाश, कैप्टन रंजीत सिंह राणा, सूबेदार प्रेमलाल चंदेल, कैप्टन प्रभात चंद, हवलदार राकेश चंदेल, हवलदार प्रकाश सायदल, हवलदार बंटी कुमार, एनके सुरेंद्र कुमार राणा, एसपीओ बलदेव सिंह, एनबी सूबेदार प्रेम, डी वाई एस पी विजय कुमार, कैप्टन मदन लाल को संस्था ने सम्मानित किया।

## कुल्लू की शालिनी और पंकज ने गोवा में पर्पल फेस्ट में लिया भाग

**कुल्लू।** शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति की दिव्यांगता को नजरअंदाज कर काबिलियत को देखते हुए समाज में समान स्थान मिले इसी विषय पर आधारित इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट 2024 में भाग लेकर पंकज ठाकुर वापस कुल्लू पहुंच गए हैं। पंकज ठाकुर स्वयं दृष्टि बाधित हैं और लाहौल-स्पीति के शकोली गावं से संबंध रखते हैं। नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड हिमाचल प्रदेश शाखा के संरक्षक पंकज ठाकुर ने अभी हाल ही में आठ लेकर 13 जनवरी तक गोवा में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले समारोह इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट 2024 में भाग लिया तथा जहां पर देश विदेश से आए दिव्यांग 22 पर्पल एंबेसेडर एक साथ शामिल हुए थे जहां पर 21 विभिन्न तरह के शारीरिक दिव्यांगता से ग्रस्त लोगों की समस्याओं और समाधान के बारे में भी करीब से जाना। इस दौरान पंकज ठाकुर के साथ नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, हिमाचल प्रदेश शाखा की समर्पित सचिव शालिनी वत्स किमटा भी विशेष रूप से उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में पंकज ठाकुर की उपस्थिति दृष्टिबाधित व्यक्तियों की वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने की प्रतिबद्धता और क्षमताओं का प्रतीक रहा, जबकि इसी तरह से शालिनी वत्स किमटा, जो कि एनएबी हिमाचल प्रदेश शाखा के सचिव के रूप में भूमिका दृष्टिबाधित व्यक्तियों के अधिकारों और समावेशन की वकालत करने का प्रयास करती हैं।



## एचपीटीडीसी के होटलों में पर्यटकों को मिलेगी मुफ्त चार्जिंग स्टेशन की सुविधा

**सोलन।** हिमाचल पर्यटन विकास निगम के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने शुक्रवार को सोलन के समीप बड़ोग में स्थित पर्यटन विकास निगम के होटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम के होटल में व्यवस्थाएं जांचीं। एमडी राजीव कुमार ने बताया कि इस दौरान होटल में लगभग सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। उन्होंने विभाग के एक्सईएन को कर्मचारी आवास के रिपेयर वर्क के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दे दिए हैं। इसके अलावा होटल के कमरों, रसोई घर सहित अन्य स्थानों पर व्यवथाएं सही मिलीं। राजीव कुमार ने कहा की दो माह के अंदर एचपीटीडीसी के सभी होटलों में पर्यटकों को गाड़ियां चार्ज करने के लिए मुफ्त चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दिशा में विभाग कार्य कर रहा है। सोलन और शिमला जिला में स्थित कुछ होटलों में चार्जिंग स्टेशन बन गए हैं और कुछ में कार्य जारी हैं।

## एक लाख सरकारी नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार अब अपने वादे से पलटी: महेंद्र धर्माणी

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा स्कूलों और कॉलेजों में भर्ती किए जा रहे गेस्ट टीचर भर्ती को लेकर अब सियासी घमासान शुरू हो गया है। पहले जहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा इस भर्ती को लेकर एतराज जताया गया, वहीं अब भारतीय जनता पार्टी ने भी गेस्ट टीचर भर्ती को युवाओं के साथ धोखा करार दिया है। भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि गेस्ट टीचर भर्ती युवाओं की प्रतिभा का अपमान है, जिससे होनहार युवाओं की प्रतिभा का भी अपमान होगा। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता महेंद्र घर्माणी ने सरकार पर आरोप लगाया है कि एक साल में एक लाख नौकरी देने की गारंटी के साथ सत्ता में आई सुक्खू सरकार आज अपने चहेतों को लाभ देने के लिए इस प्रकार की योजनाओं लाकर युवाओं को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चयन बोर्ड को बंद करके मैरिट को दरकिनार कर आज सरकार गेस्ट टीचर भर्ती के माध्यम से युवाओं को 200-300 रुपए प्रति पीरियड मानदेय देकर युवाओं की डिग्री व उपाधि का अपमान कर रही है। सरकार युवाओं की बेरोजगारी और उनकी मजबूरी का लाभ उठा कर इसी योजनाओं के माध्यम से उनका शोषण करने का प्रयास करना चाहती है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनाने से पहले रोजगार के नए अवसर पैदा करने व पद सृजित करने का वादा भी किया था, परंतु आज हाल यह है कि खाली पड़े पदों को आजतक सरकार भर नहीं पाई उल्टा चोर दरवाजे से भर्ती कर बेरोजगारों को ठग रही है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि सरकार अपनी गारंटियों का खुलासा करे और यह बताए कि पहली कैबिनेट में जो एक लाख नौकरियां देनी थीं, उनका क्या हुआ।

## इंटर्नशिप और पलेसमेंट के लिए निदेशालय स्तर पर बनाया जाएगा समर्पित सैल: राजेश धर्माणी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने शिमला में आयोजित तकनीकी शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय और हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए तकनीकी संस्थानों की कार्य प्रणाली की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एचपीकेबीएन को कार्यान्वित की जा रही सभी परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा संस्थानों में प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान की जाए तथा इसमें मशीनरी और उपकरणों के उत्तम उपयोग का समावेश भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नवीन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। राजेश धर्माणी ने निदेशालय स्तर पर इंटर्नशिप और पलेसमेंट के लिए एक समर्पित सैल स्थापित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नवीन प्रौद्योगिकी आधारित तकनीकी पाठ्यक्रमों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सभी पाठ्यक्रमों की नियमित रूप से समीक्षा की जानी चाहिए। निदेशक तकनीकी शिक्षा अक्षय सूद ने विभिन्न तकनीकी संस्थानों में चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**फरियाद** बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार, युवाओं ने कुंजुम टॉप पहुंचकर की पूजा-अर्चना

# कुंजुम माता सुनो पुकार ! बर्फ की दरकार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

हे कुंजुम माता! इस बार जिला में अभी तक बर्फबारी नहीं हो रही है, सभी लोग परेशान हैं। जिलावासियों की ओर से हम सभी युवा आपके दरबार पहुंचे हैं, हमारी पुकार सुनो मां। यह प्रार्थना जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के लोसर पंचायत के युवाओं ने 14,931 फुट ऊंचे कुंजुम दर्रा में पहुंचकर कुंजुम माता से की है। स्पीति की लोसर पंचायत के ग्रामीण बर्फ की फरियाद लेकर समुद्रतल से 14,931 फुट ऊंचे दर्रा पर स्थित माता कुंजम के दरबार में पहुंचे। ग्रामीणों ने यहां माता कुंजम से बर्फबारी को लेकर सामूहिक प्रार्थना की। गौर रहे कि इस बार बर्फबारी न होने से जहां लाहौल-स्पीति जिले के लोग परेशान हैं और फसलों को हो रहे नुकसान और जलसंकट को लेकर चिंतित हैं। वहीं, बर्फबारी न होने से कुल्लू व जिला लाहौल-स्पीति के विभिन्न पर्यटन स्थलों में भी वीरानगी छाई हुई है। ऐसे में अब लोग बर्फ के लिए देवी देवताओं की शरण में पहुंच रहे हैं।

घाटी में पहले की सिंचाई और पेयजल के लिए पानी की किल्लत है। सर्दियों में पड़ने वाली बर्फबारी के भरोसे यहां के पेयजल स्त्रोत रिचार्ज होते हैं, लेकिन अभी तक बर्फबारी नहीं होने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। लोगों ने माता कुंजुम के दरबार मे बर्फबारी के लिए पूजा-अर्चना के साथ प्रार्थना भी की है। उधर, काजा में तैनात नायब तहसीलदार प्रेम सिंह बताया कि लोसर पंचायत के ग्रामीणों ने कुंजम दर्रा पहुंच कर माता के दरबार में बर्फबारी के लिए विशेष पूजा-अर्चना के साथ सामूहिक प्रार्थना की है। बता दें कि स्पीति में अभी तक पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने से घाटी में सिंचाई और पेयजल के लिए पानी का संकट उत्पन्न हो सकता है। वहीं, स्पीति के विभिन्न क्षेत्रों के लोग बर्फबारी के लिए बौद्ध मठों का भी रुख कर बर्फबारी के लिए पूजा कर रहे हैं, जिनमें स्पीति का विख्यात कीह गोंपा भी शामिल है। लोसर की जिला परिषद सदस्य पूनम व रंगरिक गांव की तंजिन रिंग्जिन ने बताया कि स्पीति घाटी में बर्फबारी हो इसी उम्मीद में दर्जनों ग्रामीणों ने माता कुंजुम के दरबार में पूजा-अर्चना की जिसे स्पीति की स्थानीय बोली में सुंगसोल भी कहा जाता है। इस दौरान बौद्ध भिक्षु ने करीब एक घंटे तक माता की पूजा कर घाटी में बर्फबारी के लिए प्रार्थना की। (अनंत ज्ञान)


ग्रामीणों ने माता कुंजम से बर्फबारी को लेकर सामूहिक प्रार्थना की।

### 14,931 फुट ऊंचा पहाड़ी दर्रा

**कुंजुम** ला (दर्रा) की ऊंचाई 14,931 फुट है। यह दर्रा लाहौल घाटी और स्पीति घाटी को जोड़ता है। यह लाहौल के ग्राम्फू से स्पीति के उपमंडल मुख्यालय काजा तक के मार्ग पर है। कुंजुम दर्रा मनाली से 122 किमी (76 मील) और काजा से 79 किमी (49 मील) दूर है। कुंजुम माता यहां की अधिष्ठात्री देवी हैं। यह दर्रा मई-जून में ही यातायात के लिए खुलता है।

### मंत्रियों की मुख्यमंत्री से नाराजगी को लेकर लोक निर्माण मंत्री ने चुप्पी तोड़ी

# किसे कौन सा पोर्टफोलियो देना यह मुख्यमंत्री का अधिकार: विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल के तीन मंत्रियों के पोर्टफोलियो छीने जाने के बाद मुख्यमंत्री से नाराजगी को लेकर लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि वह किसी से भी नाराज नहीं हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता हैं और ऐसे में मुख्यमंत्री द्वारा कौन सा विभाग देना या लेना है, यह उनका विशेषाधिकार होता है।

उन्होंने कहा कि वह कैबिनेट स्टेटस का तमगा लगाने वालों में से नहीं हैं। उनके लिए ये चीजें मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई, उन्होंने बेहतर ढंग से निभाने का प्रयास किया, जिन मंत्री को अब खेल मंत्रालय दिया गया है, उनके साथ बैठ कर खिलाड़ियों के उत्थान के लिए काम करुंगा। जो सहयोग बन पाएंगा, वो दूंगा।

मंडी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें शिमला ग्रामीण की जनता ने जनादेश दिया है। उनका चुनाव लड़ने का कोई विचार नहीं है। फिर भी जो आदेश हाई कमान का होगा, उसका पालन होगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्ष 2022 में हाई कमान ने उन्हें पहली बार का विधायक होने के बाद भी स्टार कैंपेनर बनाया। उन्होंने 18 विस क्षेत्रों में जाकर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 का पूरा चुनाव वीरभद्र सिंह के नाम पर लड़ा गया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान हर बैनर, इश्तिहार, पैंपलेट पर वीरभद्र सिंह की फोटो लगी थी। विक्रमादित्य ने कहा कि 18 विधानसभा हल्कों में जाकर बतौर स्टार कैंपेनर उन्होंने चुनावी जनसभाएं कीं।

### अयोध्या जाने को इनकार नहीं

**लोक** निर्माण मंत्री ने कहा कि वह अयोध्या जाएंगे, जब भी उन्हें वक्त लगेगा रामलला के दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाई कमान ने भी किसी को अयोध्या जाने के लिए इनकार नहीं किया। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर वह जनता के बीच जाएंगे और जनता को बताएंगे कि राज्य सरकार ने केंद्र की मदद के बगैर 4500 करोड़ रुपए का स्पेशल पैकेज लगाया। केंद्र सरकार ने आपदा में भी हिमाचल का सहयोग नहीं किया।

### राम मंदिर को लेकर राजनीति कर रही भाजपा

**विक्रमादित्य** सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर बीजेपी राजनीति कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1989 में रामलला के मंदिर के ताले तोड़कर खोलने का निर्णय लिया था। इसलिए कांग्रेस को भारतीय जनता पार्टी या इनके संगठनों से हिंदू होने के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है।









सेना दिवस पर अन्नाडेल ग्राउंड में आयोजित 'नो योर आर्मी' मेले के दौरान मद्रास रेजिमेंट के जवान (मध्य) सेना दिवस पर मेले का शुभारंभ करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल (दाएं) 'नो योर आर्मी' मेले के दौरान गतका प्रदर्शन करते सिख रेजिमेंट के जवान। (फोटो-प्रदीप कुमार)

# जवानों ने साहसिक गतिविधियों का किया प्रदर्शन

## भारतीय सेना ने मनाया 76वां स्थापना दिवस, वीर सैनिक राष्ट्र की सुरक्षा के लिए पूरी सजगता के साथ कर्तव्य का करते हैं निर्वहन: राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय सेना आज अपना 76वां स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर शिमला के अन्नाडेल आर्मी ग्राउंड में शिमला आर्मी ट्रेनिंग कमांड की ओर से नो योर आर्मी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सेवा के जवानों ने साहसिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब हम भारतीय सेना के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, अटूट प्रतिबद्धता और सर्वोच्च बलिदान को



सेना दिवस पर अन्नाडेल ग्राउंड में आयोजित नो योर आर्मी मेले के दौरान सेना के जवानों के साथ सामूहिक चित्र में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

स्मरण करते हैं। यह उन बहादुर सैनिकों को सम्मानित करने का दिन है, जो साहस, समर्पण और निस्वार्थता के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। वीर सैनिक राष्ट्र और नागरिकों की सुरक्षा के लिए विपरीत परिस्थितियों के बावजूद निरंतर अपने कर्तव्य का निर्वहन सुनिश्चित करते हैं। हमारे सशस्त्र बलों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। वह बाहरी खतरों से राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने से लेकर देश के भीतर आपदा राहत कार्यों का भी बखूबी निर्वहन करते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में सेना के प्रति सम्मान बढ़ेगा और युवा पीढ़ी में भारतीय सेना में शामिल होने के लिए और अधिक उत्साह पैदा होगा।

लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। इस अवसर पर भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, पूर्व सैनिक और उनके परिवार के सदस्य, एनसीसी कैडेट और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने सेना के जवानों को किया सम्मानित

सेना दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने सेना के जवानों को उनके द्वारा की गई विभिन्न साहसी गतिविधियों के लिए सम्मान्नित किया। इस मौके पर आर्मी ट्रेनिंग कमांड (आरट्रैक) शिमला के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया। इससे पहले, राज्यपाल ने मद्रास रेजिमेंट की कलारीपयट्टू टीम के मार्शल आर्ट प्रदर्शन, आर्मी डॉग स्कावड शो, गतका टीम और पाइप बैंड का प्रदर्शन भी देखा। इसके उपरांत राज्यपाल ने आर्मी हेरिटेज म्यूजियम का भी दौरा किया।

### यूपी के लखनऊ में बड़े कार्यक्रम का आयोजन

वहीं, इस मौके पर शिमला सेना प्रशिक्षण कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने बताया कि सेना दिवस के मौके पर यूपी के लखनऊ में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिमला में भी नो योर आर्मी कार्यक्रम के माध्यम से सेना के बारे में जानकारी दी गई है।

## डीसी ने छह पटवार भवनों का किया लोकार्पण

**शिमला।** उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने सोमवार को चौपाल उपमंडल में 33 लाख रुपए से निर्मित पंचायत सामुदायिक भवन (पंचायत घर) खगना का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पटवार खाना भवन देवत, तहसील चौपाल, शिमला के कार्यालय एवं आवास का लोकार्पण भौतिक रूप से मुकाम देवत में किया।

उपायुक्त ने राजस्व विभाग के सौजन्य से छह पटवार वृत के पटवार भवन, पटवार वृत देवत, पटवार वृत रुस्लाह, पटवार वृत टिककरी, पटवार वृत सरी, पटवार वृत किरण, पटवार वृत पोडिया का लोकार्पण किया। पटवार खाना भवनों के निर्माण हेतु राशि राजस्व निदेशालय की ओर से स्वीकृत तथा उपायुक्त के माध्यम से प्राप्त 12 लाख रुपए प्रति पटवार खाना भवन में दो मंजिला भवन तैयार किए गए हैं।

# सड़क सुरक्षा के लिए स्वयंसेवियों ने किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत राजधानी शिमला की सड़कों पर लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए स्वयंसेवी जागरूक कर रहे हैं।

माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत किए गए युवाओं को सड़क सुरक्षा स्वयंसेवी यातायात पुलिस विभाग शिमला की ओर से सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन संबंधित जानकारियां प्रदान की जा रही हैं। सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 से 17 जनवरी तक मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा सप्ताह एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। यह दुर्घटना और उससे होने वाली मृत्यु की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। साथ ही यह जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने, पैदल यात्री सुरक्षा और बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे की अनिवार्यता के महत्व को समझाने में मदद करता है। भारत में ही हर साल लगभग अस्सी हजार




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़कों पर सुरक्षा के लिए स्वयंसेवी जागरूक करते हुए।

लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं, जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मृत्यु का 13 प्रतिशत है।

अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य वर्तमान और भावी सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच सुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा जानकारी प्रदान करना है और हर साल सड़कों पर मारे गए और घायल लोगों की संख्या को कम करना है।

नेहरू युवा केंद्र शिमला युवा मामले विभाग की ओर से इस सड़क सुरक्षा सप्ताह के लिए माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत करने वाले माय भारत स्वयंसेवियों को इसके लिए चुना गया है, ये स्वयंसेवी यातायात पुलिस शिमला के साथ 12 जनवरी से बतौर सड़क सुरक्षा स्वयंसेवी अपनी सेवाएं दे रहे हैं एवं सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी लेकर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

### युवाओं को मिल रहा विशेष प्रशिक्षण

माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत करने वाले युवाओं को राज्य सरकार, एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर हर नागरिक तक जागरूकता के माध्यम से पहुंचाने के लिए भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे की जनमानस सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सके। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा बताया कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वंय बिठाकर इन स्वयंसेवियों को सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली एवं स्कीम्स के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## शिमला शहर में वापस शेड्यूल के मुताबिक मिला पानी

**शिमला।** राजधानी शिमला में सोमवार को पानी की समस्या सुचारु रूप से चल पड़ी है। दो दिनों से शहर के कई क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा था, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। एसजेपीएनएल की ओर से लोगों को पानी का सदुपयोग करने के लिए कहा था, जिसके बाद बीते दिन शहर में शेड्यूल के मुताबिक लोगों को पानी की सप्लाई मिली। शहर में पेयजल कंपनी के 35 हजार उपभोक्ता हैं, जिन्हें पानी की आपूर्ति की जाती है। शहर में सोमवार को 46.99 एमएलडी पानी मिला। बिजली बाधित रहने से शहर के मुख्य पेयजल स्रोतों से पंपिंग नहीं हो पाई, लेकिन इस लाइन को ठीक कर दिया गया है, जिसके बाद शहरवासियों को सोमवार को पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई मिली।

# 25 जनवरी को गेयटी में मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

14वां मतदाता दिवस गेयटी थियेटर में 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी आज एडीसी अभिषेक वर्मा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' रखा गया है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गेयटी थियेटर में ईवीएम व वीवीपैट डेमनस्टेशन केंद्र बनाया जाएगा, चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा मतदान संबंधी जानकारी एलईडी के माध्यम से लोगों को प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मतदाता सुविधा केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां नए और मौजूदा मतदाताओं को वोट बनाने



एडीसी अभिषेक राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

और नवीनीकरण संबंधी सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज के लिए राज्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। नए पंजीकृत मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के दौरान एपिक कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर एक मतदान केंद्र और एसडीएम कार्यालय में मनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलेभर के सभी बूथ अधिकारी लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करें। एडीसी ने निर्देश दिए कि अधिकारी अपने-अपने स्तर पर सभी विभागों, बोर्डों-निकायों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ लेंगे। इस अवसर पर एसडीएम शिमला शहरी भानु गुप्ता, एसडीएम शिमला ग्रामीण निशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

# छोटा शिमला से विकासनगर तक बस चलाने की कवायद शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी के छोटा शिमला से विकासनगर की ओर बसों की सेवाएं जल्द दी जाएंगी। हजारों लोगों को एचआरटीसी बस के चलने से लाभ पहुंचेगा।

इसमें बसों का समय निर्धारित किया जाना है। बता दें कि इस क्षेत्र में बीते वर्ष बस का ट्रायल सफल रहा है। प्रशासन ने इस सड़क पर बस चलाने को हरी झंडी दे दी है। छोटा शिमला से वाया ब्रॉकहास्ट विकासनगर के लिए छोटी बस भेजी गई थी। इस दौरान जिला प्रशासन, परिवहन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे थे। बस पांच मिनट में छोटा शिमला चौक से विकासनगर पुलिस चौकी के पास पहुंच गई।

> इस सड़क पर बस चलाने में कोई परेशानी नहीं है। इसे मंजूरी दी जा रही है। विकासनगर पुलिस चौकी के पास सड़क पर लगी येलो लाइन से सड़क तंग है। बस चलाने के लिए इसे हटाया जा सकता है। शहर के इस सबसे बड़े वार्ड को जल्द ही बस सुविधा मिल जाएगी।
>
> **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

यहां से बस वापस छोटा शिमला के लिए भी रवाना हुई। ट्रायल सफल रहने के बाद विकासनगर के लिए छोटी बस सेवा शुरू करने वाली है। निगम के मेयर ने यहां जल्द बस चलाने का आश्वासन दिया है। छोटा शिमला से विकानगर तक बीते कई दशकों पहले बसों का संचालन होता रहा है, लेकिन सड़कें चौड़ी न होने के चलते लगातार जाम की समस्या बनी रहती थी, ऐसे में निगम प्रबंधन की ओर से इस क्षेत्र से बसों को बंद करना पड़ा। अब एक बार फिर से क्षेत्र में बसों के संचालन का ट्रायल किया गया था, जो कि सफल रहा है।

# छह साल बाद स्केटिंग रिंक में होगा कार्निवाल व जिमखाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के लक्कड़ बाजार में स्थित ओपन आइस स्केटिंग रिंक मैदान में छह साल बाद जिमखाना और कार्निवाल के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। स्केटिंग प्रेमियों का इंतजार खत्म हो गया है। पिछले छह सालों से मौसम इसमें साथ नहीं दे रहा था, लेकिन इस बार मौसम थोड़ा साथ दे रहा है। स्केटर्स इसका खूब आनंद लेते हैं। मंगलवार से आइस स्केटिंग रिंक में जिमखाना व कार्निवाल का कार्यक्रम शुरू होगा।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। इन प्रतियोगिताओं में स्केटर्स के हाथों में मशालें दी जाती हैं और उसके



लक्कड़ बाजार स्थित आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग का लुत्फ उठाते पर्यटक।

बाद वह रिंक में स्केटिंग करते हैं। प्रतियोगिता के समय सभी लाइट्स को बंद कर दिया जाता है, जिससे रात के दौरान स्केटिंग का दृश्य बहुत अद्भुत दिखाई देता है। इससे पहले भी इस तरह की प्रतियोगिताएं यहां पर होती थी। यहां पर स्केटिंग के सदस्यों के अलावा स्थानीय लोग और पर्यटक भी इसका आनंद लेते हैं। इस कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं।

### जिमखाना प्रतियोगिता में ये होगा खास

जिमखाने में अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं को करवाया जाना है। इस प्रतियोगिता को सुबह वाले सेशन में करवाया जाना है। यह सुबह आठ बजे से शुरू होना है। जिमखाना में मुफ्त और फैंसी स्केटिंग, सभी श्रेणियों में दौड़, टोकरी के ऊपर से कूदना, आइस हॉकी मैच होना है।

### ये रहेंगी प्रतियोगिता

कार्निवाल प्रतियोगिता में बर्फ पर बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, डांस ऑन आइस, हॉकी, जंप ओवर बास्केट और टार्च लाइट सहित कई इवेंट करवाए जाएंगे। इनमें करीब 200 से ज्यादा सदस्य भाग लेते हैं। इसको देखने के लिए स्केटिंग के सदस्यों के अलावा स्थानीय लोग व सैलानी भी पहुंचते हैं।

> मंगलवार को आइस स्केटिंग रिंक में जिमखाना व कार्निवाल का आयोजन करवाया जा रहा है। इनमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं को करवाया जाएगा। जिमखाना सुबह वाले सेशन में व कार्निवाल को शाम वाले सेशन में करवाया जाएगा। इसको लेकर रिंक में सभी प्रकार की तैयारियों को करवा दिया गया है।
>
> **पंकज प्रभाकर, आइस स्केटिंग क्लब कोषाध्यक्ष।**

**अनदेखी** पार्कों के रखरखाव में कमी और कई पार्कों में खुले में बिखरा रहता है कूड़ा-कचरा, वातावरण हो रहा खराब

# शहर के पार्कों में साफ-सफाई को लेकर नहीं दिया जा रहा ध्यान

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला शहर को सुंदर बनाने के लिए विभिन्न काम किए जा रहे हैं। निगम की ओर से शहर में बच्चों, बूढ़ों और युवाओं के लिए कई पार्क बनाए गए हैं, लेकिन पार्कों की साफ-सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

पार्क में कूड़े के ढेर रोजाना देखने को मिल रहे हैं। निगम की ओर से विभिन्न संस्थाओं को पार्कों का जिम्मा सौंपा हुआ है, लेकिन वह अपना कार्य सही ढंग से नहीं कर पा रही हैं। यहां पर कूड़ा गंदगी फैली हुई है, जो पार्क के वातावरण को खराब कर रही हैं। पार्क में गंदगी होने के कारण लोग यहां पर आना भी पसंद नहीं कर रहे हैं। शहर में कुछ पार्क तो ऐसे भी हैं, जहां पर दुर्गंध रहती है और





राजधानी शिमला के पार्कों की दयनीय स्थिति।

लोग पार्क में भी नहीं जा पाते हैं। रिज के साथ लगते निगम पार्क और दौलत सिंह पार्क में कूड़ा फैला हुआ है। यह शिमला के स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटकों पर भी बुरा असर डाल रहा है। न्यू शिमला में भी पार्क की हालत कुछ ऐसी ही है, जहां पर टूटे हुए झूले और बैठने के लिए बेंचिस की हालत ठीक नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### पार्क में टूटे झूलों से बच्चे हो रहे परेशान

शहर में पार्क तो बनाए गए हैं, लेकिन इन पार्कों में टूटे हुए झूले लगे हुए हैं। छोटे-छोटे बच्चे टूटे हुए झूले पर ही झूलते हैं, जिसकी चपेट में आकर बच्चे चोटिल हो सकते हैं। स्कूलों में छुट्टियां होने के कारण बच्चे पार्क में खेलने आते हैं, लेकिन पार्क में उस हिसाब से व्यवस्था नहीं है। कई पार्कों में तो झूलों का नामोनिशान तक खत्म हो चुका है। पार्क में झूले न होने की वजह से बच्चे घरों से बाहर ही नहीं निकलते हैं।

### पर्यटकों पर भी पड़ता है बुरा प्रभाव

राजधानी शिमला को निहारने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं, लेकिन शिमला के पार्कों की हालत पर्यटकों पर बुरा प्रभाव डालती है। जहां शहर को सुंदर बनाने के लिए इतने कार्य किए जा रहे हैं, वहीं पर पार्क को भी सुधारा जाना चाहिए, ताकि पर्यटकों पर बुरा प्रभाव न पड़े।

### नगर निगम प्रशासन से रखरखाव की मांग

न्यू शिमला की पार्षद निशा ठाकुर ने निगम प्रशासन से पार्कों में सफाई करवाने की मांग की है, ताकि बच्चे यहां पर मनोरंजन कर सकें। इसके अलावा निगम प्रशासन से पार्कों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए संस्थाओं को इसके रखरखाव के लिए भी कहा है। इसके साथ ही टूटे झूलों को भी दोबारा लगाया जाए, ताकि बच्चे उनमें झूल सकें। पार्क में हरियाली के लिए क्यारियों में फूल लगाए जा सकते हैं।

> शिमला शहर में अधिकतर पार्क के रखरखाव का जिम्मा विभिन्न संस्थाओं को दिया हुआ है। जिन पार्कों में कोई भी कमी निगम को नजर आती है, तो इन संस्थाओं को कंप्लेंट दी जाती है। उसके बाद संस्थाओं की ओर से उस पर काम किया जाता है।
>
> **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

# विभागों में हो रही भर्तियां बेरोजगारों के लिए बड़ी सौगात : निशांत शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

युवा कांग्रेस की ओर से राज्य में विभिन्न विभागों में की जा रही भर्तियों का स्वागत किया है।



युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता निशांत शर्मा ने यहां जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभिन्न सरकारी विभागों में लगभग 20 हजार पद भरने का निर्णय लेकर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोले हैं। इन पदों के अलावा प्रदेश सरकार युवाओं के लिए स्वरोजगार के साधन भी उपलब्ध करवा रही है। निशांत शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग में टीजीटी, शास्त्री और लेक्चरर इत्यादि श्रेणियों के पांच हजार से अधिक पदों पर बैचवाइज एवं सर्विस कमीशन से सीधी भर्ती की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। युवा कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि युवाओं को सरकारी रोजगार प्रदान करने के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए भी राज्य सरकार सराहनीय प्रयास कर रही है।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने युवाओं के लिए स्टार्ट-अप योजना लाने का वादा किया था, जिसे पूरा कर दिया गया है। निशांत शर्मा ने कहा कि 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के पहले चरण के तहत ई-टैक्सी योजना शुरू की गई है। राज्य सरकार ई-टैक्सी की खरीद के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान कर रही है।

# बढलठोर में बेतरतीब गाड़ियों से जाम हुआ आम, लोग तंग



बढलठोर बस स्टैंड के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों से लगा जाम।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

उपमंडल देहरा के अंतर्गत बढलठोर बस स्टैंड सड़क किनारे बिना बजह दिन भर आड़ी-तिरछी खड़ी गाड़ियों के कारण यहां जाम लगना आम बात हो गई है। लिहाजा उक्त वाहन चालकों की इस नाकामी का खमियाजा वहां सड़क से गुजरने बाले अन्य वाहन चालकों व पैदल चलने वालों को भुगतना पड़ रहा है। बल्कि आए दिन बड़े हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

हालांकि समय समय पर पुलिस भी ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करती है, लेकिन बावजूद में न मानू की तर्ज पर कई बिगड़ैल चालक अपनी गाड़ियों को वहीं सड़क किनारे पार्क करके कही दूर दूर तक नजर नहीं आते है। वहीं, इन गाड्यिों से हर रोज जाम लग रहा है। वहीं, लोगों का कहना है कि इस सड़क से बढलठोर से डाडासीबा व तलवाड़ा के लिए बसें निकलती है। वहीं, बस स्टैंड में बस के इंतजार में पहले ही सवारियां खड़ी रहती है और उपर से इसी सड़क पर उक्त गाड़िया पार्क होती है। इससे वहां सड़क पर तेज रफ्तार गुजर रही अन्य गाड़ियों का भी पता नहीं चलता है। इससे वहां हमेशा हादसे का डर बना रहता है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का हल किया जाए। वहीं, डीएसपी देहरा अनिल ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यहां पर प्रतिदिन जाम की स्थिति रहती है। शीघ्र इस समस्या का हल करवाया जा रहा है।

## विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर विभाग ने की कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस का भी नहीं दिया था सही उत्तर

# कुठेहड़ ग्राम पंचायत की उपप्रधान सस्पेंड

**2015 व 2016 से वर्ष 2020-21 तक भिन्न-भिन्न सात मदों में कुल 66,73,746 रुपए की राशि व्यय की गई है**

**अनिल छांगू, जवाली**

ज्वाली उपमंडल की पंचायत कुठेहड़ में उपप्रधान वीना शर्मा को पंचायत विकास कार्यों में अनियमितताएं को लेकर सस्पेंड कर दिया गया है। आपको बता दें कि ईश्वर सिंह व जाहिर अब्बास निवासी गांव कुठेहड़ ने ग्राम पंचायत कुठेहड़ के विरूद्ध श्मशानघाट के निर्माण में बरती गई अनियमितताओं के संबंध में शिकायत की थी।

इसकी प्रारंभिक जांच खंड विकास अधिकारी नगरोटा सूरियां द्वारा की गई थी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर विकास कार्यों के कियान्वयन में अनियमितताएं बरतने के लिए वीना शर्मा, उपप्रधान (तत्कालीन प्रधान), ग्राम पंचायत कुठेहड़, विकास खंड नगरोटा यूरियां को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसके उत्तर की गहनता से अध्ययन व समीक्षा करने पर उनका उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया है तथा वह उक्त आरोपों में प्रथम दृष्टया दोषी पाई गई हैं। जांच रिपोर्ट अनुसार ग्राम पंचायत कुठेहड़ द्वारा निर्माण श्मशानघाट घमीरतल हेतु वर्ष 2015-16 से वर्ष 2020-21 तक भिन्न-भिन्न सात मदों में कुल 66,73,746 रुपए की राशि व्यय की गई है, जबकि श्मशानघाट का निर्माण मौजा अंबल टीका घ्याला के ठासरा में वन विभाग की भूमि पर बिना विभागीय अनुमति अथवा अनापत्ति प्रमाण के किया गया है जो कि ग्राम पंचायत द्वारा बरती गई लापरवाही का परिचायक है। इसके अलावा ग्राम पंचायत कुठेहड़ द्वारा कथित श्मशान घाट का निर्माण ग्राम पंचायत नढोली के अधिकार क्षेत्र में स्थित भूमि पर किया गया है, किंतु इस निर्माण कार्य को न्यायोचित ठहराने हेतु ग्राम पंचायत कुठेहड़ द्वारा न तो संबंधित ग्राम सभाओं का संयुक्त प्रस्ताव पारित किया है तथा न ही संबंधित ग्राम पंचायतों की संयुक्त निर्माण समिति का गठन किया है जोकि नियमानुसार अनुचित है। वहीं, पंचायत पदाधिकारी द्वारा उक्त कारण बताओ नोटिस का उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं, कथित पंचायत पदाधिकारी को नोटिस की प्रति पंजीकृत डाक व पंचायत चौकीदार के माध्यम से भी प्रेषित की गई थी, किंतु उक्त पदाधिकारी द्वारा नोटिस को प्राप्त नहीं किया गया जोकि विभागीय आदेशों की सरासर अवहेलना है। (अनंत ज्ञान)

### वन विभाग की भूमि पर बिना परमिशन के कर दिया काम



कुठेहड़ पंचायत मे बना श्मशामघाट।





कार्यालय ग्राम पंचायत कुठेहड़।

### पंचायत उपप्रधान वीना शर्मा के बोल

**इस** बारे में पंचायत उपप्रधान वीना कुमारी ने कहा कि इस श्मशानघाट का निर्माणकार्य मेरे प्रधान बनने से पहले शुरू हुआ था तथा मैंने अपने कार्यकाल में इसका कार्य पूरा करवाया है। अब दस साल बीत जाने के बाद इसको मुद्दा बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कुठेहड़ पंचायत के वार्ड नंबर-दो में विभागीय मिलीभगत से खैरों के अवैध कटान की शिकायत विजिलेंस विभाग को भेजी गई तो जानबूझ कर मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मानहानि का केस ठोंका जाएगा।

### जिला पंचायत अधिकारी ने लिया कड़ा संज्ञान

**इस** मामले को संज्ञान में लेते हुए नीलम कटोच, जिला पंचायत अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से, वीना शर्मा को उपप्रधान, ग्राम पंचायत कुठेहड़ के पद से निलंबित कर दिया है। साथ ही उन्होंने उन्हें निर्देश दिए है कि ग्राम पंचायत कुठेहड़ की चल-अचल संपत्ति यदि कोई उनके पास हो तो, वह उसे तुरंत ग्राम पंचायत सचिव को सौंप दें।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहर पुर में निकाली कलश यात्रा

**शाहपुर।** अयोध्या में बंद रहे भगवान श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर पंचायत शाहपुर की पूर्व अध्यक्ष ऊष्मा चौहान की अगुआई में वार्ड नंबर-सात की महिलाओं ने कलश यात्रा का आयोजन किया। दर्जनों महिलाओं ने घर-घर जाकर श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण दिया गया। इस दौरान ऊष्मा चौहान ने केंद्र सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि दशकों से चली आ रही देश की जनता की मांग को भारत की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरा किया गया है।

### पीएम के आह्वान पर छेड़ा सफाई अभियान

**बैजनाथ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सोमवार बीड़ होटल एसोसिएशन यानी भाषा की टीम ने सुबह-सुबह बीड़ पुल से अजिया पाल मंदिर तक सड़क की सफाई की और मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्र को कचरा मुक्त किया। इस बारे में जानकारी देते हुए संगठन के अध्यक्ष सतीश अबरोल ने बताया कि आजकल प्रतिदिन ही भाषा के दो लोग क्षेत्र की सड़कों, छोटे रास्तों और गांव की गलियों में से प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा उठाते हैं लेकिन प्रधानमंत्री के आह्वान पर 15 से 22 जनवरी तक एक विशेष अभियान भाषा द्वारा क्षेत्र के मंदिरों की सफाई का चलाया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के मंदिरों के आसपास के क्षेत्र को कचरा मुक्त किया जाएगा।

### रिटायर होने के एक साल बाद भी नहीं मिली पेंशन

**बैजनाथ।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम बैजनाथ इकाई की मासिक बैठक बैजनाथ इकाई के अध्यक्ष के सी कटोच की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह बैजनाथ में आयोजित की गई। इस बैठक में हमारे वरिष्ठ पेंशनभोगी सेवानिवृत्त एक्सईएन ओम प्रकाश द्वारा बैजनाथ इकाई 2024 का कैलेंडर भी जारी किया गया। अनुरोध किया गया कि इसे प्रत्येक पेंशनधारियों को वितरित किया जाए। सभी पेंशनरों ने बोर्ड प्रबंधन द्वारा इस माह की पेंशन को एक तारीख के बजाय छठी तारीख को देने की निंदा की। वहीं, हमारी इकाई में ऐसे पेंशनभोगी हैं जिन्हें सेवानिवृत्त हुए एक साल हो गया है लेकिन उन्हें न तो पेंशन मिली है और न ही कोई अन्य लाभ मिला है। इस इकाई के वित्त सचिव दीपू राम ने 2023 का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया।

### 19 को जसवां परागपुर के दौरे में आ सकते हैं सीएम

**गरली।** सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अगामी 19 जनवरी को जसवां परागपुर के दौरे पर आने की उम्मीद है। इसी को लेकर सोमवार को खंड विकास कार्यालय परागपुर में एसडीएम देहरा शिल्पी वेकटा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस बैठक में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर विशेष रूप से रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को उचित व्यवस्था बनाने हेतु निर्देश दिए।

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को लेकर की बैठक

**धर्मशाला।** संयुक्त कार्यालय भवन कांगड़ा में सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार के आयोजन को लेकर एसडीएम कांगड़ा आईएएस अधिकारी इशांत जसवाल ने बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कांगड़ा ने की जिसमें समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम कांगड़ा ने बताया कि 28 जनवरी को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री माननीय यादविंद्र गोमा होंगे। उनके साथ कार्यक्रम में प्रत्येक विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं को मौके पर सुनना और उनका निवारण करना होगा। इस बैठक में एसडीएम कांगड़ा सहित डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा, तहसीलदार मोहित रतन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अब महिला किसानों को कृषि यंत्र खरीदने पर मिलेगा 50 प्रतिशत का अनुदान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

महिला किसानों को 50 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 40 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि नई तकनीक के साथ कृषि उत्पादन में इजाफा हो सके और किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो सके।

यह जानकारी मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने सोमवार को पालमपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत आरठ में पशु पालन विभाग द्वारा आत्मा परियोजना के सौजन्य से आयोजित एक दिवसीय किसान गोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि किसानों के हित के लिए हिम उन्नति योजना आरंभ की गई है इसके तहत दूध सब्जियों, फलों अन्य नकदी फसलों के क्लस्टर बनाने का निर्णय भी लिया गया है, ताकि किसान लाभांवित हो सकें। आशीष बुटेल ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की कृषि व पशु पालन की सभी कल्याणकारी योजनाएं हर गांव तक पहुंचाने के लिए कारगर कदम उठाएं तथा फील्ड विजिट पर भी विशेष बल दें। उन्होंने कोली बस्ती में पानी की समस्या के समाधान के लिए एक हैंडपंप लगाने की घोषणा की। उन्होंने पंचायत की दो बस्तियों में विद्युत बोर्ड को बिजली की समस्या का समाधान करने के निर्देश भी दिए।

### 15-15 हजार रुपए देने की घोषणा

**इस** अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव ने उपस्थित आठ महिला मंडलों व दो युवक मंडलों को 15-15 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। इससे पहले सहायक निदेशक डॉ. अनीश कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और पशु पालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस किसान गोष्ठी कार्यक्रम में पशुपालकों को विशेषज्ञों ने पशुओं के रखरखाव, बीमारियां, खानपान, दवाओं और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

**इस** अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चंद, उपनिदेशक पशु पालन डॉ. लाल गुप्ता, निदेशक आत्मा परियोजना शशि पाल अत्री, सहायक निदेशक डॉ. अनीश कुमार, एसडीओ जल शक्ति, विद्युत व लोक निर्माण विभाग, चेयरमैन आत्मा परियोजना रोशन लाल, निशा शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य कपूर चंद, प्रधान प्रदीप ठाकुर, पशु पालन विभाग के आधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कल कृषि मंत्री करेंगे सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश सरकार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आरंभ करने जा रही है। कृषि मंत्री प्रो चंद्र कुमार 17 जनवरी को कांगड़ा जिले के जवाली विस क्षेत्र के पलोहड़ा में इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।



यह जानकारी उपायुक्त डॉक्टर निपुण जिंदल ने देते हुए बताया कि जवाली विस क्षेत्र के बाद दूसरे चरण में जिला के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी अलग-अलग दिन ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री या कैबिनेट मंत्री करेंगे। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और आम लोगों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि जनसमस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जा सके। आयोजन स्थल से संबंधित पंचायतों में इसी दिन विशेष ग्राम सभा भी आयोजित की जाएगी, जिनमें सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। उपायुक्त ने जिला स्तर के सभी कार्यालय प्रमुखों को इन कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदर्शनी स्टॉलों में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उपायुक्त ने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग और आयुर्वेद विभाग मैगा स्वास्थ्य कैंप भी लगाएंगे। इनमें मरीजों के निशुल्क टेस्ट होंगे तथा उन्हें दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### 22 तक जारी रहेगा स्वच्छता अभियान

**धर्मशाला।** कांग्रेस पार्टी के नेताओं का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता कि मंदिर जाने के लिए हाइ कमान की परमिशन लेनी पड़ रही है और हाई कमान उन्हें परमिशन नहीं दे रहा। पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने कहा कि अयोध्या में बना राम मंदिर सनातनीयों की सैकड़ों वर्षों की प्रतीक्षा का फल है, लेकिन कांग्रेस इसमें भी राजनीति नफा-नुकशान तलाश रही है। कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं के लिए इससे बड़े दुर्भाग्य की कोई बात नहीं हो सकती। पूर्व विधायक ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जिला कांगड़ा के सभी धार्मिक स्थलों में स्वछता अभियान छेड़ा गया है। अभियान के तहत सोमवार को पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने अघंजर महादेव मंदिर खनियारा में साफ-सफाई की। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मंदिर परिसर की सफाई की।

### सुनेहत स्कूल में गूंजे देशभक्ति के गीत

**धर्मशाला।** शहीद सुरजीत सिंह डढवाल की जयंती के उपलक्ष्य पर राजकीय माध्यमिक पाठशाला लोअर सुनेहत कार्यक्रम आयोजित किया इसमें विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति के गीत व कविताएं प्रस्तुत कर शहीद सुरजीत को नमन किया। इस अवसर शहीद की माता ईश्वरी देवी व पिता हुकम सिंह मान चंद, भूपेंद्र सिंह, जगदीप डढवाल रविंद्र डढवाल, रंजोध डढवाल आशा देवी, नीलम डढवाल, संजीव डढवाल व रोहित सुरेंद्र व गांव के सभी भूतपूर्व सैनिक एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर रविंद डढवाल ने बताया कि ग्रेनेडियर सुरजीत सिंह का जन्म 15 जनवरी 1977 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के लॉअर सुनेहत के चुधरेहड़ गांव में श्री हुकमसिंह डढवाल एवं ईश्वरी देवी के परिवार में हुआ था।

# जवाली में संदिग्ध अवस्था में मिला पेड़ से लटका शव

**अनंत ज्ञान, जवाली**

नगर पंचायत जवाली के अंतर्गत वार्ड नंबर- पांच में एक प्रवासी नाबालिग युवक का संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका शव मिला है।

मृतक युवक की पहचान अक्षय कुमार उम्र 14 वर्ष पुत्र कालू निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई है। मृतक का परिवार मेहनत मजदूरी का कार्य करता था तथा रेलवे स्टेशन के पास झोपड़ी बनाकर रहता था मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक सायं पांच बजे घर से कुछ दूरी पर शौच के लिए गया। वहीं, जब वह काफी देर वापस नहीं लौटा तो उसका भाई देखने गया तो उसके घर से कुछ दूरी पर पेड़ से लड़का शव मिला। उसके बाद परिजनों से तुरंत जवाली सिविल अस्पताल में ले आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी जवाली वीरी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार रात्रि आठ बजे के करीब पुलिस थाना जवाली को सिविल अस्पताल से फोन आया जिस पर पुलिस अस्पताल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परिजनों के बयान कलमबद किया। इसके बाद युवक का पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनों को सौंप दिया है। डीएसपी वीरी सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने बताया एक प्रवासी नाबालिग युवक का संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका शव मिला है। उसकी छानबीन की जा रही है।

# मौसम विज्ञान विभाग ने मनाई 150वीं वर्षगांठ



**गगल।** गगल हवाई अड्डे पर सोमवार को मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में एक समारोह का आयोजन किया गया। गगल हवाई अड्डे पर मौसम विभाग के प्रभारी विपिन शर्मा ने बताया कि इस समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने शिरकत की। मौसम विभाग के प्रभारी विपिन शर्मा द्वारा मुख्यातिथि एसडीएम इशांत जसवाल का पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। इस समारोह में मुख्यातिथि एसडीएम इशांत जसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में मौसम विभाग की अहम भूमिका है। जो समय से पहले ही मौसम की जानकारी दे देता है। इससे सामाजिक जीवन में समय-समय पर बड़े अच्छे अफसर प्राप्त होते हैं। विभाग मौसम विभाग के अनूप शर्मा ने बताया की शीघ्र एयरपोर्ट पर सीडब्ल्यूआईएस सिस्टम फिट करने की प्रक्रिया चल रही है। मौसम विभाग का हाल स्क्रीन पर आना शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सिविल हवाई अड्डा गगल के निदेशक धीरेंद्र सिंह, संजय भारद्वाज प्रभारी, (अभियांत्रिकी- विद्युत) शैलेश कुमार सिंह एवं सभी एयरलाइंस प्रभारी भी उपस्थिति थे ।

### बरनेट-घेरा सड़क निर्माण से 40 किमी कम होगा चंबा का सफर



**धर्मशाला।** ग्रामीण क्षेत्रों में 2682 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन पर लगभग 2683 करोड़ रुपए व्यय होंगे यह जानकारी शाहपुर के विधायक केवल पठानिया ने सोमवार को बरनेट में बरनेट घेरा सड़क के निर्माण कार्य के भूमिपूजन के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर लगभग 90 लाख की धनराशि व्यय की जाएगी तथा इस सड़क के बन जाने से जहां धारकंडी क्षेत्र की करेरी, कुठारना, चमियारा, सल्ली इत्यादि के हजारों नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी और वहीं पर यह सड़क पर्यटकों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावना है। इसके मद्देनजर यह सड़क पर्यटकों के साथ साथ आमजन को भी राहत देगी। इस सड़क से बहुत ही कम समय में डल झील, मैक्लोडगंज इत्यादि रमणीक स्थलों पर पहुंचा जा सकेगा। वहीं पर पर्यटकों की अधिक आवाजाही से स्थानीय लोगों की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क यहां के लोगों की जीवन रेखा है। इस सड़क के बन जाने से जिला चंबा का सफर भी लगभग 40 से 45 किलोमीटर कम हो जाएगा।

# नौकरी बहाल करने पर कैबिनेट मंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

शाहपुरकंडी बैराज परियोजना पर औस्ती-कोटे से सिंचाई विभाग पंजाब के विभिन्न विभागों में कार्यरत 25 कर्मचारियों को बांध प्रशासन की ओर से पिछले आठ माह से बिना शो काज नोटिस दिए नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके चलते इन कर्मचारियों द्वारा अन्य कर्मचारी संगठनों के सहयोग से पिछले आठ महिनो से लगातार डैम परियोजना के चीफ इंजीनियर कार्यालय के बाहर अपना रोष धरना एवं भूख हड़ताल जारी रखी थी। इस संबंध में इस घरने में लगातार सहयोग दे रहे थीन डैम वर्कर्ज यूनियन सीटू के प्रधान कामरेड जसवंत सिंह संधू, बैराज औसती संघर्ष कमेटी के प्रधान बलकार सिंह पठानिया एवं अन्य कर्मचारी नेताओं ने बताया कि उनको बिना किसी ठोस कारण के चलते नौकरी से निकाल दिया गया था, जो कि सरासर गलत था। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के दवाब बांध प्रशासन द्वारा इन कर्मचारियों के साथ अन्याय किया गया है, जिसकी अब पूरी जांच होने के बाद फिर से उनको नौकरी पर बहाल करने के लिए शीघ्र आदेश जारी हो रहे है। इसके लिए पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने पूरे प्रयास करके नौकरी पर वापस भेजने के लिए आदेश जारी करवाए है। इसके लिए वह पंजाब सरकार एवं कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क के आभारी है। इसके चलते इन कर्मचारियों एवं कर्मचारी नेताओं ने आज कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क का मुंह मीठा करवा कर उन्हें बधाई दी

**कार्यक्रम** नगरोटा बगवां विश्राम गृह में हटवास, घोड़व व भुनेड़ पंचायत के लोगों ने विधायक को बताया अपना दर्द

# आरएस बाली ने मौके पर निपटाई लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार संसाधन बढ़ाने की दिशा में अनेक पग उठा रही है। जल प्रदेश का अमूल्य संसाधन है और इससे संबंधित उचित अधिकार प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के लिए जिला में 3000 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जा रही है, जिससे इस क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी। जिला के ढगवार में 250 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जा रहा है। सोमवार को नगरोटा बगवां विश्राम गृह में हटवास, घोड़व और भुनेड़ पंचायत के लोगों की शिकायतें सुनने के उपरांत कहा कि वर्तमान सरकार की आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है तथा इसी के दृष्टिगत सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम भी आरंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान अपनी दस गारंटियों में से तीन को पूरा कर दिया गया है। अपनी पहली गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश की आर्थिक बदहाली के बावजूद राज्य सरकार ने 1.36 सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना बहाल की, ताकि उन्हें बुढ़ापे का सहारा मिले। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक व्यवस्था परिवर्तन किया जा रहा है। अगले शैक्षणिक सत्र से सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू की जाएगी तथा 300 मीटर के दायरे में आने वाले स्कूलों का क्लस्टर बना कर, वहां पर्याप्त अध्यापक और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने तीसरी गारंटी को पूरा करते हुए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना का पहला चरण आरंभ कर दिया गया है। इसके तहत युवाओं को आय का साधन प्रदान करने के लिए ई-टैक्सी खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 100 किलोवाट से लेकर एक मेगावाट तक की सोलर परियोजनाओं की स्थापना पर युवाओं को 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करने की एक योजना जल्द ही शुरू करने जा रही है। किसानों को खेती के लिए प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत, दूध का उचित मूल्य प्रदान करने के लिए वर्तमान सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के एक वर्ष के प्रयासों के परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत का सुधार आया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आज से पहले किसी भी सरकार ने नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार नियमों में बदलाव कर व्यवस्था में परिवर्तन कर रही है और कड़े फैसले ले रही है, जिसके आने वाले समय में सुखद परिणाम सामने आएंगे। इस अवसर पर एसडीएम मुनीष शर्मा, बीडीओ राजेश सिंह, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी सुरेश वालिया, अधिशाषी अभियंता जल जीवन शक्ति विवेक ठाकुर, अधिशाषी अभियंता बिजली बोर्ड कमल चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रताप रियाड़, महासचिव एवं उपप्रधान अजय सिपहिया, पूर्व प्रधान प्रेम राणा, चंचला देवी प्रधान आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते आरएस बाली।

### पीएम से लगाई पेंशन बहाल करने की गुहार

**नूरपुर।** देश के सिर्फ एक राज्य पश्चिम बंगाल को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के करोड़ों कर्मचारी-अधिकारी कार्यरत और सेवानिवृत्त की समस्याओं और बिना पुरानी पेंशन के कर्मचारियों अधिकारियों की बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन न होने से जो रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वर्ग को पीड़ादायक स्थिति उत्पन्न हो गई है उस पीड़ा को दूर करने की प्रधानमंत्री मोदी से गुहार लगाई है। डॉक्टर संजीव गुलेरीया प्रदेश अध्यक्ष न्यू पेंशन स्कीम रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी महासंघ हिमाचल प्रदेश ने आज यहां प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारी अधिकारी वर्ग की समस्याओं का समाधान न होने के कारण और देशभर का पढ़ी-लिखी युवा पीढ़ी रोजगार संसाधन उपलब्ध न होने के कारण मोदी सरकार से रुष्ट हो रहा है जिस का असर 2024 लोकसभा चुनाव में पड़ना निश्चित है, क्योंकि सभी वर्ग देशभर में अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है।

# डीसी ऑफिस तक ही सिमट कर रह गया भाजपा का प्रदर्शन

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

आदि हिमानी चामुंडा मार्ग पर लगाई गई सोलर लाइट्स काटने का मुद्दा जिला में गरमाया हुआ है, लेकिन सोमवार को भाजपा का प्रदर्शन मुख्य अरण्यपाल वन विभाग कार्यालय के बजाय जिलाधीश ऑफिस तक सिमट कर रह गया। प्रदर्शन में भाग लेने पहुंचे लोगों का भी कहना था कि हमें बताया गया था कि वन विभाग का घेराव किया जाना है, लेकिन प्रदर्शन में शामिल नेता भाजपा नेता आस्था से हुए खिलवाड़ पर स्टैंड नहीं रख पाए और जिलाधीश कांगड़ा को ज्ञापन सौंपकर इतिश्री कर गए।

हालांकि भाजपा नेताओं द्वारा सोमवार के विरोध-प्रदर्शन के लिए रविवार को वर्चुअली मीटिंग की गई थी, जिसमें जिला से संबंधित वरिष्ठ नेता जुड़े थे। बैठक के बाद एक प्रेस रिलीज भी जारी की गई, जिसमें भाजपा की ओर से कहा गया था कि आदि हिमानी चामुंडा मंदिर मार्ग की सोलर लाइटस काटने के विरोध में मुख्य अरण्यपाल का घेराव किया जाएगा और जिलाधीश से वन विभाग के अधिकारी की शिकायत की जाएगी, लेकिन सोमवार को भाजपा नेता अपनी बात से पीछे हट गए। सोमवार को धर्मशाला के कचहरी अड्डा से जिलाधीश कार्यालय तक भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और जिलाधीश कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिलाधीश कार्यालय के बाहर भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि आदि हिमानी चामुंडा मामले में डीसी को ज्ञापन सौंपा जा रहा है, यदि एक दिन के भीतर लाइटें बहाल न हुई तो अगली रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान भाजपा की ओर से प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन और वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई। उधर, धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी रहे राकेश चौधरी का कहना था कि पिछले कल आयोजित बैठक में यही निर्णय लिया गया था कि मुख्य अरण्यपाल कार्यालय का घेराव किया जाएगा, लेकिन आज सुबह यहां पहुंचे तो कहा गया कि जिलाधीश कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि कई लोग उनसे यही पूछ रहे थे कि वन विभाग कार्यालय का घेराव क्यों नहीं किया गया। राकेश चौधरी ने कहा कि एक दिन के भीतर लाइटस बहाल नहीं की गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## आदि हिमानी चामुंडा के रास्ते से लाइट्स हटाने पर भाजपा उग्र, सीएम को भेजा ज्ञापन, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# लाइट्स हटाने पर भाजपा ने घेरी कांग्रेस

**48** घंटे के भीतर लाइटों को दोबारा लगाने की पठियार के युवाओं ने रखी थी मांग। युवाओं ने दी थी आंदोलन की चेतावनी

**वन विभाग, प्रशासन व प्रदेश सरकार के खिलाफ की नारेबाजी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के रास्ते से लाइट्स को हटाने के मामले में सोमवार को संगठनात्मक जिला कांगड़ा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा की अध्यक्षता में जिलाधीश कांगड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा है। जिलाधीश कांगड़ा को ज्ञापन सौंपने से पूर्व संगठनात्मक जिला कांगड़ा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिलाधीश कार्यालय के बाहर वन विभाग, जिला प्रशासन एवं कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

संगठनात्मक जिला कांगड़ा अध्यक्ष सचिन शर्मा में हिमानी चामुंडा के मंदिर के रास्तों की सोलर लाइट्स को हटाए जाने पर प्रदेश सरकार व वन विभाग पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार अब देवभूमि हिमाचल प्रदेश के राज्य ही नहीं देश-विदेशों में आस्था के प्रतीक मंदिरों-आस्थाओं को उजाड़ने का प्रयास कर



रही हैं। श्री चामुंडा शक्तिपीठ का उदगम स्थल आदि हिमानी चांमुडा लाखों लोगों की श्रद्धा का प्रतीक है। सचिन शर्मा ने कहा कि आदि हिमानी चामुंडा में सुशोभीत लाइट्स हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार, मुख्यमंत्री व वन विभाग तुरंत उचित कदम उठाते हुए लाइट्स को दुरुस्त करें अन्यथा भाजपा को बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। भाजपा नेता एवं गत विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी राकेश चौधरी ने देवभूमि के लाखों लोगों की भावनाएं आहत करने पर मुख्यमंत्री को जनता से माफी मांगें जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों ने आपसी सहयोग से आवाजाही करने वाले श्रद्धालुओं के लिए सोलर लाइट्स की व्यवस्था की है, कोई अवैध भवन व अन्य अतिक्रमण नहीं किया है। ऐसे में अब आस्था को अघात पहुंचाने वाले कृत्य को जल्द दुरुस्त करने का कार्य करें। राकेश शर्मा ने कहा कि देवभूमि हिमाचल सहित देश-विश्व के लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के रास्ते से सोलर लाइट्स काटना व खोलना शर्मनाक है। इस मामले में प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को उचित कदम उठाने चाहिए।

### झूठे आश्वासन दे रही कांग्रेस सरकार

**धर्मशाला** के पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने कहा कि एक तरफ सरकार जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाए जाने के झूठे आश्वासन देकर भ्रमित कर रही है, वहीं राज्य भर सहित जिला कांगड़ा के पर्यटन को उजाड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसमें पहले मुख्य ट्रैकिंग साइटों पर मनमाने तरीके से वसूली किए जाने का खेल खेला जा रहा है। जबकि अब सुविधाएं बढ़ाने के स्थान पर लोगों की ओर से बनाई गई व्यवस्था को भी धड़ाम करने का प्रयास है। भाजपा नेता एवं पदाधिकारियों ने वन विभाग, जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार को चेतवनी दी है कि उक्त मामले में जल्द कोई ठोस कदम उठाएं अन्यथा इस आंदोलन का ओर उग्र किया जाएगा जिसकी पूरी, जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। वहीं, इससे पहले भी आदि हिमानी चामुंडा माता के रास्ते में सोलर लाइट्स बंद करने पर पठियार के युवाओं ने प्रदर्शन किया था। युवाओं ने प्रशासन को 48 घंटे के भीतर लाइटों को दोबारा लगाने की मांग रखी थी। वहीं, लाइट्स न लगने की सूरत में प्रदेश स्तरीय आंदोलन की चेतावनी दी है।



लाइट्स उखाड़ने पर जिलाधीश कांगड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते संगठनात्मक जिला कांगड़ा के पदाधिकारी एवं भाजपा नेता।

### आंदोलन में ये कार्यकर्ता रहे मौजूद

**इस** मौके पर पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर पूर्व मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश विश्व चक्षु पुरी, एचपीसीए प्रवक्ता एवं भाजपा नेता संजय शर्मा सहित भाजपा महिला प्रकोष्ठ, युवा भाजपा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिद्धपुर में आज बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** विद्युत उपकेंद्र सिद्धपुर में बिजली की लाइनों तथा विद्युत उपकरणों के जरूरी रखरखाव हेतु 16 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक सिद्धबाड़ी, सिद्धपुर, फतेहपुर, बागणी, रक्कड़, लोअर मोहली, तपोवन, झिओल, बरवाला, ग्यूतो मोनेस्टरी, घियारी पुल, रसां, बरेह, धिकटू, ठंबा आदि क्षेत्रों मे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। यह जानकारी सहायक अभियंता कर्म चंद भारती ने दी।

### धौलाधार रोटरी सेवा समिति ट्रस्ट ने लगाए बेंच

**पालमपुर।** धौलाधार रोटरी सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को पालमपुर संयुक्त सेवा परिसर में आमजनों के बैठने के बेंच लगाए गए। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा पिछली बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए गए थे वो तीनों पूरे कर दिए गए हैं। अब आने वाले दिनों में मेक्स अस्पताल के सहयोग से पालमपुर निशुल्क घुटना जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ ट्रस्ट के प्रमुख लोग भी शामिल थे।

### जिलाधीश ने दिलाई सड़क सुरक्षा शपथ



**धर्मशाला।** सोमवार को जिलाधीश कांगड़ा निपुण जिंदल ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। सड़क सुरक्षा शपथ के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, धीरे गाड़ी चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने व मोड़ों पर गाड़ी सावधानी से चलाने आदि विभिन्न सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का प्रण लिया।

### गोमा 19 को करेंगे क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ



**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर की पहली क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ 19 जनवरी को दोपहर 3:30 बजे प्रदेश के आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा करेंगे। इसके साथ कांगड़ा जिला के डीसी निपुण जिंदल भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। क्रिकेट अकादमी के संयोजक जयसिंहपुर के एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि इस क्रिकेट अकादमी में अंडर 20 लड़के, लड़कियां क्रिकेट सीख सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जो भी बच्चे अकादमी में क्रिकेट सीखना चाहते हैं, वह जयसिंहपुर एसडीएम कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।


### 22 जनवरी को चलेगा राम परिवार रथ

**पंचरुखी।** प्रभु राम के आयोध्या में नए मंदिर में आगमन की पावन वेला पर पंचरुखी मे भी भव्य आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए सच्चिदानंद सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल व मच्छयाल घाट के प्रमुख प्रेमानंद ने कहा कि 22 जनवरी को मच्छयाल घाट अंद्रेटा से राम परिवार का रथ चलेगा व अगोजर व पंचरुखी होता हुआ सलियाना में राम कथा भवन पहुंचेगा। राम कथा भवन पहुंचने पर राम परिवार का भव्य स्वागत किया जाएगा और फिर प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस बेला में राम परिवार के साथ सब भंडारा ग्रहण करेंगे।

### ऊना में चमके कांगड़ा के पहलवान

**नूरपुर।** इंदिरा गांधी स्टेडियम ऊना में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कांगड़ा के पहलवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें एक स्वर्ण पदक व दो रजत पदक हासिल किए। इसमें नूरपुर विधानसभा के पहलवानों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में नूरपुर विधानसभा के हरपाल पहलवान ने 92 भार वर्ग में स्वर्ण पदक व वैभव 86 भार वर्ग में व विशाल पहलवान ने 125 भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किए। इन सभी पहलवानों की जीत श्रेय इनके कोच सुरजन और अंकिता को जाता है जिन्होंने इन पहलवानों को इस काबिल बनाया है।

### कबाड़ी की गेंदबाजी के आगे लड़खड़ाई मूमता टीम



मैच खेलने से पहले सामूहिक चित्र में कबाड़ी की टीम।

**नगरोटा बगवां।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में खेले जा रहे क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के दूसरे दौर के मुकाबले में कबाड़ी टीम की उम्दा फिल्डिंग और गेंदबाजी के आगे 12 ओवर में मात्र 47 रन ही बना पाई मूमता टीम। कबाड़ी टीम को जीत के लिए 47 रन की चुनौती दी। उसे कबाड़ी की टीम ने सात विकेट से जीत लिया। निखिल को मैन ऑफ दि मैच रहे।

## खुंडियां के युवक की मौत पर छानबीन जारी

**ज्वालामुखी।** सिविल अस्पताल खुंडियां में गत रात एक 37 वर्षीय व्यक्ति को मृत हालत में लाया गया। अस्पताल स्टाफ ने इसकी सूचना थाना खुंडियां में दी। मौके पर पहुंची खुंड़िया पुलिस ने छानबीन की तो पाया प्रदीप उम्र 37 वर्ष, निवासी गांव मोर खुंडियां को मृत हालत में अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मृतक के शव का निरीक्षण उसके पिता व मौजूद लोगों के समक्ष किया तो पाया। मृतक के शरीर पर चिकन पॉक्स (चेचक) के निशान हैं। इसके इलावा शरीर पर किसी भी तरह की चोटें या खरोच का निशान नहीं पाया गया। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों के बयान कलमबद्ध किए गए। पुलिस द्वारा मृतक प्रदीप कुमार के शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल देहरा भेजा गया है, जिसका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पुलिस द्वारा धार 174 के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है। मामले की पुष्टि डीएसपी ज्वालामुखी विकास धीमान ने की है।

## सुक्खू सरकार ने जयसिंहपुर का विकास पटरी पर लाया

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर के पूर्व विधायक जयसिंहपुर का विकास देखने के लिए अपने चश्मे का नंबर बदलें। यह बात जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने जयसिंहपुर विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व विधायक जयसिंहपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़कों की बात कर रहे हैं जबकि उनके समय में इन सब की हालत की खराब थी।

पिछले एक वर्ष में सुक्खू सरकार ने जयसिंहपुर विस क्षेत्र में विकास पटरी पर लाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान जयसिंहपुर कालेज में मात्र आठ प्राध्यापक थे और बच्चों को कॉलेज से माइग्रेशन करवा कर अन्य कालेजों का रुख करना पड़ रहा था। अब कालेज में 19 अध्यापक हैं और बाहर के कॉलेजों में यहां से गए बच्चे जयसिंहपुर कॉलेज में वापस दाखिला ले रहे हैं। जयसिंहपुर के सिविल अस्पताल का हाल भी पूर्व सरकार के कार्यकाल में बदहाल रहा। अब इस अस्पताल में तीन स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं और शीघ्र बच्चों का डॉक्टर भी यहां ज्वॉइन करने वाला है। पहले जहां अस्पताल में ओपीडी 60 से 70 होती थी अब यह ओपीडी बढ़ कर 250 से 300 हो गई है। उन्होंने पूर्व विधायक को चुनौती देते हुए कहा कि वो विकास को लेकर किसी भी मंच पर बहस को तैयार हैं पूर्व विधायक और भाजपा नेता समय व स्थान तय कर लें।

## एनएच-303 पर गड्ढे ही गड्ढे, वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी दूभर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां के अंतर्गत आते गांव भदरेड़ में एनएच-303 में इतने गड्ढे पड़े हुए हैं कि लोगों को वाहन से आने-जाने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है।



सड़क पर पड़े गड्ढे।

गड्ढों की वजह से वाहन एक तरफ टेड़े हो जाते हैं। जब यहां से कोई पैदल गुजर रहा होता है तो उसे यही डर रहता है कि कहीं हम वाहन की चपेट में न जाएं। इन गड्ढों को पड़े हुए कम से कम एक साल हो रहा है, लेकिन एचएच का कोई भी कर्मचारी इनको ठीक करने के लिए नहीं आया और न ही किसी अधिकारी ने इस सड़क की सुध ली। इस सड़क से होते हुए चंडीगढ़ के लिए भी बस चलती है। यहीं से और भी कई वाहन बस, ट्रक, कार व छोटे वाहन दिन भर चले रहते हैं, लेकिन उन्हें हमेशा यही डर लगा रहता है कि यहां कब दुर्घटना हो जाए। इस एचएच से होते हुए वाहन कंडी, बड़ोह, सुन्ही, ऐरला, रझूं, धीरा तथा पालमपुर तक इस रास्ते से गाड़ियां जाती रहती हैं। वहीं, विभाग और न ही कोई अधिकारी इस रास्ते की ओर ध्यान दे रहा है। यहां पर कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। यहां पर अभी यही हाल है तो आगे बरसात के दिनों में क्या हाल हो सकता है इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। बरसात का मौसम तो अभी आना ही है। लोगों की यही मांग है कि बरसात आने से पहले इस रास्ते को ठीक किया जाए क्योंकि बरसात में इस रास्ते का इतना बुरा हाल हो जाएगा कि चलना भी मुश्किल हो जाएगा और ऊपर से ल्हासे गिरना भी शुरू को जाएंगे। इसलिए इस एचएच को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।


## डिपो में आटे की किल्लत ने बढ़ाई लोगों की चिंता

**अमर सिंह, पालमपुर**

खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा हर माह उचित मूल्य की दुकानों में मिलने वाले आटे के कोटे से लोगों को काफी परेशानी होने लगी है। पहले लोगों को सरकार द्वारा गेहूं उपलब्ध करवाई जाती थी, जिससे ऐसी समस्या आने पर लोग गेहूं को पिसा कर काम चला लेते थे, लेकिन अब पिछले कुछ सालों से गेहूं की सरकारी सप्लाई बंद हो चुकी है, जिससे अब जनता यहां मिलने वाले आटे पर ही निर्भर हो चुकी है।

ऐसे में राशन डिपो से आटा न मिलने से लगभग इलाके के एक दर्जन सरकारी राशन डिपो के राशनकार्ड धारकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में कई सरकारी राशन डिपो पर आटे की सप्लाई प्रभावित होने से लोगों को राशन डिपो से आटा नहीं मिल रहा। इससे लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है। यहां स्थानीय राशन डिपो पर आए वनिता, ऋतु, अशोक कुमार, श्यामा राम, देस राज, सुनील कुमार, रविवार कुमार, प्रकाश चंद, बलवंत व बलदेव आदि ने बताया कि कई लोगों को पिछले कई दिनों से डिपो से सरकारी आटा न मिलने के कारण हम लोगों को राशन के लिए परेशान होना पड़ रहा है और राशन डिपो से आटा हमें नहीं मिल रहा, जिससे पिछले कई दिन से बाजार से आटा महंगा खरीदकर लाना पड़ रहा है। उधर, इलाके के खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षक सुभाष कपूर ने बताया कि सप्लायर की फ्लोर मिल के सलाना रखरखाव और उचित मुरम्मत के चलते कुछ दिन सप्लाई बाधित हुई थी जो अब ठीक होने के बाद नियमित सप्लाई डिपो में आ जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### भवारना में वन विभाग की टीम ने एक तेंदुआ बिल्ली का किया रेस्क्यू




**भवारना।** भवारना निवासियों ने मंगलवार को एक तेंदआ बिल्ली को बचाकर साथी प्राणियों के प्रति दया की मिसाल कायम की, जो एक सुनसान जगह पर भूख से मर रहा था और ठंड में कांप रहा था। दंत चिकित्सक डॉ. ईशान सूद अन्य निवासियों के साथ आगे आए और तुरंत वन्यजीव बचाव विशेषज्ञ डाक्टर आरएस किश्तवाडीया से संपर्क किया तथा उन्होंने विशेषज्ञ को वीडियो भेजकर जानकारी दी। डॉक्टर आरएस किस्तवाडिया ने भवारना निवासियों को स्थानीय वन कर्मचारियों से संपर्क करने को कहा जानवरों को नियंत्रित करने और मौके पर दवा देने और नर्सिंग के लिए विश्वविद्यालय पशु चिकित्सा अस्पताल में आगे के उपचार के बारे में सलाह दी। उन्होंने बताया कि यह जानवर पैंथेरा फेलिस परिवार का था। डॉक्टर किश्तवाडिया ने साथी प्राणियों के प्रति लोगों के दयालु भाव की सराहना की क्योंकि उनका जीवित रहना हमारे अस्तित्व के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने फिट पाए जाने पर जानवर को प्राकृतिक आवास में छोड़ने की भी सलाह दी।

### जमन गलू में दो कारों की टक्कर में एक राख



**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के बड़ोह ब्लॉक के तहत आते निहार गलू से थोड़ा आगे जमन गलू में दो कारों की टक्कर में एक कार राख हो गई। रविवार रात करीब ग्यारह बजे रविंद्र कुमार निवासी उपरली कोठियां की कार (एचपी 39 सी 2137) को एक अन्य कार ने टक्कर मार दी, जिससे रविंद्र की कार में आग लग गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। नगरोटा बगवां के एएसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कार को टक्कर मारने वाला चालक सुनील कुमार पुत्र परस राम निवासी गांव भेरू, डाकघर नेतरी शाहपुर का है, जो हादसे के बाद फरार हो गया है। इस कार को टक्कर मारी उसमें पांच लोग सवार थे। घायलों को समय रहते कार से बाहर निकाल लिया गया वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था और जानी नुकसान भी हो सकता था। घायलों में रविंद्र कुमार, कमलेश कुमारी, पूजा देवी, पंकज कुमार और पंकज शामिल थे। सभी लोगों को उपचार के लिए नजदीकी सिविल हॉस्पिटल नगरोटा बगवां में फर्स्ट एंड कर घर भेज दिया है।

### किसानों के हित में चलाई गई योजनाओं पर प्रकाश डाला

**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक जिला नूरपुर किसान मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष रामेश्वर परमार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय जसूर स्तिथ भलेटा में हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजीव ठाकुर ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई गई योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला। वहीं, दूसरी तरफ प्रदेश की कांग्रेस सरकार की गारंटियों के ऊपर भी कटाक्ष करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा उन नीतियों को नहीं लागू करने पर प्रदेश सरकार की कड़ी आलोचना की इस अवसर पर कांगड़ा चंबा लोकसभा के संगठन मंत्री राजपाल भाजपा संगठनात्मक जिला नूरपुर के अध्यक्ष रमेश राणा, महामंत्री राजेश काका, प्रदेश किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष संजय उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी अजय पठानिया, इंदौरा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष परमिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

### बारिश न होने पर फसलें खराब होने की कगार पर

**पंचरुखी।** प्रदेश में वर्षा न होने के कारण सूखे जैसे हालात बनते जा रहे हैं। जनवरी महीना भी खत्म होने वाला है लेकिन अभी भी बारिश या बर्फ के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। बारिश न होने से गेहूं व अन्य फसलों की खराब होने की स्थिति बन चुकी है। ऐसी स्थिति में किसानों को फसलों को पानी देने का एक ही साधन है। वर्षों पुरानी बनी कूहलें। लेकिन कूहलों का सही तरीके से निर्माण न होने से इसमें पानी नहीं आ रहा है। किसान नेता मनजीत डोगरा ने कहा समूचे प्लम क्षेत्र में कूहलों का जाल बिछा है जो कभी सभी खेतों में सिंचाई का एकमात्र साधन था। परंतु बड़े दुख की बात है कि आज क्षेत्र की अधिकतर कूहले बंद पड़ी हैं। मनजीत डोगरा ने कहा कि अफसरों तथा ठेकेदारों की मिलीभगत से किसानों के हजारों वर्षों के अनुभवों को विभाग द्वारा दरनिकार कर कूहलों का निर्माण करवाना सही नहीं है। उन्होंने इस समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग की है।

**गुड न्यूज**

**कार्यक्रम के दौरान सकोह पहुंचने पर बोले मंत्री यादविंद्र गोमा, लोगों ने किया भव्य स्वागत**

# सकोह-लियूंडा में पेयजल सुधार पर खर्च किए 60 लाख

**अजय पाल, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर के लोगों ने भरपूर आशीर्वाद दिया है और जनमानस की अपेक्षाओं तथा उम्मीदों को पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। गोमा, सोमवार को जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के सकोह में नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर हलके का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र की जरूरत तथा मांग के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारी बरसात में जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, पेयजल योजनाओं और भवनों को भी काफी नुकसान पहुंचा था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर करोड़ों रुपए राहत के लिए उपलब्ध करवाए। इससे जनजीवन फिर पटरी पर आया है। उन्होंने कहा कि सकोह, लियूंडा और करोंठी गांव में पेयजल सुधार के लिए नई पाइप लाइन बिछाने, टैंक बनाने पर एक वर्ष के भीतर 60 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। गोमा ने कहा कि प्रथम चरण में जयसिंहपुर हलके में मुख्य स्थानों पर 25 हाई मास्क सोलर लाइट्स लगाई जा रही हैं और अगले वर्ष से ऐसी लाइट्स पंचायत स्तर पर लगाई जाएंगी। उन्होंने स्थानीय मोक्षधाम के शेष कार्य के लिए दो लाख, खेल मैदान के लिए दो लाख तथा रेन शेल्टर के लिए चार लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि लियून्डा गांव जो जोड़ने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त हुई है। इसके शीघ्र निर्माण के लिए



जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के सकोह में पहुंचने पर मंत्री यादविंद्र गोमा का स्वागत करते कार्यकर्ता।

लोक निर्माण विभाग को प्राकलन तैयार करने के लिए कहा गया है और इसके लिए राशि उपलब्ध करवा दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में स्वीकृत आलमपुर से जयसिंहपुर हारसीपत्तन सड़क मार्ग का कार्य प्रगति पर है। मार्च में टारिंग सीजन आरंभ होते ही फाइनल लेयर बिछने के बाद लोगों को आवाजाही के लिए बढ़िया सड़क उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल, प्रधान सकोह सुशील शर्मा, उपप्रधान राम सिंह, रोबिन कुमार, जन्म चंद कटोच, अभिषेक सूद, अशोक धीमान, हेम राज शर्मा, लक्की शर्मा, एक्सईएन विजय वर्मा और सरवन ठाकुर, बीडीओ सिकंदर कुमार, नायब तहसीलदार राजीव शर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी गगनदीप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# जीर्णोद्धार तो दूर, मलबा भी नहीं हटाया

## पद्मश्री कैलाश चंद महाजन पावर हाउस बालू आठ साल से तरस रहा मरम्मत को

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला के चंबा-तीसा मार्ग पर बालू नामक स्थल पर रावी नदी के एक छोर पर विद्युत बोर्ड द्वारा निर्मित पद्मश्री कैलाश चंद महाजन दो हजार किलो वाट क्षमता के पावर हाउस बड़ी-बड़ी घोषणाओं के बाद आरंभ किया, मगर उसी परियोजना पर गत नौ वर्ष पूर्व प्राकृतिक आपदा का कहर बरपने के एक लंबे अंतराल बाद भी राज्य सरकार व विद्युत बोर्ड द्वारा पावर हाउस के जीर्णोद्धार की कोई सुध नहीं ली जा रही है।

जिससे विद्युत बोर्ड परियोजना उत्पादन से मिलने वाले आर्थिकी के अभाव से गुजरना पड़ रहा है। जबकि पावर हाउस क्षेत्र बालू में साथ लगती पहाड़ी से बारिश के दिनों में ल्हासा गिरने का खतरा नित दिन पैदा हो रहा है, तो वहीं कहीं न कहीं जर्जर अवस्था में नजर आ रहे पावर हाउस से विद्युत बोर्ड क्षेत्र में अपनी साख मनवाने वाले पदमश्री अवार्ड से अलंकृत कैलाश महाजन नाम की छवि भी धूमिल हो रही है। गौर हो कि बालू स्थित पदमश्री कैलाश चंद महाजन परियोजना दो के पावर हाऊस पर बरपे वर्ष 2015 में प्राकृतिक कहर से विद्युत बोर्ड को करारी चपत लगी है। हालांकि उस समय घटना स्थल पर काम कर रहे कर्मचारियों की जान भी बाल-बाल बची थी।

पद्मश्री कैलाश महाजन दो हजार किलो वाट क्षमता के पावर हाउस पर प्राकृतिक आपदा का कहर इतना बरपा कि नहर का मुख्य द्वार बंद करने से लेकर ठीक उसके नीचे पावर हाउस यूनिट में लगी ट्रबाइनों तक भारी भरकम नुकसान पहुंचा तहस-नहस कर डाला। बोर्ड द्वारा परियोजना के इस नुकसान का प्रारंभिक आकंलन में करीब 10 करोड़ रुपए की क्षति रिपोर्ट दर्ज कर जहां सरकार व बोर्ड उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट जारी की गई, तो वहीं विद्युत बोर्ड उपमंडल व सर्कल की रिपोर्ट मिलते ही जनलरेशन विंग तकनीकी विशेषज्ञ के एक दल ने एक माह के भीतर दोबारा नुकसान का जायजा लेने के सर्वे कर दस करोड़ रुपए की क्षति रिपोर्ट में इजाफा करते हुए कई तकनीकी पहलुओं पर कार्य करने का प्रस्ताव बनाया। आठ साल से तकनीकी विंग व जनरेशन विंग द्वारा किए जा रहे सर्वे व नुकसान रिपोर्ट फाइलों में तो तैयार की जा रही है, जबकि जमीनी हकीकत में बीते आठ सालों में परियोजना के जीर्णोद्धार कार्य तो दूर पावर हाउस पर गिरे मलबे के ढेर तक को भी नहीं हटाया जा सका है। जिसके चलते पदमश्री कैलाश महाजन परियोजना बालू (चंबा) के लिए इससे अफसोसजनक बात क्या होगी। (अनंत ज्ञान)


बंद पड़ी पद्मश्री कैलाश चंद महाजन परियोजना।

### जल्द शुरू किया जाएगा काम

धीरज धीमान, अधीक्षण अभियंता विद्युत बोर्ड जनलरेशन विंग पालमपुर का कहना है कि इस में कोई दो राह नहीं है कि पदमश्री कैलाश विद्युत परियोजना चंबा में प्राकृतिक आपदा के कारण बीते आठ वर्षों से विद्युत उत्पादन बंद पड़ा है। विद्युत बोर्ड के प्रारंभिक नुकसान आकंलन रिपोर्ट करीब दस करोड़ की क्षति सामने जिसमें विशेषज्ञ की जांच रिपोर्ट में इजाफा हुआ है। विद्युत बोर्ड जनलरेशन विंग मुख्य कार्यालय सुंदरनगर पद्मश्री कैलाश विद्युत परियोजना चंबा का जीर्णोद्धार कार्य आउटसोर्स माध्यम पर ठेके पर करवाने का निर्णय लिया है। जिसके चलते इस दिशा में विद्युत बोर्ड जनलरेशन विंग मुख्य कार्यालय सुंदरनगर द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। जिसके चलते पद्मश्री कैलाश विद्युत परियोजना का जीर्णोद्धार कार्य जल्द ही आरंभ हो जाएगा।

# तेलका स्कूल में अध्यापक नहीं

## स्टाफ की कमी से छात्रों की पढ़ाई हो रही है प्रभावित

**आजम डार, तीसा**

जिला मुख्यालय चंबा से लगभग 60 किलोमीटर दूर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तेलका में लगभग 500 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। तेलका लगभग 10 पंचायतों का केंद्र बिंदू है। यहां पर शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों का भविष्य दिन प्रतिदिन अंधकार में डूबता हुआ दिखाई दे रहा है। स्कूल में इंग्लिश, बायोलॉजी, फिजिक्स, गणित पॉलिटिकल साइंस, हिंदी, सीनियर असिस्टेंट आदि के कई पद खाली हैं।

इस कारण बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। हालांकि इस बारे में स्कूल प्रबंधन की ओर से कई बार लिखित तौर पर पत्राचार किए जा चुके हैं परंतु अभी तक स्कूल में स्टाफ की कमी को पूरा नहीं किया गया है। इसके कारण अब बच्चे भी काफी परेशान हो चुके हैं। बच्चों को अब अपने

**अभिभावकों ने जल्द पद भरने की लगाई गुहार**



भविष्य की चिंता सताने लगी है। वहीं दूसरी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तेलका में पढ़ने वाले छात्रों का कहना है कि वे काफी दूर से शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्कूल में पहुंचते हैं परंतु स्कूल में स्टाफ की कमी होने के चलते उनकी पढ़ाई में काफी बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में स्कूल के बच्चों और अभिभावकों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि स्कूल में स्टाफ की कमी को पूरा किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार का कहना है कि कई बार लिखित तौर पर सरकार व प्रशासन को स्कूल में चल रही स्टाफ की कमी के बारे में अवगत करवा चुके हैं परंतु अभी तक स्कूल में स्टाफ की कमी को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि न जाने क्यों शिक्षा विभाग और सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य दिन प्रतिदिन अंधकार में डूबता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसे में सरकार को जल्द से जल्द स्कूल में स्टाफ की कमी को पूरा करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## हर हाथ अनंत ज्ञान


चौगान वार्ड दो के निवासी राजा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


मोहल्ला कश्मीरी निवासी नदीम मिर्जा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


दशनामी जूना अखाड़ा में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते संजय कुमार।


जनसाली वार्ड निवासी लोकेश नाथ अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# गुड टच, बैड टच और शिक्षा का अधिकार के बारे में दी जानकारी

## जिला बाल संरक्षण इकाई ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, तीसा**

जिला बाल संरक्षण इकाई चंबा द्वारा स्ट्रीट सिचुएशन में रह रहे बच्चों की पहचान व उनके पुनर्वास के लिए अभियान चलाया गया। अभियान में जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता निशांत कालिया और ऑउटरीच वर्कर रमन कुमार ने विकास खंड तीसा में जाकर स्ट्रीट सिचुएशन में रह रहे बच्चों से संबंधित और छोटी उम्र में सामान बेचने और गलियों में कबाड़ इत्यादि इकट्ठा करने वाले बच्चों के आंकड़े इकट्ठे किए और यह जानने का प्रयास किया कि कहीं कोई बच्चा बिना मां-बाप के झुग्गी-झोंपड़ी में तो नहीं रह रहा और यहां रहकर अपने जीवन यापन के लिए मजदूरी या गलियों में समान इत्यादि बेचने का काम कर रहा है तथा पढ़ाई छोड़ चुका है।


पुनर्वास अभियान के बारे में जानकारी देते सामाजिक कार्यकर्ता निशांत कालिया।

स्थानीय लोगों से ऐसे बच्चों के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया ताकि ऐसे बच्चों को सरकारी सहायता उपलब्ध करवा कर उनके पुनर्वास के लिए प्रयास किया जा सके।

इसके साथ उन्हें बाल-विवाह, बाल-मजदूरी, दत्तक ग्रहण, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा का अधिकार, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, गुड़िया हेल्पलाइन 1515 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी व नशे से बच्चों को दूर रहने बारे जागरूक किया और पोक्सो एक्ट तथा गुड टच बैड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अभियान में ग्राम पंचायत गड़फरी व पंचायत सदस्यों ने भी जिला बाल संरक्षण इकाई का भरपूर सहयोग किया।

### सलूणी-तेलका मार्ग पर वर्षाशालिका मांगी

**सलूणी।** लोक निर्माण मंडल सलूणी के दायरे में आने वाले सलूणी-तेलका मार्ग पर डिवरू नामक स्थान पर वर्षाशालिका निर्माण की मांग उठने लगी है। लोगों का कहना है कि इस सुविधा के प्राप्त होने पर लोगों को धूप व बारिश में खड़े रहकर बसों का इंतजार करने से निजात मिल जाएगी। राकेश, मोहन, अशोक, महेंद्र, विक्रम, घिमों राम, निधिया राम व अन्य का कहना है कि वर्तमान में क्षेत्र के गांवों के लोगों को अपने गंतव्यों तक जाने के लिए एचआरटीसी व निजी बसों का सहारा है। ऐसे में लोगों को बस लेने के लिए यहां खुले आसमान तले खड़े होने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उक्त स्थान पर वर्षाशालिका की सुविधा न होने के चलते महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने उपमंडल प्रशासन से मांग की है कि इस दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए संबंधित विभाग को दिशा-निर्देश जारी करे ताकि लोगों को परेशानी न हो।

# बिट्टू पुजारी राज्य कार्यकारिणी में एग्जीक्यूटिव मेंबर नियुक्त

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



विधानसभा क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत गुराड के गांव सुलह के निवासी बिट्टू पुजारी को कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में राज्य कार्यकारिणी में स्टेट एग्जीक्यूटिव मेंबर नियुक्त करने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। बिट्टू पुजारी ने 2010 में बतौर बूथ डेलिगेट्स के रूप में युवा कांग्रेस में अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। वर्ष 2018 में ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर के रूप में कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में उन्होंने काम करना शुरू किया था और 2021 में जिला को-ऑर्डिनेटर के रूप में काम किया। अपने काम को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करने के कारण उन्हें राज्य कार्यकारिणी में एग्जीक्यूटिव मेंबर के तौर पर पदोन्नति मिली है। उन्होंने अपने इस नियुक्ति पर पार्टी हाईकमान का धन्यवाद करते हुए कहा है कि पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

### जोत के सुलभ शौचालय में गंदगी

**चुवाड़ी।** पर्यटक स्थल जोत स्थित सुलभ शौचालय में गंदगी के अंबार होने से पर्यटकों व स्थानीय लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय में गंदगी होने के चलते पर्यटकों को खुले में शौच के लिए मजबूरन जाना पड़ रहा है। जोत के कारोबारियों का कहना है कि वे कई बार शौचालय की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने की मांग उठा चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने उपमंडलीय प्रशासन से जल्द सुलभ शौचालय की सफाई करवाने की गुहार लगाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी पेंशन जल्द लागू करने की मांग

**तीसा।** चुराह घाटी में बिजली बोर्ड लिमिटेड को आवंटित की गई जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यालय बंद होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड पेंशन वेलफेयर संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि बोर्ड के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना जल्द लागू की जाए। इस मामले को लेकर संघ अध्यक्ष मुकेश बेदी ने बताया कि वर्तमान में चुराह घाटी में बिजली बोर्ड लिमिटेड को आवंटित की गई जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यालय बंद होने की अटकलें लगाई जा रही हैं, जबकि सरकार पहले ही इन परियोजनाओं का निर्माण बिजली बोर्ड की ओर से करवाए जाने का निर्णय ले चुकी है। कार्यालयों को बंद करने के बजाय नए कार्यालय परियोजना सर्किल, मुख्य अभियंता कार्यालय और प्रत्येक योजना के लिए डिवीजन खोलने की जरूरत है। इसमें सेवानिवृत योग्य अधिकारियों की सेवाएं ली जा सकती हैं। उन्होंने मांग की है कि कार्यालय बंद करने की अटकलों पर विराम लगाया जाए।

### चुवाड़ी से गगाहर को चलाई जाए अतिरिक्त बस

**चुवाड़ी।** भटियात के चुवाड़ी से गगाहर मार्ग पर एचआरटीसी बसों के अभाव के चलते इस क्षेत्र के लोग एक ही बस में तीन बसों के यात्रियों की संख्या में यात्रा करने पर विवश है। जिससे जहां स्थानीय लोगों को रोजाना आवागमन में परेशानी के दौर से गुजरना पड़ रहा है, वहीं निगम की इस इस दिशा में लापरवाही बड़े हादसे का कारण भी बन सकती है। गौर हो कि चुवाड़ी से गगाहर सुबह नौ बजे और दोपहर तीन बजे एक ही बस चलती है। बस में अधिक सवारियां होने के कारण कई लोगों को टैक्सी वाहनों से अपने-अपने गतंव्य स्थलों पर पहुंचाना पड़ रहा है। जिससे उन्हें बस के मुकाबले अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पथ परिवहन निगम से चुवाड़ी से गगाहर मार्ग पर अतिरिक्त बस लगाने के लिए न जाने कितनी बार गुहार लगाई है लेकिन हर बार बसें नहीं है यही बहाना बनाकर लोगों को भेज देते हैं। एक ही बस 2016 से लगाई है मात्र एक ही बस उन्होंने लगाई है वह भी कई बार खराब हो जाती है। बस न मिलने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने अतिरिक्त बस चलाने की मांग उठाई है।

# बिजली की आंख मिचौनी से कोहल्ड़ी के उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंचायत कोहल्ड़ी के विद्युत उपभोक्ता बिजली की आंख मिचौनी का दर्द एक लंबे अर्से से सहन कर रहे है। क्षेत्र के ग्रामीणों का विद्युत बोर्ड चंबा पर आरोप है कि उन्हें सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है।

क्षेत्र में किस समय बिजली गुल हो जाती है, इस बारे में कई बार ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को चेताने के बाद भी इस दिशा में कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं। जिसके चलते ग्रामीणों में बोर्ड के प्रति गहरा रोष पनप रहा है।

पंचायत कोहल्ड़ी के ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं में विनीत, पवन, अमित, नीरज, योगेंद, हेम राज, अनिश कुमार, सरना राम, रवि कुमार, अनुज कुमार, छविंद्र कुमार, रोशन लाल, प्रेम चंद, मनोज, राकेश कुमार, सुरेश, अजय कुमार, सूरज, विनोद,

**ग्रामीणों में बिजली बोर्ड के खिलाफ पनप रहा रोष**

संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, नितिन, प्रकाश, चमन, नरेंद्र कुमार, अभिषेक, अर्चना, संगीता, कल्पना, रानी, सरोज, आशा, मधु व कृष्णा का कहना है कि क्षेत्र में मौसम खराब हो या सामान्य हो क्षेत्र की बिजली गुल होना आम सी बात बन गई है। जिसे ठीक करवाने के लिए क्षेत्र के लाइनमैन को ग्रामीणों को ढूंढ़-ढूंढ़ कर विद्युत व्यवस्था को सुचारु करवाना पड़ रहा है। जबकि समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठ पाए है।

अजय कुमार सहायक अभियंता बिजली बोर्ड, चंबा का कहना है कि कोहल्ड़ी पंचायत क्षेत्र में विद्युत लाइनों का निरीक्षण करवा यहां पैदा हो रही विद्युत समस्या का जल्द स्थायी समाधान करवाया जाएगा।

### लचोड़ी में अक्सर जाम से जनता परेशान

**लचोड़ी।** कस्बा लचोड़ी में पार्किंग की समस्या जी की जंजाल बनने लगी है। कस्बे में वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ती जी रही है जिसमें वाहन मालिकों को सड़क पर ही वाहन खड़े करने पड़ रहे हैं। लिहाजा यातायात व्यवस्था भी चरमराने लगी है। ठाकरी-मद्दट्टी पंचायत के निवासी मदन लाल, राज कुमार, दर्शन कुमार, सोनू, सन्नी, केवल कुमार, पालू, किशन चंद, शीतल शर्मा शाम लाल, संजय कुमार, हाकम चंद, बंटी, देस राज, पवन कुमार, नीलू, संजू, रत्न चंद, किरण, विनय कुमार, सुरेश कुमार तथा सुलीन कुमार आदि ने कहा कि लचोड़ी चौक से सालवां, तेलका, बनीखेत-डलहौजी, खैरी तथा सुंडला, सलूणी, चंबा की तरफ रोजाना सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता जिसमें चौक पर पार्किंग के अभाव से हमेशा वाहनों का जमघट लगा रहता है। इससे लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

# चौगान वार्ड में लैंटल पर खेल रहे चार साल के मासूम पर झपटे बंदर

## वार्डवासियों ने वन विभाग से समस्या निजात की लगाई गुहार

**आरके रांगड़ा, चंबा**

नगर परिषद चंबा के अधीन चौगान वार्ड में गत दिनों से बंदरों के उत्पात ने वार्डवासियों की नाक में दम कर रखा है। बंदरों का उत्पात अब इतना बढ़ गया है कि लोगों के स्लैब पर पहुंच कर छोटे बच्चों तक को अपना निशाना बना रहे है। जिसका ताजा उदाहरण वार्ड में स्थित एक महाजन परिवार के लैंटल पर खेल रहे चार साल के मासूम को अपना निशाना बनाते हुए उसे नीचे गिराने का प्रयास किया।

गनीमत रही कि इस वाक्या को घटित होता देख पड़ोसियों के शोर मचाने पर बंदर बच्चे को छोड़ वहां से भाग खड़े हुए अन्यथा कुछ भी हो सकता था। हालांकि वार्ड वासियों ने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से बंदरों से निजात दिलवाने की गुहार भी लगाई है।



हालांकि विभाग ने मुख्यालय व आस-पास में स्थित क्षेत्रों में बंदरों को पकड़ने का अभियान भी चलाया, लेकिन कुछ बंदरों को पकड़ने के पश्चात विभाग ने इस दिशा से मुहं फेर लिया, वहीं गत माह से एक बार फिर वार्ड में बंदरों की संख्या में इजाफा होने से वार्ड के लोगों की समस्या बढ़ गई है। चौगान वार्ड वासियों में कमलेश, मुन्ना, राजीव, चंदन, मुनीष, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, नितिन, गौरी, प्रकाश, चमन, नरेंद्र कुमार, अभिषेक, गौरी, अर्चना, संगीता, कल्पना, रानी, सरोज, आशा, मधु, कृष्णा, कविता, ममता, सीमा, भावना व अंजलि आदि का कहना है कि पिछले कुछ माह से बंदरों ने वार्ड में उत्पात मचा रखा है।

उन्होंने कहा कि यदि बच्चा लेंटर पर लगी पानी की पाइप को जोर से नहीं पकड़ता या फिर पड़ोसी बंदरों को नहीं भगाते तो मासूम को बंदरों के उत्पात का शिकार होना पड़ जाता। उन्होंने जिला प्रशासन व वन विभाग चंबा के अधिकारियों से अपील की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठा चौगान वार्ड वासियों को बंदरों के उत्पात से राहत दिलाई जाए। (अनंत ज्ञान)

# अनूप ठाकुर युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश सह संयोजक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जिला चंबा के भरमौर विधानसभा क्षेत्र की कूंर पंचायत के निवासी अनूप ठाकुर को हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में बतौर प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है। अनूप ठाकुर ने इसके लिए हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी, भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु जैन, कार्यकारी अध्यक्ष यदोपति ठाकुर, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश प्रभारी योगेश हांडा, सह प्रभारी राघवेंद्र, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी दिव्यांश गिरिधर, पूर्व वन एवं मत्स्य मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य प्रवक्ता अमित पखरेटिया का आभार जताया है।

आपको बता दें कि असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस की

**कांग्रेस हाई कमान ने सौंपी जिम्मेदारी, बधाई देने वालों का लगा तांता**


अनूप कुमार ठाकुर।

प्रदेश व जिला कार्यकारिणी की घोषणा के दौरान जिला चंबा से अनूप कुमार ठाकुर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया था और वर्तमान में इस पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अनूप ठाकुर इससे पहले हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में भरमौर विधानसभा क्षेत्र से संयोजक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में जिला चंबा से जिला संयोजक एवं हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस में विधानसभा क्षेत्र भरमौर से महासचिव के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं।

इसके साथ-साथ अब कांग्रेस हाई कमान ने उन्हें हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में बतौर प्रदेश सह संयोजक नियुक्त कर उनके कंधों पर नई जिम्मेदारी सौंपी है। अनूप ठाकुर ने विश्वास दिलाया है कि जिस विश्वास से उन्हें जो यह जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वे खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। अनूप ठाकुर की इस नियुक्ति पर उसके क्षेत्र में खुशी की लहर है और उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है।

**बैठक** | भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल चुराह की बैठक में विधायक डॉ. हंसराज का आह्वान

# लोगों तक पहुंचाएं पीएम की कल्याणकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, तीसा**

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल चुराह की बैठक अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला के अध्यक्ष सीएल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से चुराह विस क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. हंसराज चौहान ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में मौजूद मोर्चा पदाधिकारियों व सदस्यों से संवाद करते हुए विधायक एवं भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. हंसराज ने कहा कि पार्टी ने मुख्य संगठन के गठन के अतिरिक्त कई विंग अथवा शाखाओं को कई नामों से गठित किया है। जिसका मुख्य उद्देश्य हर वर्ग तक पहुंचना व उत्थान कार्य करवाना है।

इसका एक मूल अंग भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा है। जिसकी जिलास्तर का नेतृत्व मोर्चा जिला के अध्यक्ष सीएल ठाकुर को सौंपा गया है। जो कि अपने दायित्व को बखूबी निभा रहे है, लेकिन इस कार्य में हर पार्टी व मोर्चा पदाधिकारी को सक्रिय भूमिका निर्वाह करनी होगी। जिससे पार्टी सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत होंगे। जिससे देश प्रदेश में विकास की रफ्तार ओर भी बढ़ सकेगी। उन्होंने कहा कि जिसके चलते यह अवश्यक है कि केंद्र सरकार की लोगों के उत्थान से जुड़ी योजनाओं से लोगों को अवगत करवाया जाए। वहीं 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जन-जन तक संदेश पहुंचाए। इससे पूर्व बैठक की अध्यक्षता करते हुए अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2024 में लोकसभा के चुनाव बहुत अहम है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा ग्राम केंद्र व जोन प्रभारियों की नियुक्ति की गई ताकि हर बूथ पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के 10 नए सदस्यों को पार्टी में जोड़ा जाएं।


भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल चुराह की बैठक में उपस्थित सदस्य।

इस अभियान के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। वहीं 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए चुराह विधानसभा क्षेत्र में हर घर निमंत्रण देने के लिए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा भरमौर के कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की ताकि समारोह में चुराह भी साक्षी बन सके। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



कुल्लू के लोअर ढालपुर स्थित आड़ यूनिक शूज सेंटर के एमडी ओम प्रकाश आड़ अनंत ज्ञान पढ़ते हुए। उन्होंने अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



कुल्लू के लोअर ढालपुर में करियाना स्टोर मालिक विनीत सूद अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

# बंजार के थाटीबीड़ में फागली उत्सव की धूम

## पटोला के दुनी चंद ने पकड़ा नरगिस का फूल, मुखौटा नृत्य रहा आकर्षण, अश्लील गालियां देकर बुरी आत्माओं को भगाया

**शीला कौल, बंजार**

कुल्लू जिला समेत मंडी सराज की फागली उत्सव के धार्मिक व वैदिक कार्यक्रम का आयोजन माघ मास की संक्रांति के साथ ही शुरू हो गया। उपमंडल बंजार के थाटीबीड़ में भी इस पर्व का आगाज हो गया है। सोमवार को बंजार की थाटीबीड़ और गोपालपुर पंचायत के केंद्रबिंदु थाटीबीड़ में फागली का आगाज हुआ। यह पर्व देवता बासुकी नाग और कर्था नाग तथा अन्य देवताओं के लिए समर्पित है।

इस पर्व को मनाने के लिए मकर संक्रांति की रात्रि को देवता की कोठी में रात भर आयोजन होता है। दूसरे दिन वाद्य यंत्रों की थाप पर विष्णु के स्वरूप माने जाने वाले मंडियाले (मुखौटे) नाचते हुए थाटीबीड़ में एक विशेष स्थान पर रुकते हैं, जहां पर आकर देवता संग नाचते हुए अश्लील गालियां देकर उस क्षेत्र से बुरी आत्माओं को भगाया गया। लोग अपने मुख पर विशेष तरह के मुखौटे लगाकर तथा शरोली नामक घास के कपड़े पहनकर इस पुरातन परंपरा का निर्वहन करते हैं और हर साल इसे बड़ी ही धूमधाम के साथ माघ मास में मनाया जाता है जो कि इस साल भी बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। उपमंडल के थाटीबीड़ में दो दिनों तक चलने वाला ये अनोखा पर्व है। इस दौरान मंडियाले (मुखौटा) नृत्य भी किया जाता है। इस मौके पर आने वाले समय के बारे में मंडियाले के द्वारा भविष्यवाणी भी की जाती है। इसी कड़ी में घास से बनी हुई चोला और हाथ में लकड़ी की झाड़ू को उठाकर एक गांव से दूसरे गांव तक नृत्य करते हुए जाते हैं। इसके बाद थाटीबीड़ के बड़े प्रांगण में खड़े होकर नरगिस के फूलों से बने हुए बीहट को परंपरा के अनुसार बनाते हैं। इस अवसर पर सामूहिक तौर पर कुल्लवी नाटी का दौर देर शाम तक चलता रहता है। ऐसा माना जाता है कि जो इस बिहट को पकड़ता है उसकी मनोकामना एक साल के भीतर पूरी होती है और इस नरगिस के फूल को पकड़ने के लिए हजारों लोग अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए उमड़ पड़ते हैं। सोमवार को इस नरगिस के फूल को पकड़ने का सौभाग्य पटोला गांव के दुनी चंद को देवता के आशीर्वाद के रूप में मिला। अनंत ज्ञान


फागली उत्सव के दौरान थाटीबीड़ में मुखौटा नृत्य करते लोग।


फागली उत्सव के दौरान थाटीबीड़ में देवताओं का आशीर्वाद लेते लोग।



पटोला के दुनी चंद नरगिस फूल के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### आज व कल बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**पतलीकूहल।** विद्युत उपमंडल कटराईं के नग्गर और बड़ाग्रां फीडर में मंगलवार और बुधवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल कटराईं के सहायक अभियंता जितेंद्र ठाकुर ने कहा है कि विद्युत उपमंडल कटराईं के अधीन समस्त उपभोक्त ाओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के वी सब स्टेशन नग्गर के अन्तर्गत आने वाले 11 के वी फीडर रायसन के आवश्यक रख-रखाव के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस फीडर के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों पतलीकूहल, कटराईं, डोभी, फोज़ल, काथी, डोहलूनाला व आसपास के इलाकों में मंगलवार को सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विपरित मौसम व बारिश होने के कारण यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। इसके साथ ही बड़ाग्रां फीडर की आवश्यक रख-रखाव के कारण, इस फीडर के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों 14 मील से 18 मील, रामपुर, कक्षेरी, बरान, रियाडा, शांगचर, जैंडी, बडाग्रां पनंगा, हलाण -2 व आसपास के लगते क्षेत्रो में बुधवार को सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विपरीत मौसम व बारिश होने के कारण यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। सभी उपभोक्त ाओं से अनुरोध है कि इस दौरान सहयोग करें।

### जाचा लगी म्हारे कुल्लू देशा एलबम रिलीज

**कुल्लू।** मनाली फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निर्माता निर्देशक कुंदन लाल ने एक नई गीत एलबम रिलीज़ की है। कुल्लवी धमाका यह एलबम संक्रांति के अवसर पर रिलीज हुई है जिसमें 'जाचा लगी म्हारे कुल्लू देशा' इस गीत को गाया है। हिमाचल के जाने-माने सुप्रसिद्ध लोक गायक धर्मेंद्र शर्मा ने जब कि इस गीत में संगीत दिया है राग स्टूडियो राजेन्द्र आचार्य जॉनी ने यह गीत लिखा है। वहीं, केवल शायर ने और वीडियो को फिल्माया है। डीआर ठाकुर देसी चैनल कुल्लू ने इस एल्बम के निर्माता निर्देशक कुंदन लाल का कहना है कि हमारे पहले के गीत 'घौर पौऊ तेरा झुरिये, रमेश ठाकुर द्वारा गाया गीत और' सुपने न ऐंढा, सुदर्शन ठाकुर के गाया हुए गीतों को दर्शकों ने काफी सराहा है। निर्माता निर्देशक कुंदन लाल ने कहा कि मनाली प्रोडक्शन 'जाचा लगी म्हारे कुल्लू देशा' द्वारा बनाई गई यह एल्बम भी दर्शकों को काफी पसंद आएगी।


लोक गायक धर्मेंद्र शर्मा।

# सिस्सू में 28 फरवरी तक पर्यटन गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध

## देव आदेश के चलते अब प्रशासन ने भी आधिकारिक तौर पर जारी किए आदेश

**अनंत ज्ञान, केलांग**



विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सिस्सू में अब 28 फरवरी तक पर्यटन गतिविधियां पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगी। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की सिस्सू पंचायत की ओर से देव आदेश के बाद जहां यह निर्णय लिया वहीं, अब जिला लाहौल-स्पीति प्रशासन की ओर से भी आधिकारिक तौर पर अधिसूचना जारी करते हुए 15 जनवरी से 28 फरवरी तक सिस्सू नर्सरी व सिस्सू हेलिपेड के आसपास के एरिया में पर्यटकों, पर्यटक वाहनों व पर्यटन गतिविधियां भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

गौर रहे कि स्थानीय पंचायत की ओर से 30 जनवरी 2023 से देव आदेशानुसार यहां पर 15 जनवरी से 28 फरवरी तक पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्णय लिया था। इसी कड़ी में इस बार भी घाटी में 15 जनवरी से हालड़ा व पुणा उत्सव शुरू होने वाला है। उत्सव के दौरान देवी-देवता शोर-शराबा बर्दाश्त नहीं करते। देव आदेश के चलते पंचायत ने यह प्रस्ताव पारित किया था और इस बारे में जिला प्रशासन को भी अवगत करवाया गया था। जिसके चलते अब आधिकारिक तौर पर जिला प्रशासन ने भी यहां पर पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं। उधर, सिस्सू पंचायत प्रधान राजीव खंगसारपा ने बताया कि पंचायत एक अधीन आने वाले मंदिरों में मकर संक्रांति से देवता तपस्या में लीन रहते हैं। देवताओं की तपस्या में कोई खलल न पड़े इसको ध्यान में रखते हुए पंचायत द्वारा डीसी लाहौल-स्पीति को सिस्सू में पर्यटनात्मक गतिविधियों पर एक माह के लिए विराम लगाने का ज्ञापन दिया था। अब प्रशासन की ओर से भी आदेश जारी कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि अक्टूबर 2020 में अटल टनल रोहतांग के खुलने के बाद लाखों की तादाद में पर्यटक सिस्सू पहुंचते हैं और यहां की नैसर्गिक सुंदरता का आनंद लेते हैं और बर्फ के दीदार करते हैं। उधर, उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि 15 जनवरी से लेकर 28 फरवरी तक सिस्सू नर्सरी व सिस्सू हेलिपेड के आसपास के एरिया में पर्यटकों, पर्यटक वाहनों व पर्यटन गतिविधियां भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगी।

## उपायुक्त ने गारबेज ट्रीटमेंट प्लांट मनाली का किया निरीक्षण

**मनाली।** उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने सोमवार को मनाली का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर परिषद मनाली की टीम के साथ गारबेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने नगर परिषद मनाली के गारबेज ट्रीटमेंट प्लांट के कचरे को ठिकाने लगाने और दुर्गंध को रोकने के कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। एनजीटी के आदेश पर उपायुक्त और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने सोमवार को प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने रोजाना निकलने वाले कचरे और लीगेसी बेस्ड (पुराने कचरे) के निष्पादन स्थलों का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। गारवेज ट्रीटमेंट प्लांट से उठ रही दुर्गंध के कारण आसपास के लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। स्कूलों के बच्चों के स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ रहा है। आसपास के स्कूल प्रबंधन और अन्य लोगों ने एनजीटी में इसकी शिकायत की है। जिसके बाद एनजीटी ने प्लांट के कचरे को निष्पादित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के आदेश दिए हैं। इसी सिलसिले में उपायुक्त ने प्लांट का निरीक्षण किया।

# दलासनी में जंगल की आग बुझाते हुए व्यक्ति झुलसा, मौत

## आनी के नित्थर के जंगलों में भी आग बुझाते हुए दो झुलसे

**अनंत ज्ञान टीम, बंजार/आनी**

जिला के बंजार विधानसभा क्षेत्र के दलासनी क्षेत्र में जंगल की आग बुझाते हुए एक व्यक्ति के आग में झुलसने के कारण मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार गत रात को ग्राम पंचायत दलासनी के अन्तर्गत फलाना गांव के समीप जंगल में लगी आग को बुझाते हुए गांव के ही रहने वाले वीर सिंह की मौत हो गई है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में जंगल में आग लगने बालों के खिलाफ रोष पनप रहा है।

उधर, व्यक्ति की मौत को लेकर बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने दुख प्रकट किया है और शोकसंतृप्त परिवार के प्रति में गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन व वन विभाग को उचित राहत व विशेष प्रोत्साहन प्रदान करने के निर्देश किए गए हैं। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि वनों में आग लगाने की इस प्रवृत्ति से परहेज करें व अच्छी घास उगने व बारिश आने के अंधविश्वास से बाहर निकलें। वहीं, जिला के आनी स्थित के नित्थर के जंगलों में आग लगने से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं इस आग बुझाने की कोशिश में दो लोग भी बुरी तरह से झुलस गए हैं। जिनकी पहचान लक्ष्मण सिंह (62) और शारदा देवी, पत्नी धर्मपाल के रूप में हुई है। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद खनेरी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया है।

गौर रहे कि खदवेचा गांव से लगी आग निथर गांव पहुंची तो लोगों ने आग को बुझाने के लिए प्रयास किए। इसी दौरान आग पर काबू पाते समय लक्ष्मण सिंह के हाथ, पांव और पीठ बुरी तरह से झुलस गए। वहीं, शारदा देवी भी आग की चपेट में आ गई। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नित्थर ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को रामपुर खनेरी अस्पताल रेफर किया गया। जहां पर उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। डीएफओ वन सर्किल लुहरी चमन राव ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि अगर कोई भी आग लगाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मेघ सिंह ठाकुर बने मनाली किसान कांग्रेस अध्यक्ष

**पतलीकूहल।** कुल्लू जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ऋषि किशोर ने अपनी टीम के कुनबे को बढ़ाते हुए मेघ सिंह ठाकुर को मनाली किसान कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है। ऋषि किशोर ने प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष सोहन वर्मा, कुल्लू किसान कांग्रेस प्रभारी रमेश गुलेरिया और मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के साथ विचार विमर्श कर स्वीकृति होने के बाद इसकी घोषणा की। अमर चंद के पुत्र मेघ सिंह गांव शुरू से संबंध रखते हैं और कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता हैं जिस कारण पार्टी ने उन्हें इस पद के लिए नियुक्त किया। ऋषि किशोर ने उन्हें जल्द कार्यकारिणी गठन करने के लिए कहा है। मेघ सिंह ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा की वह अपने दायित्व पर वह खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। इस नियुक्ति के लिए उन्होंने शीर्ष नेताओं का आभार जताया है।

# रांगड़ी से बंदरोल गोसदन पहुंचाए बेसहारा पशु

## मनाली के समाजसेवी रोशन ठाकुर की मेहनत लाई रंग



**अनंत ज्ञान, मनाली**

होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी रोशन ठाकुर की मेहनत रंग लाई है। रोशन ठाकुर के प्रयासों से रांगड़ी गोसदन में रह रहे गौवंश को सोमवार को बन्दरोल भेज दिया। रोशन ठाकुर ने घाटी वासियों के सहयोग से गोसदन को पांच जीप घास भी भेंट की।

रांगड़ी गोसदन में ठंड से पशुओं की लगातार मौत हो रही थी। हालात को देखते हुए नगर परिषद मनाली ने 350 पशुओं को कटराईं गोसदन पहुंचाया। जबकि शेष पशु बन्दरोल पहुंचाए गए। रोशन ठाकुर ने कहा कि गोसदन रांगड़ी में हर रोज गाय की ठंड से मौत हो रही है। हालांकि स्थानीय लोग गोसदन के संचालन में सहयोग कर रहे थे लेकिन ठंड अधिक होने व व्यवस्था ठीक न होने के कारण गोसदन के संचालन में भी दिक्कत आ रही थी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सभी पशु अब गर्म क्षेत्र में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि घाटी के लोगों से आग्रह किया कि कटराईं व बन्दरोल के गोसदन के संचालन में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि लोग गोसदन के लिए या घास या धन देकर पुण्य के भागी बनें।

उन्होंने कहा कि घाटी के लोगों से चंदा भी इकट्ठा किया जाएगा ताकि पशुओं की सही तरीके से देखभाल हो सके। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि गोसदन के संचालन में अपना योगदान अवश्य दें।

# पीणी फाटी में मनाई राख की होली छार दियाली

## घाटी के लोगों ने माता भागासिद्ध व लाहुआ घोंड देवता से सुख-समृद्धि का लिया आशीर्वाद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के पीणी फाटी में सोमवार को आराध्या देवी माता भागासिद्ध और देवता लाहुआ घोंड के सम्मान में (राख की होली) छार दियाली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पीणी फाटी गांव के लोगों ने एक दूसरे पर राख फेंककर बुरी शक्तियों को भगाया।

सदियों से चली आ रही इस परंपरा का गांव में आज भी बखूबी निर्वहन किया जाता है। रविवार की रात को देवता की सौह (स्थान) में गांव के लोग एकत्र हुए और वहां पर जागरा जलाया गया। वहां पर रखी मशाल की लकड़ियों की रातभर लोगों ने पहरेदारी की। सुबह देवता नारायण के गूर और माता भागासिद्ध के गूर ने एक-दूसरे पर राख फेंककर इस पर्व की विधिवत शुरूआत की। इसके बाद दोनों गांव के लोगों के बीच एक-दूसरे पर राख फेंकने का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों ने राख को गुलाल की तरह एक दूसरे पर उड़ेला और उसके साथ ही अश्लील गालियां देकर भूत पिशाच को भगाया। इस दौरान लोग मुखौटे व पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए और पर्व में भाग लेने के लिए जिलाभर से भी लोगों का खूब हुजूम उमड़ा। देवता को उनके स्थायी मंदिर से गांव के साथ खेतों में लाया गया और वहां पर ग्रामीणों ने एक-दूसरे पर राख फेंककर पुरातन परंपरा का निर्वहन का निर्वहन किया।

मुखौटे पहनकर ग्रामीणों ने नृत्य किया। लोगों ने देवी देवता से सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। माता भागासिद्ध के मुख्य पुजारी और तलपीणी पंचायत के प्रधान महेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों परस राम, खेखराम, गुरदयाल व नरेश ने बताया कि छार दियाली बुरी शक्तियों को भगाने के लिए घाटी में मनाई जाती है, इससे क्षेत्र में अन्न-धन और सुख समृद्धि की प्राप्ति होने के साथ ही भूत पिशाच से भी छुटकारा मिलता है। छह दिनों तक जगह-जगह नाटी व अन्य कार्यक्रम और मेहमानबाजी का दौर जारी रहता है और सातवें दिन सदियाला पर्व के साथ ही छार का समापन होता है। अनंत ज्ञान


पीणी फाटी में राख की होली छार दियाली मनाते लोग।

### हर घर में पहले से एकत्र करते हैं राख

हर साल धूमधाम से मनाए जाने वाले छार दियाली पर्व के लिए ग्रामीण करीब एक माह पहले से ही अपने अपने घरों में राख इक्ट्ठा करना शुरू कर देते हैं। कुल्लू में वसंत पंचमी के दिन से जहां गुलाल के पर्व होली की शुरूआत होती है वहीं, इन दोनों गांव में राख की होली मनाकर लोग छार दियाली पर्व मनाते हैं।

## सैलानी हॉट वैलून में कर रहे आसमान की सैर, जिप लाइन भी पहली पसंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

कुल्लू-मनाली व लाहौल के पर्यटन स्थलों में इन दिनों सैलानी हॉट वैलून में आसमान की सैर कर रहे हैं जबकि जिप लाइन भी उनकी पहली पसंद बनी हुई है। पर्यटन स्थलों में साहसिक गतिविधियों की धूम मची हुई है। पर्यटक सोलंगनाला में पैराग्लाइडिंग का भी आनंद ले रहे हैं।

पिछले कुछ अरसे से बर्फबारी कम हो रही है। जिसके चलते बर्फीली खेलों की जगह अब हॉट वैलून व पैराग्लाइडिंग, जिप लाइन, रिवर राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों ने ले ली है। मनाली सहित लाहौल घाटी में सैलानी इन साहसिक खेलों का आनंद ले रहे हैं। जिला कुल्लू में 15 से अधिक होट वैलून जबकि मनाली व लाहौल में 30 से अधिक जिप लाइन पर्यटकों के मनोरंजन का साधन बने हुए हैं। कोकसर व अटल टनल की ओर जाने वाले पर्यटक मनाली की ओर से ही कोट बूट पहनकर लाहौल जा रहे हैं। पर्यटन कारोबारी मकरध्वज शर्मा, रवि, पूर्ण, जगदीश, वेद राम व दीपक ने बताया कि हिमपात न होने से स्कीइंग, माउंटेन बाइक, स्नो स्कूटर, स्नो ट्यूब जैसी गतिविधियां नहीं चल रही है। लेकिन बर्फीली खेलों की जगह अब होट वैलून, पैराग्लाइडिंग, जिप लाइन, रिवर राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का पर्यटक आनंद ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी पर्यटन स्थलों में पर्यटकों से रौनक छाई हुई है।



**क्रिकेट प्रतियोगिता** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तीर्थन घाटी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# लक्ष्मी नारायण युवक मंडल फरयाडी की टीम रही विजेता

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

- **हिमालयन ईको टूरिज्म सोसायटी के प्रधान केशव ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि रहे उपस्थित**

जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी गुशैणी में मकर संक्रांति के अवसर पर हंसपुरी युवक मंडल मनहार द्वारा रविवार को कुलथी गांव में एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता एवं अन्य खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमालयन ईको टूरिज्म सोसायटी के प्रधान केशव राम ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

हंसपुरी युवक मंडल मनहार के प्रधान महेश कुमार शालू ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर इस बार भी कुलथी गांव में स्थानीय युवाओं के लिए एक दिवसीय खेलों का आयोजन किया गया है जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहा। इन्होंने बताया कि इस बार क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास के गांव से स्थानीय युवकों की छह टीमों ने भाग लिया है।

इस प्रतियोगिता का का फाइनल मैच हंसपुरी युवक मंडल मनहार और लक्ष्मी नारायण युवक मंडल फरयाडी के बीच हुआ जिसमें फरयाडी की टीम विजेता और मनहार की टीम उप विजेता रही है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव ठाकुर द्वारा सभी उपस्थित लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी गई और युवाओं से खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इन्होंने कहा कि खेलने से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है और आपस में भाईचारा भी बढ़ता है। इसलिए युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ थोड़ा समय खेलों को भी देना चाहिए। पहाड़ों की ढलान में बने इस छोटे से खेल मैदान में भी क्रिकेट प्रतियोगिता करवाने के लिए उन्होंने आयोजन कमेटी की सराहना की है और अगले साल से इससे भी अच्छा आयोजन हो। इसके लिए हमेशा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। इन्होंने अपनी तरफ से आयोजकों के लिए दो हजार रुपए देने की भी घोषणा की है।

मुख्य अतिथि द्वारा इस प्रतियोगिता की विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य प्रताप सिंह, योग राज नेगी, वेद राम, संजु नेगी, प्रेम सिंह, दुनी चन्द, डोला राम भारती, धनी राम, प्यार सिंह व गांव के अन्य गणमान्य लोग तथा युवक और महिला मंडल के सदस्य मौजूद रहे।


गुशैणी में मकर संक्रांति के अवसर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन मौके पर मुख्यातिथि के साथ अन्य गणमान्य लोग।

# अवैध कब्जों पर चला पीला पंजा

## बस अड्डा सरकाघाट में अतिक्रमणकारियों पर नप की कार्रवाई, नालियां खोलने का काम शुरू

**रितेश चौहान , सरकाघाट**



सरकाघाट बस अड्डे में नालियों पर किए अवैध निर्माण को हटाती जेसीबी।

सरकाघाट एचआरटीसी बस अड्डे पर अवैध कब्जाधारी दुकानदारों पर नगर परिषद का पीला पंजा चला। सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष कश्मीर सिंह, रोपा कॉलोनी के पार्षद ध्यान सिंह और सफाई पर्यवेक्षक विपुल की अगुआई में जिन भी दुकानदारों ने बस अड्डे में बनी नालियों के ऊपर अवैध रूप से स्लैब डालकर कब्जा किया था उन्हें लोक निर्माण विभाग की जेसीबी मशीन लगाकर हटा दिया गया और करीब एक दर्जन सफाई कर्मी तैनात करके नालियों की सफाई शुरू कर दी गई।

नगर परिषद ने बस अड्डे पर अवैध रूप से टीन के शेड लगाकर अतिक्रमण करने वालों को बाकायदा एक हफ्ते की डेडलाइन जारी की है उन्हें साफ कह दिया गया है कि एक हफ्ते के भीतर अपना कब्जा हटा ले अन्यथा नगर परिषद शेड और शेड के भीतर रखे गए सामान को अपने कब्जे में ले लेगी।

गौरतलब है कि पिछले काफी समय से अवैध अतिक्रमण के कारण बस अड्डे की तमाम नालियां बंद कर दी गई थी, जिस कारण सीवरेज और नालियों का गंदा पानी बस अड्डे के फर्श के ऊपर बह रहा था। रोजाना लोगों और सवारियों को बसों के आने-जाने से गंदे पानी के छींटे पड़ने से परेशान होना पड़ता था इसे लेकर नगर परिषद और एचआरटीसी विभाग आमने-सामने हो गया था परंतु मीडिया में विस्तृत खबर छपने के बाद आखिरकार नगर परिषद को कार्रवाई अमल में लानी ही पड़ी। (अनंत ज्ञान)

**टीन के शेड लगाकर अतिक्रमण करने वालों को एक हफ्ते की डेडलाइन**

### अवैध कब्जा करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा

नगर परिषद अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने कहा कि शहर में अवैध कब्जा करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। बस अड्डे के भीतर नालिया ब्लॉक कर दी गई थी। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा था। सोमवार को कार्रवाई करके नालियां खाली करवा दी है, अवैध रूप से रखा गया सामान और शेड हटाने के लिए एक हफ्ते की डेडलाइन जारी की गई है। उसके बाद उनका सामान भी जब्त कर लिया जाएगा।

## छातड़ू में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम कल

**मंडी।** मंडी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के छातड़ू में 17 जनवरी को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम में छातड़ू तथा आसपास की पंचायतों के लोगों की समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों द्वारा आपसी समन्वय से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 18 जनवरी को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह टकोली में, 19 को विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार करसोग के बखरोट में तथा 20 जनवरी को नाचन के घरोट के बरोहकड़ी में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वहीं 21 जनवरी को लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सराज विधानसभा क्षेत्र के कलहणी में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

## सुरेश अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार महासंघ के राज्य प्रभारी बने



सुरेश कौशल को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

संयुक्त व्यापार संगठन के प्रदेश संगठन सचिव एवं स्वयंसेवी सुरेश कौशल उर्फ बब्बू पंसारी को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार महासंघ का राज्य प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसको लेकर सुरेश कौशल का सुंदरनगर पहुंचने पर स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर महासंघ के सदस्यों ने भी सुरेश कौशल को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। महासंघ के जिला निदेशक मंडी पवन ठाकुर ने महासंघ की ओर से सुरेश कौशल को नियुक्ति पत्र सहित अन्य दस्तावेज सौंपे। सुरेश कौशल पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में समाजसेवा करते आ रहे हैं। कोरोनाकाल हो या बरसात की त्रासदी, सैकड़ों लोगों की इन्होंने निस्वार्थ तन, मन और धन से सेवा की है। अपने इस नए दायित्व के लिए सुरेश कौशल उर्फ बब्बू पंसारी ने मानवाधिकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं जन सेवा की भावना से निर्वहन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर की अंकिता राजस्थान रवाना



**जोगिंद्रनगर।** खेलों के क्षेत्र में कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की एक और छात्रा अंकिता अंडर-19 जूडो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गंगानगर (राजस्थान) के लिए रवाना हो गई है। गंगानगर में यह प्रतियोगिता 14 से 18 जनवरी तक चलेगी। इससे पहले अंकिता ने आठ से 10 जनवरी तक हमीरपुर में नेशनल कैंप में भी हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने बताया कि अंकिता ने राज्य स्तर पर जूडो में स्वर्ण पदक हासिल किया था, जिसके चलते अंकिता का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य ने अंकिता के चयन के लिए उसके माता-पिता, समस्त स्टाफ, डीपीई मनोहर लाल और शारीरिक शिक्षक उमेश कुमार को बधाई दी है।

### सरकाघाट में कल बंद रहेगी बिजली

**सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों और 33 केवी सब स्टेशन बरछवाड़ के अंतर्गत आने वाले फीडर 11 केवी मसेरन, सरकाघाट, धर्मपुर/ न्यू रिस्सा, ओल्ड रिस्सा, टिहरा, गोपालपुर व मौंही के सभी क्षेत्रों में 17 जनवरी को विद्युत आपूर्ति सुबह नौ से सायं पांच बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट राज सिंह पराशर ने दी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### टकोली में होगा सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम

**बालीचौकी।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम 18 जनवरी को विकास खंड बालीचौकी के टकोली गांव में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिरुद्ध सिंह ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री करेंगे। इस कार्यक्रम में सरकार की योजना से लाभान्वित सभी लाभार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा, जिनसे मंत्री संवाद करेंगे। इसके बाद स्थानीय क्षेत्र की समस्याएं सुनी जाएंगी व उनका निपटारा किया जाएगा। इससे पूर्व 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर दो बजे तक ग्राम पंचायत टकोली के पंचायत घर में एक विशेष शिविर लगाया जाएगा, जहां पर उपमंडल स्तर की समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यदि किसी भी जन साधारण की कोई शिकायत या अन्य समस्या हो तो वह अपनी शिकायत व समस्या लिखित तौर पर 18 जनवरी तक या इससे पूर्व संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कनैड में राष्ट्र स्तरीय कोचिंग कैंप जारी



कनैड स्कूल में आयोजित कैंप में पहुंचे मुख्यातिथि व अन्य।

**मंडी।** 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्रों का राष्ट्रीय स्तरीय कोचिंग कैंप 13 जनवरी से 20 जनवरी तक राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड तहसील सुंदरनगर जिला मंडी में शुरू हुआ है। सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद देने के लिए शिक्षा विभाग से सेवानिवृत सहायक निदेशक खेल राजेश ठाकुर व उनकी धर्मप ी पहुंचे। यह प्रतियोगिता 24 जनवरी से 28 जनवरी 2024 तक रांची झारखंड में होनी तय हुई है। कैंप संचालक विजय चौधरी, चंदन कटोच, टीम कोच बालम चौहान, असिस्टेंट टीम कोच दिलीप चौहान, टीम मैनेजर जगत शर्मा, रोहित परमार स्थानीय पाठशाला के शारीरिक शिक्षक अमी चंद, राम सिंह, दुर्गा ठाकुर, स्मृति ठाकुर यादव, जोगिंद्र पाल, संजीव कौशल इत्यादि उपस्थित रहे।

## सज्याओपिपलू मेले के समापन पर शोभायात्रा



मुख्यातिथि विधायक चंद्रशेखर को सम्मानित करते आयोजक।

**मंडी।** जिला स्तरीय सज्याओपिपलू मेले के समापन अवसर पर धर्मपुर विधानसभा के विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि संस्कृति को सहेजने में मेले और त्योहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेले हमारे आपसी भाईचारे का जीवंत रूप हैं। उन्होंने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर शिव मंदिर से मेला स्थल तक निकाली गई शोभायात्रा में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं भी रक्तदान किया। उन्होंने वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। उन्होंने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि क्षेत्र के सभी सरकारी गैर सरकारी उन्होंने बताया कि यहां पर खेल मैदान में नया आधुनिक मंच जल्द ही बनाया जाएगा। उन्होंने बाजार के लिए हाई मास्ट लाइट लगाने और वॉलीबाल कोर्ट बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने लोगों से पंचायतों में सामुदायिक भवन बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की अपील की। विधायक ने इस मौके पर प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम राजिंद्र गौतम, थाना प्रभारी धर्मपुर रजनीश ठाकुर, स्थानीय पंचायतों के प्रधान, पंचायत समिति सदस्य सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## डेमोक्रेसी क्विज प्रतियोगिता 23 को

**मंडी।** मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में 23 जनवरी को डेमोक्रेसी क्विज के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने स्वीप के नोडल अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन 25 जनवरी राष्ट्रीय वोटर दिवस के अवसर पर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचन विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित होगी। प्रारंभिक स्तर की प्रतियोगिता सभी शिक्षण संस्थानों में 23 जनवरी को आयोजित होगी। प्रत्येक शिक्षण संस्थान से इस प्रतियोगिता के शीर्ष विजेता रहे तीन प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। फाइनल प्रतियोगिता मार्च या अप्रैल माह में आयोजित होगी।

# शिव मंदिर कंसा चौक में नमो कबड्डी प्रतियोगिता, सिराज की टीम विजेता

## किसान मोर्चा ने किया आयोजन, सफाई अभियान भी छेड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

भाजपा किसान मोर्चा ने शिव मंदिर कंसा चौक में सफाई अभियान चलाया। इस सफाई अभियान में विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा उपस्थित रहे। संजीव देष्टा ने कहा कि सफाई अभियान के बाद नमो कबड्डी का आयोजन भी किया गया, इसका शुभारंभ संजीव देष्टा ने किया। इसमें भाजपा संगठनात्मक मंडी जिला की टीमों ने भाग लिया। समापन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारा दिया है कि नशा भगाओ, खेल अपनाओ। आज की युवा पीढ़ी को खेल की तरफ ध्यान देना चाहिए। सिराज की टीम ने फाइनल में बल्ह की टीम को पांच अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निहाल चंद शर्मा व संजीव देष्टा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा ने भी भाग लिया। यह कार्यक्रम किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दलीप की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहन, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राणा, मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, किसान मोर्चा प्रदेश सचिव भागीरथ घरवाल, प्रवक्ता महेश, सेषपाल सकलानी, अभिनव गुलेरिया, जिला महामंत्री किसान मोर्चा जोधवीर, नवीन गुलेरिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमर सिंह, कुलदीप, सुरेंद्र, कर्ण व रैफरी महेंद्र कांत की टीम व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# महादेव में शौचालय में घुसा तेंदुआ काबू

## बंदूक से इंजेक्शन लगाकर किया बेहोश, वाइल्ड लाइफ टीम ने भेजा उपचार केंद्र

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



महादेव में वन विभाग द्वारा पकड़ कर पिंजरे में बंद किया तेंदुआ।

उपमंडल सुंदरनगर की ग्राम पंचायत महादेव में सोमवार को लोग तेंदुए के खौफ से सहमे रहे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे गांव में तेंदुआ होने की सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने वेटरनरी विभाग के सहयोग से शाम के करीब चार बजे तेंदुए को बंदूक से इंजेक्शन लगाकर बेहोश किया। बेहोशी की हालत में तेंदुए को वाइल्ड लाइफ टीम द्वारा उपचार केंद्र ले जाया गया। जानकारी के अनुसार महादेव में सोमवार सुबह लोग दर्जनों कुत्तों के भौंकने के बाद समीप के घर के खेत के समीप पहुंचे।

वहां कुत्ते पेड़ पर चढ़े तेंदुए पर लगातार भौंके जा रहे थे। किसी ने पंचायत प्रधान को इसकी सूचना दी। प्रधान ने वन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इसी दौरान तेंदुआ पेड़ से नीचे छलांग लगाकर कुत्तों से बचता हुआ एक घर के शौचालय में घुस गया। तेंदुए के घर के शौचालय में जाने के बाद घरवालों ने स्वयं को घर में बंद कर लिया। वहीं क्षेत्र में तेंदुआ होने की सूचना के बाद मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। उस समय तक वन व पुलिस विभाग के साथ वाइल्ड लाइफ की टीम के सदस्य भी पहुंच चुके थे, लेकिन किसी में भी हिम्मत नहीं थी कि शौचालय में घुसे तेंदुए को किसी तरह से काबू किया जाए। तभी चौक गांव के विजय नागपाल ने वहां जाकर शौचालय का दरवाजा बंद करने की बात कही। खतरा देखते हुए अधिकारियों ने मना कर दिया। इसके बावजूद विजय नागपाल शौचालय के पास पहुंच गए। जैसे ही उन्होंने शौचालय में बैठे तेंदुए को देखा तो तेंदुए ने उन पर झपटने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने तुरंत शौचायल का दरवाजा बंद दिया।

इसके बाद वेटरनरी विभाग की टीम के सदस्यों ने ड्रिल के माध्यम से लोहे के दरवाजे पर छेद किए और गन के माध्यम से इंजेक्शन लगाकर तेंदुए को बेहोश किया। डीएफओ सुकेत राकेश कटोच ने बताया कि तेंदुए को उपचार केंद्र ले जाया गया है। उपचार के बाद उसे जंगल में छोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### सोशल मीडिया पर तेंदुए के वीडियो खूब हुए वायरल

महादेव गांव में सोमवार को तेंदुए की दबिश के वीडियो सोशल मीडिया पर पूरा दिन जमकर वायरल हुए। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा खेतों में तेंदुए के पीछे भागते हुए कुत्तों के झुंड का वीडियो लगातार शेयर किया गया। वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर द्वारा तेंदुए के पीछे लगी कुत्तों की दौड़ की रिल्स बनाकर भी अपने सोशल मीडिया से अपलोड की गई, लेकिन रिहायशी इलाके में इस तरह से तेंदुए द्वारा आने से लोगों में पूरा दिन दहशत का माहौल बना रहा।

# खरठीं गांव में आग की भेंट चढ़ा दो मंजिला मकान



निहरी के खरठीं गांव में आग में जलता हुआ मकान।

**अनंत ज्ञान, निहरी**

मंडी जिला के बीएसएल पुलिस थाना कॉलोनी के तहत निहरी के खरठीं गांव में एक स्लेटनुमा दो मंजिला मकान आग की भेंट चढ़ गया। आग लगने से मकान के अंदर रखा पूरा सामान जल कर राख हो गया है। इस कारण प्रभावित परिवार को लाखों का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार निहरी क्षेत्र के खरठीं गांव में छबि राम पुत्र मस्त राम के घर में अचानक आग लग गई, परिवार के सदस्यों व गांव के लोगों को जैसे ही घटना का पता लगा तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया,लेकिन उस समय तक मकान पूरी तरह से जलकर राख हो चुका था। इस अग्निकांड की घटना में प्रभावित परिवार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं प्रशासन की तरफ से पीड़ित परिवार को 20 हजार की फौरी राहत प्रदान कर दी गई है। जानकारी देते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी के आपदा सर्व दिलेराम ने कहा कि पीड़ित परिवार का इस घटना के कारण लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# संकन गार्डन में पूर्व सैनिक लीग ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## पूर्व सैनिक लीग ने मनाया 76वां स्थापना दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते लीग के सदस्य।

संकन गार्डन में सोमवार को पूर्व सैनिक लीग ने अपना 76वां स्थापना दिवस मनाया। इसमें करीब 50 से अधिक पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर वीर नारियां भी उपस्थित रही। जिला लीग के महासचिव हेतराम शर्मा ने बताया कि देश में हर साल 15 जनवरी को भारतीय थल सेना दिवस मनाया जाता है।

इसी दिन 1949 में फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ने जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान ली थी। करियप्पा आजाद भारत के पहले कमांडर इन चीफ थे। करियप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में हर साल यह दिन मनाया जाता है। आर्मी डे पर पूरा देश थल सेना के अदम्य साहस, उनकी वीरता, शौर्य और उसकी कुर्बानी को याद करता है। इस दौरान जिला लीग के महासचिव हेतराम शर्मा ने कहा कि एक सैनिक दिन रात सरहदों पर तैनात रहता है और जब वीरगति को प्राप्त होते है तो राजनीतिज्ञ घड़ियाली आंसू रोते है और शहीद के परिवार पर राजनीति करते है। इस दौरान पूर्व सैनिक लीग जिला मंडी द्वारा दो मिनट का मौन भी रखा गया और सभी पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**कार्यक्रम** नौसेना व वायुसेना से सेवानिवृत्त भूतपूर्व सैनिकों ने बलद्वाड़ा में मनाया सेना दिवस

# मौन रखकर शहीदों को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**अनंत ज्ञान, बलद्वाड़ा**




बलद्वाड़ा में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहीदों को श्राद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व सैनिक।

नौसेना व वायु सेना से सेवानिवृत्त भूतपूर्व सैनिकों ने बलद्वाड़ा में 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया। इस समारोह का आयोजन संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ एवं ओआर हिमाचल प्रदेश के बैनर तले किया गया। एक साधारण और छोटे से समारोह का प्रारंभ दो मिनट के मौन के साथ किया गया, जोकि सभी शहीदों को जिन्होंने भारतवर्ष के साथ हुए युद्धों में भाग लिया और अपनी जीवन का बलिदान दिया उनके लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद पूर्व सैनिकों ने मोमबत्तियां जलाकर उनको याद किया। इस मौके पर बहुत से प्रवक्ताओं ने भारतीय सहस्त्र सेनाओं के अनुशासन, बहादुरी तथा उनके कंट्रीब्यूशन को विस्तार पूर्वक बतलाया। पूर्व सैनिकों ने अपने युद्धों के अनुभवों को भी आपस में साझा किया। इस सेना दिवस समारोह की अध्यक्षता संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ ओआर हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा ने की। कैप्टन वर्मा ने बताया कि 15 जनवरी का दिन भारत के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन 76 वर्ष पहले 15 जनवरी 1949 को भारतीय मूल के लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा ने भारतीय सहस्त्र सेनाओं की कमान ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस वाउचर से ली थी। इससे पहले कोई भी भारतीय ऑफिसर इतने बड़े रैंकों तक नहीं पहुंचते थे। कैप्टन जगदीश वर्मा ने आगे बताया कि बाद में जनरल करियप्पा को पांच सितारा फील्ड मार्शल का रैंक दिया गया था, क्योंकि उनके किए हुए कंट्रीब्यूशन को देश कभी भी भूल नहीं पाएगा। इस समारोह में कै. सतपाल, सूबेदार मेजर उत्तम चंद, नायब सूबेदार लक्ष्मी चंद, चीफ पेटी ऑफिसर विद्यासागर, नायक जगदीश ठाकुर तथा बहुत अन्य पूर्व सैनिकों ने भी भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### 55 गैर सरकारी सदस्यों की नियुक्ति की

**घुमारवीं।** जिला योजना, विकास और 20 सूत्री कार्यक्रम समीक्षा कमेटी में जिले से 55 गैर सरकारी सदस्यों को नियुक्ति दी गई है। प्रदेश योजना विभाग की ओर से इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। कमेटी में झंडूता से सतीश चंदेल, घंडीर से विजय कौशल, समोह से सुरेश नेगी, झबोला से मृदुल चंदेल, मलराओं से रामलाल, सलवाड़ से जगतराम, कोसरियां से ओंकार सिंह, बिलासपुर से आशा देवी, समोह से सीताराम नेगी, बलोह से सुनीता धीमान, भगेड़ से सुरेश भारद्वाज, नसवाल से राजेश कुमार, डंगार से प्यार सिंह, सरेल से श्याम सिंह ठाकुर, सलाओं से पंकज शर्मा, औहर से राज गुप्ता, पनौल से आशीष शर्मा, दाबला से देशराज, कोटलु ब्राह्मणा से कैप्टन होशियार सिंह। भदरोग से कुलदीप चंदेल, चकोह से हेमचंद, दियोध से सीमा, घुमारवीं से कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजना धीमान, दकड़ी से रजनीश मेहता और बाहोट कसोल से हीरापाल शामिल हैं।

### कंप्यूटर मोटर ड्राइविंग टेलरिंग को आवेदन

**बिलासपुर।** जिला प्रबंधक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम बिलासपुर विपन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश एससी एवं एसटी विकास निगम बिलासपुर की ओर से वर्ष 2023-24 के दौरान बिलासपुर के एससी से संबंधित युवक-युवतियों को निगम की दलित वर्ग व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना के तहत विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण हेतू, आवेदन आमंत्रित किए जाते है। यह प्रशिक्षण कंपयुटर, मोटर ड्राइविंग, टेलरिंग में दिया जाएगा। आवेदक जिला बिलासपुर का स्थायी निवासी, अनुसूचित जाति से संबंधित होना चाहिए तथा आवेदक के परिवार की समस्त साधनों से वार्षिक आय 35000 से अधिक न हो या आवेदक आईआरडीपी/ बीपीएल परिवार से संबंधित होना चाहिए। आवेदक की आयु 18-35 साल के मध्य होनी चाहिए तथा आवेदक ने बेरोजगार भत्ता/ कौशल विकास भत्ता प्राप्त न किया हो, उसका शपथ पत्र आवेदन के साथ सलंग्न होना चाहिए।

### युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा चिट्टा: महेंद्र

**घुमारवीं।** चिट्टे के सप्लायर हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं, इनसे देश का भविष्य युवा पीढ़ी को बचाना बहुत जरूरी है। संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के तहत भराड़ी में आयोजित बैठक में कहा कि चिट्टा हमारी युवा पीढ़ी को खोखला बना रहा है। चिट्टे से बचाने के लिए हमें अपने गांव व आस पड़ोस में चिट्टे के सप्लायर को आने पर रोक लगानी होगी और उन्हें पुलिस के माध्यम से जेल में भेजना होगा। पूरे देश में हिमाचल चिट्टा इस्तेमाल करने वाला दूसरा राज्य बन गया है, जो कि बहुत ही चिंताजनक है । अगर आज हमने अपनी युवा पीढ़ी को इस चिट्टा नामक नशे से नहीं बचाया, तो आने वाला कल बहुत खराब होगा, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने घुमारवीं अंगेस्ट चिट्टा अभियान की सराहना की और संस्था के साथ मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ाने का प्रण भी लिया।

### नशा हमारे समाज का दुश्मन : गौरव चौधरी


पेहड़वी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम घुमारवीं।

**घुमारवीं।** नशा हमारे समाज का दुश्मन है। इससे आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए समाज के हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। यह बात पेहड़वी पंचायत में सतत प्रयास संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने कही। एसडीएम मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उनके साथ पूर्व पुलिस महानिदेशक आईडी भंडारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सतत प्रयास संस्था के संस्थापक राजेश भारद्वाज ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संस्था की जानकारी देते हुए संस्था संस्थापक राजेश भारद्वाज ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य नशे को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना है। नशे के सौदागर स्कूली बच्चों को एक सुनियोजित तरीके से अपने चंगुल में फसाते हैं। क्योंकि इस अवधि में बच्चों में अच्छे-बुरे की समझ नहीं होती है। उन्होंने प्रशासन से नशे की रोकथाम के लिए कार्यक्रम करने की भी मांग की। पूर्व महानिदेशक आईडी भंडारी ने बताया कि केमिकल नशा हमारे समाज के लिए घातक है।

# बिलासपुर में चोरियों का मास्टर माइंड गिरफ्तार

## शहर में हुई चोरियों का मुख्य सरगना था अदनान, काफी दिनों से पुलिस की गिरफ्त से था बाहर

**शुभम राही, बिलासपुर**

- पुलिस जांच के बाद और कई हो सकते हैं खुलासे सिटी चौकी की टीम मुख्य आरोपी तक पहुंची
- पुलिस अब जांच में लगी है कि वे चोरी किए गए सामान को कहां पर सप्लाई करते थे

बिलासपुर शहर में काफी समय से हो रही चोरियों का मास्टर माइंड सिटी चौकी की टीम ने सोमवार को पकड़ लिया है।

काफी दिनों से बिलासपुर में छुपे इस मुख्य आरोपी को पकड़ कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार चौधरी के पास लाया गया, जिससे पुलिस अधिकारी इनसे कई मामलों को लेकर भी पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी अदनान मस्जिद के मौलवी के साथ मिलकर चोरियों की प्लानिंग करता था, जिसके बाद वह पूरी टीम के साथ मिलकर चोरियों को अंजाम देते थे, लेकिन सिटी चौकी बिलासपुर की समस्त टीम इन चोरों तक पहुंची और यूपी के रहने वाले यह सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर शहर के धौलरा रोड में स्थित मस्जिद के मौलवी को पुलिस ने नोटिस के आधार पर अभी छोड़ा हुआ है, लेकिन पुलिस का कहना है कि यह आरोपी भी इस गैंग का हिस्सा था, जिसके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। आपको बता दें कि चोरी हुआ सामान यूपी के युवक अपनी दुकान में छुपाकर रखते थे।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पुलिस की जांच करने पर उक्त आरोपी युवकों के कमरे से काफी मात्रा में चोरी हुआ सामान बरामद किया गया है। वहीं, हैरान करने वाली बात यह है कि इन यूपी के युवकों ने शहर के डियारा सेक्टर के युवक को भी अपने साथ शामिल किया हुआ था। आरोपी चोर युवक मुनीष खान उर्फ मोनू चोरी को अंजाम देता था और उक्त यूपी के युवक अपनी स्कूटियों के माध्यम उस सामान को अपनी दुकान में लंबे समय से छुपा कर रख रहे थे। वहीं, पुलिस अब इस जांच में लगी है कि वह चोरी किया गया सामान को कहां पर सप्लाई करते थे। यह भी माना जा सकता है कि इस चोरी के मामले में कई अन्य गिरोह भी पुलिस की पकड़ में आ सकते हैं।

शुक्रवार को पकड़े गए आरोपियों की पहचान जुबेर खान मुजफ्फरनगर यूपी के रूप में हुई है। वहीं, दूसरा आरोपी मुनीष खान डियारा सेक्टर में हुई है। वहीं, तीसरा आरोपी नाबालिग पाया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान ताहिर खान उम्र 35 साल (मौलवी), अदनान (दिल्ली एल्यूमिनियम) के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

### मौलवी के साथ मिलकर बनाते थे प्लानिंग


चोरी आरोपियों सहित सिटी चौकी बिलासपुर की टीम।

### अधिकतर चोरियों में इन लोगों की संलिप्तता पाई



उधर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार चौधरी का कहना है कि पुलिस ने चोरी के मुख्य आरोपी को पकड़ लिया है। चोरी के मुख्य आरोपी के साथ शहर के एक मौलवी की संलिप्तता भी पाई गई है, जिस पर पुलिस पूरी तरीके से जांच में लगी हुई है। शहर में हुई अधिकतर चोरियों के मामलों में इन लोगों की संलिप्तता पाई गई है।

### खुल सकते हैं कई राज

आपको बता दें कि इस मामले में कई अन्य और भी खुलासे हो सकते हैं। क्योंकि इन चोरी के मामलों में कई अन्य और मामलों तक पुलिस पहुंच सकती है। क्योंकि इस चोरी के मामलों में पुलिस के हाथ कई अन्य सुराग भी लगे हैं, जिनपर बिलासपुर पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

### आरोपियों के बैंक अकाउंट की होगी जांच

जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपी चोर युवकों के बैंक खाते की भी जांच की जाएगी। खाते के सभी लेन देने के बारे में पूरी जानकारी पुलिस प्रशासन की ओर से ली जाएगी, ताकि पुलिस इन चोरों की पूरी हिस्टरी पता करें।

## गर्ग ने बाबा बालक नाथ मंदिर बधाघाट से चलाया सफाई अभियान

### कांग्रेसी नेतृत्व नहीं पचा पा रहा राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा


गर्ग भाजपा पदाधिकारियों के साथ बाबा बालक नाथ मंदिर में साफ-सफाई करते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ तीर्थ अभियान के आह्वान पर आज पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की कसारू पंचायत के गांव बधाघाट के बाबा बालक नाथ मंदिर में स्थानीय लोगों तथा भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान करते हुए परिसर की साफ-सफाई की। गर्ग ने कहा किआगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा।

हमारी कई पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन के साथ खप गईं। कई कार्यकर्ताओं ने अपना पूरा जीवन उसके लिए समर्पित कर दिया। भाजपा के चुनावी मेनिफेस्टो में श्री राम मंदिर का नाम देखकर कांग्रेस और विपक्षी दल कहते थे कि भाजपा वाले मंदिर तो बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। आज जब मंदिर बन गया, तारीख तय हो गई, प्राण-प्रतिष्ठा होने वाली है, तब यही विपक्षी दल भागने का काम कर रहे हैं।

यह वही लोग हैं, जिन्होंने श्री राम को काल्पनिक बताया था। यह वही लोग हैं जिन्होंने हमें अपने श्री राम लला को टेंट में रखने पर मजबूर किया था। इन्होंने फिर से बाबरी मस्जिद बनवाने का भरपूर प्रयास किया। इन्होंने राम मंदिर के निर्माण में बाधा डालने के लिए वकीलों की फौज खड़ी की, तो हम यह कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि कांग्रेस के लोग श्रीराम जी के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या आएंगे ?

## प्रोडक्शन एसोसिएट के 50 पदों के लिए इंटरव्यू 19 को

**बिलासपुर।** अलाइंसग्रो प्राइवेट लिमिटेड, मोहाली में प्रोडक्शन एसोसिएट के 50 पद भरे जाने हैं, जिसके लिए 19 जनवरी 2024 को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं, बिलासपुर में 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने दी। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, 12वीं अथवा फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन या अन्य ट्रेड में आईटीआई पास अथवा डिप्लोमा मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल होना चाहिए।

चयनित अभ्यर्थियों को मासिक मानदेय 14,000 से लेकर 19700 एवं पीएफ, ईएसआई तथा सब्सिडाइज कैंटीन, अटेंडेंस अलाउंस एवं बोनस की सुविधा दी जाएगी। 18-35 आयु वर्ग के पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित दिनांक 19 को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं, बिलासपुर हि.प्र. पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

## रेलवे में स्थानीय लोगों को मिला काम भाजपा विधायक गुंडागर्दी पर उतरे


कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विकास ठाकुर श्री नयना देवी में प्रेसवार्ता करते हुए व उनके साथ पार्टी के अन्य लोग।

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

जब रेलवे में कंपनियों का काम स्थानीय लोगों को मिल रहा है, तो भाजपा के विधायक गुंडागर्दी पर उतर आए हैं।

उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि अब प्रदेश में जनता की सरकार है और भाजपा की गुंडागर्दी अब नहीं चलेगी। यह बात कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विकास ठाकुर ने श्री नयना देवी में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। विकास ठाकुर ने भाजपा पर कड़े प्रहार करते हुए कहा कि जब से भाजपा की सरकार प्रदेश में सत्तारुढ़ थी उस समय भाजपा के नेता रेलवे में अपनी राजनीतिक रोटियां सेकते रहे और उनके रिश्तेदारों के ट्रैक्टर-टिप्पर काम पर लग रहे, लेकिन जब कांग्रेस सरकार ने यह फैसला लिया कि रेलवे का कार्य स्थानीय लोगों को मिलेगा। स्थानीय किसानों के ट्रैक्टर और टिप्पर रेलवे में बजरी उठाने का काम करेंगे, तो उन्हें पेट में दर्द हो उठा और उल्टा चोर कोतवाल को डाटने वाली कहावत उन्होंने चिर्थात की हैं। विकास ठाकुर ने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्तारुढ़ हुई, तो पूर्व मंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम लाल ने भी कहा था कि अब गरीबों को किसानों को उनका हक मिलेगा और भाजपा की चोर बाजारी बंद होगी। उसी के तहत आज यह निर्णय लिया गया है विकास ने कहा कि अब रेलवे के अंदर स्थानीय लोगों को कार्य मिलेगा।

कांग्रेस सरकार का यही प्रयास है कि प्रदेश को किसानों और स्थानीय लोगों को उनका हक मिले और जो भी बड़े-बड़े निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। उनमें उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। इस मौके पर नगर परिषद के मनोनीत पार्षद हरीश शर्मा, रण विजय सिंह, गुरमेल कौंडल, पूर्व उपप्रधान सुखदेव, रवि राणा, सोम प्रकाश, अमन राणा, कुलदीप, सुखराम आदि मौजूद रहे।

## धौनकोठी में उचित मूल्य की दुकान के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- दस्तावेजों सहित सात फरवरी तक आवेदन अपलोड करें

जिला स्तरीय लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली कमेटी ने बिलासपुर के विकास खंड सदर की धौनकोठी पंचायत के वार्ड नंबर दो में नई उचित मूल्य की दुकान खोली जानी प्रस्तावित हैं।

यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अधिकारी विजेंद्र पठानिया ने दी। जिसके लिए इच्छुक आवेदक अपना आवेदन https://emerginghimachal hp. gov.in/ backoffice/site/login पोर्टल के अनुसार समस्त आवशक दस्तावेजों की प्रतिया सहित, जिसमें दसवीं पास, उच्च शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, संबंधित वार्ड का प्रमाण पत्र, जो कि संबंधित पंचायत सचिव की ओर से जारी किया गया हो, बीपीएल, ओबीसी, एससी, एसटी, भूतपूर्वक सैनिक के पीपीओ, बेरोजगारी प्रमाण पत्र, साइट मैप की छाया प्रतिया तथा सार्वजनिक संस्थान, निकायों के पंजीकरण व सहकारी सभा व अन्य संस्थानों के पदाधिकारियों के नाम की सुधी इत्यादि पूर्ण दस्तावेजों सहित दिनांक 7-02-2024 तक आवेदन अपलोड कर सकते हैं, जबकि उचित मूल्य की दुकान के आबंटन के लिए पहली प्राथमिकता में सार्वजनिक संस्थानों, निकायों को वरीयता कमशः पंचायत स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभा तथा महिलाओं के समूह को दी जाएगी, दूसरी प्राथमिकता कमशः एकल महिला, विधवा, शारीरिक विकलांग, जबकि हिप्र राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को तीसरी प्राथमिकता दी जाएगी।

## शाहतलाई नगरी जय श्री राम के जयकारों व भजनों से गूंज उठी

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

सोमवार सुबह छह बजे प्रातः राम भक्तों ने बाबा बालक नाथ तपोस्थली प्रांगण मंदिर शाहतलाई से भगवान श्री राम जी के जयकारों से उद्घोष और राम भजन गुणगान करते हुए नगर के सात वार्डों की प्रभात फेरी शुरू की।

राम भक्तों ने कड़ाके की ठंड की परवाह न करते हुए प्रभात फेरी कार्यक्रम मंदिर से शुरू होकर वार्ड नंबर दो से होते हुए वार्ड नंबर तीन से प्रभु राम गुणगान शंखनाद जयकारे लगाते हुए वातावरण को पूरी तरह राम रस में डूबो दिया। वार्ड नंबर तीन से प्रभात फेरी लेते हुए वार्ड नंबर सात सेऊ का फेरा पूर्ण करने के बाद वार्ड नंबर छह गुरुनाझाड़ी मंदिर के बाद वार्ड नंबर पांच बढयाह के बाद मुख्य बाजार में भगवान राम के जय श्री राम जयकारों और भगवान राम के भजनों से नगरी को पूरी तरह राम रस में डूबो दिया।


सोमवार सुबह राम भक्त तपोस्थली प्रांगण मंदिर शाहतलाई में प्रभात फेरी निकालते हुए।

प्रभात फेरी का कार्यक्रम मंदिर के प्रांगण में भगवान श्री राम जी के भजन और गुणगान के बाद संपन्न हुआ। शशि रघुवंशी ने बताया कि राम भक्तों ने अयोध्या में श्री राम भगवान के 22 जनवरी को भव्य मंदिर उद्घाटन समारोह के उपलक्ष में भगवान के भव्य स्वागत में नगर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कड़ाके की ठंड के बावजूद राम भक्तों ने प्रभात फेरी में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में सुदर्शन सिंह शर्मा, देशराज शर्मा, पवन कौशल, शिवकुमार वात्स्यायन, रजत ठाकुर, नीरज कतना, सुनील कौशल, रिखीराम शर्मा, सचिन सोनी, विशाल शर्मा, अर्पित कौशल, केसी शर्मा, अनुज शर्मा, रजत कुमार, अंकुश सोनी, गौरी महंत, राकेश शर्मा, अंकुश ठाकुर, आंचल ठाकुर, गौरव शर्मा, दिले राम शर्मा, अक्षित कुमार, दिव्यास ठाकुर इत्यादि ने भाग लिया।

## नशे के खिलाफ कमेटी का किया जाएगा गठन

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर की दो दिवसीय जिला स्तरीय बैठक का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर कन्या स्कूल निहाल में किया गया। विभाग संयोजक गुरप्रीत सिंह ने बताया कि बैठक चार अलग-अलग सत्रों में हुई।

बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसके अलावा आगामी कार्यक्रमों को लेकर योजना बनाई गई। साल 2024 में एबीवीपी बिलासपुर किन-किन कार्यक्रमों को करेगा, उनको लेकर चर्चा की गई। गुरप्रीत ने बताया एबीवीपी पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ एक बड़ी मुहिम चलाने जा रही है। नशे के खिलाफ एक कमेटी का गठन किया जाएगा। सरकार भी कहीं न कहीं नशे को शरण दे रही है, लेकिन चिट्टा जैसा नशा दिन-प्रतिदिन प्रदेश में बड़ी तेजी से फैलता जा रहा है।

## प्रकाश चंद को बेटी की शादी के लिए 5100 रुपए दिए गए

**अनंत ज्ञान, भराड़ी**

- दि भराड़ी एक्स स्टूडेंट्स सोशल वेलफेयर समिति की मासिक बैठक आयोजित

दि भराड़ी एक्स स्टूडेंट्स सोशल वेलफेयर समिति भराड़ी की मासिक बैठक समिति के प्रधान आजाद चंद वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा व विचार-विमर्श किया गया। समिति में तीन नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की, जिनमें रोशन लाल ठाकुर गांव भदरेट, सुरेश कुमार लखनपाल सेवानिवृत्त अस्सिटेंट रजिस्टार गांव लढयाणी, प्रकाश चंद गांव सुमाड़ी ने सदस्यता ग्रहण की। समिति की ओर से दो लोगों को आर्थिक सहायता दी गई, जिनमें प्रकाश चंद गांव सुमाड़ी को बेटी की शादी के लिए कन्यादान स्वरूप 5100 रुपए दिए गए तथा शीला देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेश कुमार गांव कोठी को बीमारी के चलते 7000 रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। बैठक में महासचिव जेके शर्मा ने पिछली बैठक का आय व्यय का ब्यौरा रखा। समिति के वरिष्ठ सदस्य ओपी शर्मा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हम सभी लोग सौभाग्य शाली हैं कि समिति के माध्यम से मानव सेवा से जुड़े हुए हैं।

समिति के प्रधान आजाद चंद वर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों को नववर्ष व लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर समिति के मुख्य सलाहकार दीवाना राम चौधरी, उपप्रधान ज्ञानचंद भारद्वाज, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, सचिव कृष्ण लाल शर्मा, ओपी शर्मा, रूप सिंह ठाकुर, हंसराज शर्मा, राजकुमार शर्मा, श्रवण सिंह, दामोदर राम शर्मा, प्रेस सचिव जनक राज शर्मा सहित समिति के अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

**परेशानी** सर्दियों के मौसम में अंधेरा जल्द हो जाता है और शाम होते ही गलियों में अंधेरा पसर जाता है

## शहर में रात के बजाए दिन में जल रही स्ट्रीट लाइट्स

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर के हर हिस्से में रात में न जलीं हुई लाइटें (दाएं) दिन में जली हुई स्ट्रीट लाइट।

नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर के हर हिस्से में लगाई गई स्ट्रीट लाइट्स बेशक रात में न जलें पर दिन के समय जलती रहती हैं। एक-एक कर शहर के लगभग सभी सात वार्डों में स्ट्रीट लाइट रात के बजाए दिन में शहर को रोशन कर रही हैं। नगर परिषद घुमारवीं में हर वार्ड में लाखों रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं, ताकि रात के समय लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

सर्दियों के मौसम में अंधेरा जल्दी हो जाता है और शाम होते ही गलियों में अंधेरा पसर जाता है। पिछले 15 दिनों से नगर परिषद घुमारवीं के अधिकतर भागों में रात के समय स्ट्रीट लाइट्स बंद रहती हैं। लोगों का अंधेरे में चलना मजबूरी बन गया है। वैसे तो गर्मियों में शहर की दुकानें देर रात तक खुली रहने के कारण दुकानों में जलने वाली लाइट्स से भी गलियों में रोशनी रहती है, लेकिन सर्दियों में दुकानें भी जल्दी बंद होने के कारण शाम होते ही शहर में अंधेरा पसर जाता है। इससे किसी बड़े हादसे का डर बना रहता है।

लोगों का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारियों को इस समस्या से कई बार अवगत करवाया जा चुका है, शहर की लाइट्स रात की बजाए दिन में जल रही हैं।

रात को अंधेरे से जहां महिलाओं और बच्चों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं, रात को अंधेरे में चोरियों का खतरा भी बढ़ जाता है। नगर परिषद क्षेत्र में करीब 400 से अधिक स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद के अधिकारियों से शीघ्र लाइट्स को ठीक करने की मांग की है, लोगों को रात के अंधेरे में डर के साए से निजात मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## जिले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि


76वें सेना दिवस के अवसर पर डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक पूर्व सैनिकों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

76वें सेना दिवस के अवसर पर बिलासपुर स्थित शहीद स्मारक पर उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने पूर्व सैनिकों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल, ब्रिगेडियर जगदीश वर्मा, कैप्टन संजय कुमार, कैप्टन धनीराम, सचिव सूबेदार मेजर जगजीत सिंह, कैप्टन कुलविंदर सिंह, कैप्टन सीताराम, कैप्टन राजेश चंद, सूबेदार मेजर जसवंत सिंह, विद्यासागर, बुद्धि सिंह, जय सिंह, मानसिंह, कृष्ण सिंह, हवलदार प्रवीण कुमार, नायक सूबेदार लच्छू राम, देशराज शिव सिंह, जोगिंद्र सिंह, राजकुमार, रतनलाल, नंदलाल, लेख राम, सुंदर सिंह, प्रेम कुमार, देशराज, जिला कल्याण सैनिक विभाग से सुपरिंटेंडेंट विनोद कुमार और कैप्टन राजेश शर्मा सहित उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में वीर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों का अतुलनीय योगदान रहा है। शहीद वीर सैनिकों की शौर्य गाथाएं युवा पीढ़ी को नई दिशा देने में उन्हें संस्कारवान बनाने के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गलोड़ पंचायत में 17 को विशेष ग्राम सभा

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 17 जनवरी को नादौन उपमंडल के गलोड़ गांव से प्रदेश सरकार के विशेष कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन ग्राम पंचायत गलोड़ में विशेष ग्राम सभा भी आयोजित की जाएगी। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जहां-जहां 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, वहां की पंचायतों में उसी दिन विशेष ग्राम सभा भी होगी। इसी के तहत 17 जनवरी को ग्राम पंचायत गलोड़ में विशेष ग्राम सभा भी आयोजित की जाएगी।

### नवमतदाता सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा




बैठक के बाद सामूहिक चित्र में भाजपा युवा मोर्चा के नेता।

**हमीरपुर।** भाजपा युवा मोर्चा की जिला इकाई की बैठक सोमवार को हुई, जिसमें जिला अध्यक्ष कपिल शर्मा ने शिरकत की। बैठक में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा, प्रदेश महामंत्री सन्नी शुक्ला भी मौजूद रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाई गई। जिसमें 25 जनवरी नवमतदाता सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। इस सम्मेलन में हर मंडल से 1000 युवा हिस्सा लेंगे। हर मंडल में बाइक रैली, पदयात्रा, दीवार लेखन होगा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला हमीरपुर तिलक राज शर्मा ने संतोषी माता मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर साफ सफाई भी की। इस दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल, जिला महामंत्री परगुन गौतम, रोबिन ढटवालिया, तेन सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलजीत चंदेल, विशाल ठाकुर, शुभम, अक्षय, दीक्षित, मनोज, शशि, यशपाल ठाकुर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद पर मारपीट का आरोप

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत बूनी क्षेत्र के गांव कोहला में जमीन मामले को लेकर महिला ने गाली गलौज-मारपीट का आरोप लगाया है । कोहला गांव की सुमना देवी ने पुलिस को की शिकायत में कहा कि उनके पड़ोसी विचित्र सिंह ने उनके साथ जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौज व मारपीट की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

**नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत रंगस क्षेत्र में पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। रंगस के गांव भलोन के विशाल कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार ने इस बारे पुलिस थाना नादौन में शिकायत की है कि शौकत अली उर्फ पांडे, सुमित ठाकुर व सिंपल ने उसके साथ पैसे के लेनदेन को लेकर बहस बाजी की और मारपीट की । पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

**सुजानपुर।** सुजानपुर-हमीरपुर मार्ग पर भलेठ में स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें बैठे हुए पति-पत्नी घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हंसराज अपनी पत्नी अनीता देवी के साथ हमीरपुर जा रहे थे कि उनकी स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दोनों को इलाज के लिए हमीरपुर रेफर किया गया है।

### गरीब कन्या की शादी को दी सहायता

**भरेड़ी।** दीन हित मंडल कैहरवीं ने गरीब कन्या की शादी में 5100 रुपए की आर्थिक सहायता दी। गांव परोल में एक गरीब परिवार की कन्या की शादी के लिए दीन हित मंडल कैहरवीं के सदस्यों ने उसके घर जाकर आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर संस्था के प्रधान विजय सांख्यान, प्रेम सिंह, सचिव प्रेम चंद, कैप्टन महिंद्र सिंह, कुलदीप शर्मा, सूबेदार वीरेन्द्र सिंह, देशराज तथा पंकज ठाकुर उपस्थित रहे।

### शहरों में परिवार रजिस्टर बनाने का कार्य शुरू

**हमीरपुर।** ग्राम पंचायतों की तर्ज पर शहरों में भी परिवार रजिस्टर बनाने का कार्य सोमवार से शुरू हो गया है। जानकारी देते हुए नगर परिषद के ईओ अजमेर ठाकुर ने बताया कि शहर के सभी 11 वार्डों में यह कार्य शुरू कर दिया गया है। सर्वेक्षण टीमें घर-घर जा कर हरेक व्यक्ति का डाटा एकत्र करेंगी। उन्होंने लोगों से टीम का सहयोग करने तथा डाटा की सही जानकारी देने का आह्वान किया है।

### वट वृक्ष से टच हो रही बिजली की तारें, खतरा

**बड़ा।** नादौन के कस्बा बड़ा में विद्युत कार्यालय के मात्र 50 मीटर दूर बिजली की थ्री फेस लाइन पर वट बृक्ष के पेड़ की टहनियों से बिजली की तारें संपर्क में आने से स्पार्किंग हो रही है। इससे हादसे की आशंका बनी हुई हैं। बिडंबना इस बात की है कि बिजली बोर्ड यह देख कर पूर्ण रूप से मूक दर्शक बना हुआ है। रोज बोर्ड के कर्मचारी यहां से गुजरते हैं। इस बारे में जब भी बिजली कार्यालय बड़ा के अधिकारी (जेई ) से बात जाती है तो उनका मात्र दोटूक में यही जबाब मिलता हैं कि ये बात उनके ध्यान में हैं अतिशीघ्र इसका समाधान किया जाएगा।



कस्बा बड़ा में वट वृक्ष से टच हो रही बिजली की तारें जिससे हादसे का अंदेशा है।

# भरेड़ी में हनुमान चौक से बस स्टैंड तक हर रोज जाम, लोग परेशान

## सड़क संकरी होने से दोनों ओर खड़े वाहन भी कर रहे परेशान, दुकानदारों का अतिक्रमण भी बड़ा कारण

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भरेड़ी बाजार में जाम की समस्या रोज विकराल रूप धारण कर रही है। उपमंडल भोरंज का मुख्य कस्बा होने के कारण दिन भर इस बाजार की सड़क से सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं, लेकिन जाम के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी होती हैं।

भरेड़ी हनुमान चौक से बस स्टैंड तक दिन में कई-कई बार जाम लगता है। जाम लगने का कारण सड़क का संकरा होना है, लेकिन इस समस्या को सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहन व गाड़ियां और भी गंभीर बना देते हैं। दुकानदार भी अतिक्रमण कर रहे हैं, जिससे जाम की समस्या निरंतर बढ़ रही है। नतीजा बड़ी गाड़ियों को पास देने के लिए जगह नहीं मिलती। इससे लगभग आधे किलोमीटर लंबे बाजार में गाड़ियां रिवर्स करवानी पड़ती हैं। बाजार में पार्किंग की व्यवस्था न होना भी जाम लगने का कारण है। सोमवार देर शाम आधा घंटा जाम से जहां वाहन चालक परेशान हुए, वहीं दुकानदार व पैदल चलने वाले लोग भी बहुत परेशान हुए। इससे वाहन चालकों को जाम से निकलने के लिए अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी है। आजकल तो स्कूल बसें भी नही चल




भरेड़ी बाजार में जाम लगने से फंसी एंबुलेंस।

रही हैं, नहीं तो स्कूल बसें तो अकसर इस जाम में फंसकर लेट हो ही जाती हैं। मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस इस लंबे जाम में फंस गई, जिसे बड़ी मशक्कत से स्थानीय लोगों ने निकलवाया। स्थानीय लोगों में संजय, अनिल, कमलु, बलबीर शर्मा, विनोद शर्मा, रजनीश, पवन ठाकुर, रमन व अन्य दुकानदारों सहित वाहन चालकों ने प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है। भरेड़ी बाजार हनुमान चौक पर वर्ष 2018 में ड्राइवरों, पंचायत व स्थानीय व्यापार मंडल ने निर्णय लिया था कि अप्पर बाजार में एक सूमो गाड़ी, एक छोटी, व दो ट्राले ही खड़े होंगे। पटवार घर से लेकर डॉ. वेद प्रकाश की दुकान तक कोई भी गाड़ी खड़ी नहीं की जाएगी। जिससे यातायात में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है, नतीजन जाम लग रहा है।

## काले अंब में दी जाएगी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए जा रहे 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत 17 जनवरी को दोपहर बाद दो बजे हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत काले अंब में भी आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। उन्हें प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पंचायत प्रधान निर्मला डोगरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू मुख्य अतिथि के रूप में और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। निर्मला डोगरा ने बताया कि इस अवसर पर कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा और कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। निर्मला डोगरा ने सभी पंचायतवासियों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

## डॉ. राकेश बबली की जयंती पर अस्पतालों में मरीजों को बांटे फल



डॉ. राकेश बबली की जयंती पर उनकी प्रतिमा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते समाजसेवी।

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

दीन दयाल अंत्योदय समिति बड़सर के संयोजक एवं होनहार, ईमानदार संगठनकर्ता रहे स्वर्गीय डॉ. राकेश शर्मा बबली की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर सिविल अस्पताल बड़सर, सिटी हार्ट अस्पताल भकरेड़ी, परम अस्पताल, बच्चों के अस्पताल भकरेड़ी में आए हुए मरीजों एवं उनके परिवारजनों को फल वितरित किए।

दीन दयाल अंत्योदय समिति के सचिव जीत शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. बबली ने जो सपने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए संजोए थे, उनको पूरा करना एकमात्र लक्ष्य है। शर्मा ने कहा कि डॉ. राकेश बबली कहते थे कि उस राजनीति का कोई फायदा नहीं जो सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक न पहुंच पाए। कार्यक्रम में समाजसेवी संजीव शर्मा, समिति अध्यक्ष रवि पटियाल, समिति महामंत्री राज कुमार, राजेश बन्याल, सुनील बन्याल, पंकज बन्याल, सुभाष ठाकुर, करतार ठाकुर, राकेश पंडित, रमेश चंद, मदन, सुरेश दत्याल, राकेश काकू, संजीव लखनपाल, मनी व समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## स्कूलों को राजनीति का अड्डा न बनाएं विधायक व नुमाइंदे

**हमीरपुर।** आजकल स्कूलों में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोहों में कांग्रेस के विधायक व अन्य प्रतिनिधि जा रहे हैं और राजनीतिक भाषण दे रहे हैं, यह एक ओछी राजनीति है। जनता तो कांग्रेस की झूठी नीतियों को समझ गई है और अब पछता रही है। न ही जनता कांग्रेस के साथ है, न ही कांग्रेसियों की कोई बात जनता सुनना चाहती है। यह बात हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने कही। शर्मा ने कहा कि स्कूलों में जा कर बच्चों को अपनी उपलब्धि तो बता नहीं सकते हैं, परंतु राजनीतिक भाषण स्कूलों में दिए जा रहे हैं जो कि बहुत ही गलत परंपरा है। सरकार स्कूलों को समय पर बजट तक जारी नहीं कर पा रही है। स्कूलों में राजनीतिक भाषणों में केंद्र सरकार की बुराई करने का काम किया जा रहा है, वो तर्कसंगत नहीं है।

## राष्ट्रीय खेलों में भड़ोली के उत्कर्ष व सोलन के अक्षिव दत्ता की जोड़ी ने किया कमाल

### नई दिल्ली में डीएवी नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीता फाइनल मैच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हाल ही में आयोजित डीएवी नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन नई दिल्ली में किया गया जिसमें देश भर से लगभग 20 राज्यों की टीमों ने बैडमिंटन नेशनल स्पोर्ट्स में भाग लिया। बैडमिंटन की अंडर-19 केटेगरी में क्लस्टर स्तर के टूर्नामेंट्स के बाद, स्टेट लेवल की टीम में डीएवी सोलन से अक्षिव दत्ता, डीएवी भड़ोली (नादौन) से उत्कर्ष व आयांश, डीएवी टियारा से साहिल व समक्ष का चयन राष्ट्रीय स्तर पर, हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया था।

उत्कर्ष व अक्षिव दत्ता की जोड़ी ने सिंगल व डबल मैचों में चंडीगढ़, हरियाणा व पंजाब को पराजित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। सिंगल व डबल के



सीधे सेटों में शानदार व रोमांचक मैच खेलते हुए उत्कर्ष व अक्षिव दत्ता की जोड़ी ने डीएवी अंडर-19 केटेगरी में बिहार की टीम को पराजित कर, पहली बार नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप की ट्रॉफी हिमाचल की झोली में डालकर हिमाचल प्रदेश का नाम चमकया है। इस नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिमाचल की विजेता टीम से उत्कर्ष व अक्षिव दत्ता का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत किया गया है। इन्हें भविष्य में नेशनल स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर मिलते रहेंगे। स्कूल पहुंचने पर विजेता टीम को प्रधानाचार्य ने बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय व प्रदेश के लिए ये बहुत गर्व की बात है, कि उत्कर्ष व अक्षिव दत्ता ने अंडर-19 में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप हिमाचल के लिए जीती। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थी के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना होता है। अत: जीवन में व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए शैक्षणिक उपलब्धि के साथ-साथ संस्कारों व अन्य गतिविधियों का समावेश अति आवश्यक होता है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का लाभ उठाएं लोग

### मुख्यमंत्री सुक्खू कल नादौन की गलोड़ पंचायत से करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 17 जनवरी से आरंभ किए जा रहे 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 17 जनवरी को नादौन की गलोड़ पंचायत से इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों के लिए सोमवार को कई अधिकारी और कर्मचारी दिन भर गलोड़ में ही डटे रहे। डीसी हेमराज बैरवा के निर्देशानुसार नादौन के बीडीओ निशांत शर्मा, गलोड़ के तहसीलदार केशव कुमार और अन्य अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय लोगों के साथ भी व्यापक चर्चा



गलोड़ में लोगों के साथ 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के आयोजन स्थल का निरीक्षण करते बीडीओ और अन्य अधिकारी।

की। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा और उन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया जाएगा, ताकि वे इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री इस महत्वपूर्ण प्रदेशव्यापी अभियान का शुभारंभ गलोड़ से करेंगे और स्वयं इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निपटारा करेंगे। डीसी ने गलोड़ और इसके आसपास के क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के निवासियों से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

## मंदिरों और पूजा स्थलों के आसपास विशेषतौर पर चलेगा सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले में संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत 22 जनवरी तक विशेष अभियान चलेगा। इसकी शुरुआत 14 जनवरी से हो चुकी है। भाजपा के कार्यकर्ता जगह-जगह धार्मिक स्थलों और मंदिरों के आसपास के क्षेत्र में इस अभियान के तहत इन दिनों काम कर रहे हैं। पार्टी के जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने बताया कि मौका बेहद हर्ष का है। इसीलिए अभिजीत मुहूर्त, स्वार्थ सिद्धि योग और रवि पुणे नक्षत्र के दौरान अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का जो कार्यक्रम हो रहा है, उसी के तहत यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाया जा रहा है। एक कार्यकर्ता और नेता रोजाना दो से तीन घटे इस अभियान में सहयोग दे रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने बताया कि इसमें जिला के पांचों मंडलों के अध्यक्ष व मंडल कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों और गणमान्य व्यक्तियों को भी स्वच्छता अभियान में आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यकर्ता नमो ऐप पर स्वच्छता अभियान के फोटो और वीडियो अपलोड करेंगे।

हमीरपुर मंडल के महामंत्री राजेश ठाकुर और मंडल कार्यकर्ताओं ने मिलकर कृष्णा नगर स्थित मंदिर में सफाई करके इस आभियान को आगे बढ़ाया।



भाजपा के कार्यकर्ता कृष्णानगर इलाके में स्वच्छता अभियान चलाते हुए।

## विश्व शांति के लिए किया हवन यज्ञ अस्पताल में रोगियों को बांटे फल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

दिव्य सर्वहित सुधार सभा बड़सर ने सोमवार को सिविल अस्पताल परिसर के भीतर पुरानी सराय में विश्व शांति के लिए हवन यज्ञ समारोह का आयोजन किया और रोगियों को फल बांटे। महासचिव हरबंस लाल शर्मा एवं कप्तान अजीत चंद्र चौहान ने बताया कि इस समारोह की अध्यक्षता कैप्टन मदन लाल बनियाल ने की जबकि एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

पहले चरण में मुख्य अतिथि ने 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया। दूसरे चरण में विद्वान सोमराज शर्मा ने मुख्य अतिथि से वैदिक पद्धति मंत्रोच्चारण द्वारा पूजा-अर्चना करवाने के उपरांत विश्व शांति के लिए हवन यज्ञ करवाया। उन्होंने कहा तीसरे चरण में सिविल अस्पताल बड़सर में रोगियों को फल बांटे। इसके अंतर्गत कार्यकारिणी सदस्यों ने



एसडीएम रोहित शर्मा कैलेंडर का विमोचन करते हुए।

भविष्य में अस्पताल में रोगी व साथ में देखभाल करने वाले परिजनों को भी भोजन की व्यवस्था करने का प्रारूप बनाया। रोहित शर्मा ने समाजसेवियों को सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों ने मुख्य अतिथि को सिरोपा व टोपी पहनकर अभिनंदन एवं सम्मानित किया। इस मौके पर कैप्टन सोहन सिंह, राजकुमारी, अजय, बिंदु भारती, बालकिशन जसवाल, उपप्रधान राकेश कुमार, बाबूराम धीमान भी मौजूद थे।

**दिक्कत** उपमंडल बड़सर के अंतर्गत आने वाले लगभग सभी कस्बों का कूड़े-कचरे से हाल बेहाल

# झोर घाट में कूड़ा संयंत्र बनकर तैयार, मिलेगी सुविधा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

पर्यावरण बचाओ व स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर लगातार कई कार्यक्रमों के आयोजन के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात नहीं बदल रहे हैं। सड़कों के किनारे, बाजारों, नालों के बीच कूड़े के ढेर इन अभियानों का मुंह चिढ़ा रहे हैं।

उपमंडल बड़सर के अंतर्गत आने वाले लगभग सभी कस्बों का कूड़े कचरे से हाल बेहाल है।

चाहे सलोनी-बिझड़ी-दियोटसिद्ध सड़क के किनारे हों या फिर मेहरे-गरली सड़क यहां थोड़ी-थोड़ी दूरी पर सड़क के किनारे कूड़े के ढेर लगे हैं। अगर बाजार की बात की जाए तो दुकानों के पीछे छोटे-छोटे नाले कचरे से लबालब दिखाई देते हैं। ऐसे में सवाल पैदा होता है कि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान कितने कारगर साबित हो रहे हैं। हालांकि



ढटवाल क्षेत्र में झोर घाट के पास लगभग दो कनाल भूमि पर बनकर तैयार कूड़ा संयंत्र।

कई बार पंचायतों द्वारा घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने का अभियान शुरू करने का प्रयास किया गया लेकिन सही व्यवस्था न होने के कारण यह अभियान शुरू होने के साथ ही दम तोड़ गए। हालांकि स्थानीय लोगों से बात करने पर पता चला कि सभी लोग अपने घरों व कस्बों, गांवों में सफाई बनाए रखना चाहते हैं लेकिन समस्या यह है कि रोज निकलने वाले कचरे को कहां फेंका जाए। ढटवाल में झोर घाट के पास लगभग दो कनाल भूमि पर कूड़ा संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। जिसका लगभग 75 फीसदी काम पूरा हो चुका है जबकि विद्युत लाइन बिछाई जानी बाकी है।

अधिकारियों के मुताबिक संयंत्र के चालू होते ही पंचायत व बाजारों से कूड़ा एकत्रित करने की व्यवस्था की जाएगी जिसके एवज में लोगों को भी कुछ पैसे चुका कर सहयोग करना होगा। विकास खंड अधिकारी बिझड़ी रमेश चंद का कहना है कि झोर घाट कूड़ा संयंत्र का काम शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। पंचायत व बाजारों से कूड़ा एकत्रित करने के लिए उचित व्यवस्था बनाई जाएगी तथा एक या दो पंचायत को सबसे पहले इस मुहिम में जोड़ा जाएगा। सार्थक परिणाम आने के बाद सभी 52 पंचायतों में व्यवस्था की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## चिंतपूर्णी में 25 करोड़ रुपए की पेयजल तथा सीवरेज योजनाओं का एक माह के भीतर होगा लोकार्पण

# दर्शन सेवा योजना के तहत 100 रूटों पर आरंभ होंगी बस सेवाएं : डिप्टी सीएम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**हिमाचल** प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्प है। इस कड़ी में सरकार के अधीन मंदिरों में व्यवस्था सुधारीकरण के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं में निरंतर इजाफा किया जा रहा है। छिन्नमस्तिका धाम चिंतपूर्णी में भी अनेक विकास योजनाओं को अमली जामा पहनाया जा रहा है, जिनके पूरा होने पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं को विश्व स्तरीय सुविधाएं हासिल होंगी।

यह जानकारी उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के नंदपुर गांव में चिंतपूर्णी मंदिर न्यास द्वारा 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित कैफे क्रॉस रोड के विधिवत उद्घाटन करने के उपरांत दी। मुकेश अभिनेत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में माता चिंतपूर्णी, माता ज्वाला जी, माता चामुंडा, माता नैना देवी तथा बाबा बालक नाथ जैसे अनेक प्रमुख धार्मिक स्थल हैं, जहां पर वर्षभर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। हिमाचल प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की सुविधाजनक आवाजाही तथा इन स्थलों पर बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा अनेक सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं।

### मुकेश अग्निहोत्री ने नंदपुर गांव में चिंतपूर्णी मंदिर न्यास के 60 लाख से निर्मित कैफे क्रॉस रोड का किया उद्घाटन




चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के नंदपुर गांव में चिंतपूर्णी मंदिर न्यास के 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित कैफे क्रॉस रोड को विधिवत उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

उन्होंने कहा कि दर्शन सेवा योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के धार्मिक स्थलों से प्रदेश के भीतर तथा अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों के लिए भी लगभग 100 नए बस रूट आरंभ किए जा रहे हैं, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के अलावा हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालुओं को भी प्रदेश व प्रदेश के बाहर स्थित धार्मिक स्थलों में आने-जाने की बेहतरीन सुविधा मिल सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चिंतपूर्णी में माता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा, जिसके लिए आठ करोड़ खर्च कर जमीन अधिग्रहित की गई है। उन्होंने बताया कि एक माह के भीतर चिंतपूर्णी में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन पेयजल तथा सीवरेज योजनाओं का लोकार्पण कर दिया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि चिंतपूर्णी में एक मास्टर प्लान के तहत माता चिंतपूर्णी मंदिर तथा पर्यटक सुविधा परिसरों का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों के लिए एक विश्व स्तरीय सलाहकार नियुक्त किया गया है, ताकि इस क्षेत्र में श्रद्धालुओं तथा क्षेत्रवासियों की भविष्य की जरूरतों के मध्य नजर परियोजनाओं को मूर्तरूप दिया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मध्य नजर फैसले लिए जा रहे हैं तथा इस दौरान स्थानीय वासियों की सुविधाओं व हितों का भी ध्यान रखा जाएगा।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

**इस** अवसर पर चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन बबलू, चिंतपूर्णी मंदिर न्यास के अध्यक्ष व उपायुक्त ऊना राघव शर्मा,जिला परिषद सदस्य सतीश शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अशोक ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी सैल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष डॉ राजपाल, हरोली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू, अंब ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ रविन्द्र व महासचिव नरेश बरोटिया, चिंतपूर्णी ब्लाक महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुरेश कुमारी, एसडीएम अंब विवेक महाजन, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता इंजीनियर नरेश धीमान, हिमाचल पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश धीमान, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता बलदेव सिंह, तहसीलदार अंब प्रेम लाल धीमान, खंड विकास अधिकारी अंब ओम पाल डोगरा सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

# कुटलैहड़ के अंदरोली में 10 करोड़ की घोषणा की मिली स्वीकृति : भुट्टो

## विधायक ने परोइयां और रायपुर मैदान स्कूल में वार्षिक समारोह में की शिरकत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र के अंदरोली को टूरिज्म की तर्ज पीआर विकसित करने के लिए जो दस करोड़ की घोषणा एक सप्ताह पूर्व हुई थी, उसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है और उसकी डीपीआर भी तैयार की जा रही है। कुटलैहड़ विस क्षेत्र टूरिज्म का हव बने और युवाओं को रोजगार मिले। बाहरी राज्यों से सैलानी कुटलैहड़ की सुंदरता को यहां आकर निहार सकें।

ये शब्द कुटहलैड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परोईयां कला व रायपुर मैदान के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के बाद संबोधन में कहे। विधायक ने कहा कि हमने जो चुनावों में कहा था। उसी संदर्भ में हमने एक वर्ष काम किया है। हमने एक वर्ष के कार्यकाल में अपनी विधायक सैलरी से करीब तीन सौ से ज्यादा गरीबी रेखा से नीचे स्टूडेंट्स व बुजुर्गों को आर्थिक सहायता प्रदान की है।

भुट्टो ने कहा कि इस बार हमने दो सौ स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है और इसकी शुरुआत हम ने हटली स्कूल से कर दी है। भुट्टो ने कहा कि राज्य के सुक्खू सरकार आपकी अपनी सरकार है और मुख्यमंत्री सुक्खू का कुटलैहड़ विस क्षेत्र पर विशेष आशीर्वाद है। विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर पंचायत प्रतिनिधि अपनी पंचायत से कम से कम दस परिवार के ऐसे सदस्य चुन कर हमारे पास लाएं, जो परिवार जरूरत मंद हो और उन्हें मदद की जरूरत हो।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परोईयां कला व रायपुर मैदान के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते कुटहलैड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो।

स्कूल पहुंचने पर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का भव्य स्वागत किया गया और स्टाफ ने समानित किया। स्टूडेंट्स ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं स्कूल की मांग पर चार लाख प्रार्थना सभा के लिए चार लाख शौचालय के लिए दोनों स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11-11 हजार और परोईया पंचायत व रायपुर पंचायत के लिए सड़क रास्तों और श्मशान घाट के लिए धन स्वीकृत किया। वहीं सीएचसी रायपुर मैदान का निरीक्षण किया और समस्याओं को जाना और समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, महासचिव अजय शर्मा, स्कूल स्टाफ और गणमान्य लोग व प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रदेश में सात शहरों का तापमान माइनस में दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** में पहले से मौसम की मार झेल रहे लोगों को अब शीतलहर का भी सामना करना पड़ रहा है। राज्य के मैदानी क्षेत्रों ऊना व मंडी सहित प्रदेश में सात स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया है। कड़ाके की ठंड, कोहरे और शीतलहर से अभी राहत के आसार कम हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के मैदानी जिलों में 16 जनवरी तक घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया। दो दिनों के दौरान सुबह के समय मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा, नूरपुर, सिरमौर के कुछ एक क्षेत्रों सहित और सोलन के बद्दी-नालागढ़ के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। वाहन चालकों को सुबह के समय सावधानी से यात्रा करने की सलाह दी गई है।

### 16-17 को बारिश और बर्फबारी के आसार

**राज्य** के कई मध्य एवं उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में 16 और 17 जनवरी को बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव आने की संभावना है।

### कहां कितना तापमान

**शिमला** में न्यूनतम तापमान 6.4, सुंदरनगर -0.7, भुंतर 0.0, कल्पा -0.2, धर्मशाला 6.2, ऊना -1.8, नाहन 6.1, केलांग -4.6, पालमपुर 3.0, सोलन 0.4, मनाली 1.2, कांगड़ा 3.8, मंडी -1.5, चंबा 2.4, डलहौजी 6.4, जुब्बड़हट्टी 5.2, कुफरी 5.9, कुकुमसेरी -9.4, नारकंडा 4.0, भरमौर 5.2 , रिकांगपिओ 2.1, धौलाकुआं 3.4, बरठीं -0.6, समदो 3.3, पांवटा साहिब 6.5, सराहन 3.5 और देहरागोपीपुर में 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# सिस इंडिया लिमिटेड बिलासपुर में सिक्योरिटी गार्ड के भरेगा 80 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**सिस** इंडिया लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के पुरुष वर्ग में 80 पद अधिसूचित किए हैं। जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि पदों के लिए साक्षात्कार 17 जनवरी को प्रात: 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना, 18 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय अंब व 19 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय हरोली में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं निर्धारित की गई है। इसके अलावा न्यूनतम वेतन 16 हजार 500 से 19 हजार 500 व अधिकतम वेतन अनुभव आधार पर कंपनी तय करेगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी दो पासपोर्ट साइज फोटो, मूल प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र व बायोडाटा की कॉपी सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 85580-62252 पर संपर्क कर सकता है।

# इंदिरा खेल मैदान ऊना में जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 19 से

**ऊना।** जिला स्तरीय मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता 19 से 20 जनवरी तक इंदिरा खेल मैदान ऊना में आयोजित की जा रही है। यह जानकारी जिला बैडमिंटन संघ ऊना के सचिव अशोक ठाकुर ने दी। अशोक ठाकुर ने बताया कि बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी इच्छुक खिलाड़ी अपने आवेदन 18 जनवरी सांय 6 बजे तक जिला बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा व हरेन्द्र सिंह के पास जमा करवा सकते हैं।

# आज भी मिल रहा पालमपुर अस्पताल में मरीजों के तामीरदारों को फ्री खाना

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**सिविल** अस्पताल पालमपुर में मरीजों और उनके तामीरदारों के लिए शुरू की गई निशुल्क भोजन व्यवस्था अन्नपूर्णा को पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। ठीक पांच वर्ष पूर्व 15 जनवरी 2019 को समाज के सभी वर्गों के सहयोग से पालमपुर सिविल अस्पताल में शुरू हुई अन्नपूर्णा योजना के जरिए शुरू में अस्पताल में दाखिल मरीजों के परिजनों के लिए निशुल्क रात्रि भोजन वितरण सेवा की शुरुआत की गई थी, जोकि उस समय तत्कालीन हिमाचल प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री विपिन सिंह परमार एवं तत्कालीन लोकसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार द्वारा शुरू हुई थी। उसके बाद आज तक यह कार्य समाज के प्रबुद्ध जनों के सहयोग से अन्नपूर्णा वेलफेयर सोसायटी अपनी इस सेवा द्वारा निष्काम भाव से चलाया जा रहा है।

इसमें अन्नपूर्णा द्वारा पालमपुर सिविल अस्पताल के मरीजों के परिजनों के लिए निशुल्क सुबह का चाय-नाश्ता, दोपहर व रात्रि का भोजन भी उपलब्ध करवाया जाता है। यही नहीं सोसायटी द्वारा कोरोना काल में प्रशासन के अनुरोध पर क्वारटाइन सेंटर में रह रहे लोगों को भी भोजन उपलब्ध करवाया गया और कोरोना मरीजों को उनके घरों तक निशुल्क भोजन पहुंचाने का कार्य भी किया गया। अन्नपूर्णा सोसायटी द्वारा दो एंबुलेंस सेवाएं भी चलाई जा रही हैं। पालमपुर अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों के लिए बने सराय भवन का जीर्णोद्धार करके वहां दस डबलबेड व दो डोरमेट्री की सुविधा बहुत कम दरों पर प्रदान की जा रही है।



### अन्नपूर्णा सोसायटी ने की समाजसेवी लोगों से अपील

**यात्रा** के पांच वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण पड़ाव पर आज अन्नपूर्णा सोसायटी के संरक्षक विपिन सिंह परमार, मुख्य सलाहकार एवं संस्थापक अध्यक्ष विनय शर्मा व सोसायटी के अध्यक्ष सुदर्शन वासुदेवा व उनकी समस्त टीम अन्नपूर्णा के सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं दानियों का स्थानीय लोगों मरीजों व उनके तमीरदारों ने आभार प्रकट किया अनपूर्णा सोसायटी ने समाजसेवी लोगों से अपील की है कि हर जो सज्जन अभी भी अन्नपूर्णा से जुड़ नहीं पाए हैं। उनसे आग्रह है कि आप सब भी इस पुनीत कार्य में अपना आर्थिक सहयोग देकर पुण्य के भागीदार बन सकते हैं। स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग के लिए सिविल अस्पताल पालमपुर में स्थित अन्नपूर्णा वेलफेयर सोसायटी के कार्यालय में आप संपर्क कर सकते हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा पर नगरोटा बगवां के करीब 11 स्थानों पर बंटेगा प्रसाद

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां शहर के आस पास के गांवो में 11 स्थानों पर लोगों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। नगरोटा बगवां में 21 जनवरी को शोभा यात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से दो बजे निकलेगी, जो कि ठारू, कायस्थवाड़ी, कवाड़ी, कीरचंबा, चाहड़ी, पठियार, मलां, अंवाड़ी एवं हटवास होती हुई नगरोटा पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त शोभा यात्रा मंला, टांडा, मस्सल, ओचा, भदरेहड़ व घोड़व से प्रातः 11 बजे निकलेगी। 22 को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### विश्राम गृह समीरपुर में ताले लगाना उचित नहीं : देशराज शर्मा

**हमीरपुर।** जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि पूर्व सीएम धूमल एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के गृह क्षेत्र में स्थित लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित विश्राम गृह समीरपुर में ताले लगाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि गत दिनों जिस प्रकार विश्राम गृह में ताले लगे हुए पाए गए थे। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी भी अब गोलमोल जवाब दे रहे हैं, जबकि जनता के लिए बनाए गए इस संस्थान पर ताले लगाना न्यायसंगत नहीं है और इस प्रकार की ओच्छी राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि वह इसके ऊपर संज्ञान लें, अन्यथा इसका विरोध जताया जाएगा।

# बास्केटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मंडी ने डगसाई और कांगड़ा ने पपरोला को रौंदा

## 44वीं अंडर-19 राज्य स्तरीय तीन दिवसीय टूर्नामेंट में डीएवी कांगड़ा, शिमला और बिलासपुर सेमीफाइनल में



सरकाघाट के रामदास बास्केटबाल स्टेडियम में 44वीं अंडर-19 राज्य स्तरीय तीन दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ी एवं कोच।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**हिमाचल** प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट के रामदास बास्केटबाल स्टेडियम में 44वीं अंडर-19 राज्य स्तरीय तीन दिवसीय बास्केटबाल प्रतियोगिता दूसरे दिन प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए 50 शारीरिक शिक्षक ग्राउंड में डटे रहे।

सोमवार के मुक्काले बड़े रोमांचित रहे, जिनमें स्पोर्ट्स होस्टल सरकाघाट ने सोलन को 39-25 से हराया, डगसाई आर्मी स्कूल ने ऊना 82-7 से हराया। डीएवी कांगड़ा गर्ल्स ने कांगड़ा को 45-7 से हराया, लाहौल स्पिति ने बिलासपुर को 50-40 से हराया, स्पोर्ट्स होस्टल पपरोला ने कांगड़ा को 74-54 से हराया दिया। शिमला गर्ल ने सोलन गर्ल्ज को 49-7 से करारी हार दी।

मंडी गर्ल्ज ने बिलासपुर गर्ल्ज को 41-49 से हराया और डीएवी कांगड़ा ने हमीरपुर को 68-38 से हराकर जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। सोमवार को सेमीफाइनल मैच में मुख्यातिथि पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अनूप बनयाल और प्रमुख समाजसेवी रवि ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। आयोजन कमेटी के सदस्य राजू खान और राकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को फाइनल मैच होंगे।

### नजारा शिमले दा..



शिमला के रिज मैदान पर चहलकदमी करते पर्यटक।

**निजात** शहर में अतिक्रमण और ट्रैफिक की समस्या का होगा समाधान, नगर परिषद ने कर लिया है खाका तैयार

# ऊना शहर में अब रेहड़ी-फड़ी वालों को मिलेगा ठिकाना

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**ऊना** शहर की चिरकाल से चली आ रही रेहड़ी-फड़ी की समस्या का स्थायी समाधान होने जा रहा है। इसको लेकर नगर परिषद में खाका तैयार कर लिया है और अब महज औपचारिकता पूरी करने के लिए चंद दिन लगेंगे।

शहर में बेतरतीब तरीके से लगाई जा रही रेहड़ी-फड़ी से ऊना शहर की सुंदरता पर ग्रहण लगा हुआ था। अक्सर इन रेहड़ियों की वजह से जगह जगह ट्रैफिक जाम की समस्या प्राय देखी जा रही थी। जिला प्रशासन की ओर से भी कई दफा इन रेहड़ी-फड़ी मालिकों को चेतावनी दी जा रही थी। यहां तक कि उनके चालान तक भी किए जाते रहे और जुर्माना वसूल किया गया। समस्या का समाधान न होने से जिला प्रशासन के साथ नगर परिषद भी इसका कोई स्थायी हल तलाश रहे थे। अब ऊना शहर में सिर्फ वही रेहड़ी-फड़ी मालिक काम कर पाएंगे, जिनका पंजीकरण है। इससे पहले पूरे शहर में रेहड़ी के लिए कोई स्थायी ठिकाना न होने से अव्यवस्था बनी हुई थी।

बताया जा रहा है कि ऊना शहर में स्थाई रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों की संख्या तो सैकड़ों में है, लेकिन मात्र 80 रेहड़ियों का ही पंजीकरण है। अब प्रशासन स्थानीय नगर परिषद के माध्यम से



पहले चरण में 50 से कुछ अधिक पंजीकृत रेहड़ी लगाने वालों को ठिकाना बनाकर देने जा रही है। इसके लिए छोटी मार्केट बनाई गई है और कियोशक (दुकानों) का आवंटन होने जा रहा है। अधिसूचना भी विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। नगर परिषद के सहायक अभियंता राजेंद्र सैनी ने बताया कि प्रथम चरण में पचास के करीब दुकानें बनाई गई हैं और यह मुख्य मार्ग से हटकर ट्रक यूनियन के समीप हैं। इस क्षेत्र को अब रेहड़ी मार्केट के तौर पर विकसित करने के लिए और भी दुकानें बनाई जाएंगी।

### एमसी ऊना के पंजीकृत दुकानों के लिए पांच फरवरी तक करें आवेदन : एसडीएम

**ऊना।** नगर परिषद ऊना द्वारा वेंडिंग जोन में कियोश्क (दुकानें) तैयार करवा दी गई हैं। सोमवार को यहां इस बारे जानकारी देते हुए कार्यकारी अधिकारी विश्व मोहन देव चौहान ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र ऊना में पंजीकृत रेहड़ी-फड़ी विक्रेता पांच फरवरी तक कियोश्क (दुकानें) लेने के लिए नगर परिषद कार्यालय ऊना में आवेदन कर सकते हैं।



# संतान प्राप्ति के लिए करें पुत्रदा एकादशी व्रत

**पुत्रदा एकादशी व्रत पौष माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को किया जाता है। इस बार पुत्रदा एकादशी 21 जनवरी को है। पुत्रदा एकादशी के दिन बाल गोपाल की पूजा करनी चाहिए, बाल गोपाल की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराना चाहिए। धूप-दीप आदि से भगवान नारायण की अर्चना की जाती है। तत्पश्चात फल-फूल, नारियल, पान, सुपारी, लौंग, बेर, आंवला आदि भगवान श्रीहरि को अर्पित करते हैं। सायं कथा सुनने के पश्चात फलाहार किया जाता है।**

### व्रत की कथा

प्राचीन काल में भद्रावती पुरी नगर में राजा सुकेतुमान राज्य करते थे, परंतु कई वर्ष बीतने पर भी उन्हें संतान की प्राप्ति नहीं हुई। राजा और उसकी रानी दोनों इस बात को लेकर चिंताग्रस्त रहते थे। निसंतान होने के दुख से वह शोकाकुल रहने लगे। राजा के पितर भी यह सोचकर चिंताग्रस्त थे कि राजा का वंश आगे न चलने पर उन्हें तर्पण कौन करेगा व कौन पिंडदान करेगा।

राजा भी इसी चिंता से अधिक दुखी थे कि उनके मरने के बद उन्हें कौन अग्नि देगा। एक दिन इसी चिंता से ग्रस्त राजा सुकेतुमान अपने घोड़े पर सवार होकर वन की ओर चल दिए। वन में चलते हुए वह अत्यंत घने वन में पहुंच गए। चलते-चलते राजा को बहुत प्यास लगने लगी। वह पानी की तलाश में वन के अंदर चले गए जहां उन्हें एक सरोवर दिखाई दिया। राजा ने देखा कि सरोवर के पास ऋषियों के आश्रम भी बने हुए हैं और बहुत से मुनि वेदपाठ कर रहे हैं। राजा अपने घोड़े से उतरा उसने सरोवर से पानी पीया।

प्यास बुझाकर राजा ने सभी मुनियों को प्रणाम किया। ऋषियों ने राजा को आशीर्वाद दिया और बोले कि राजन हम आपसे प्रसन्न हैं। तब राजा ने ऋषियों से उनके एकत्रित होने का कारण पूछा। मुनि ने कहा कि वह विश्वेदेव हैं और सरोवर के निकट स्नान के लिए आए हैं। आज से पांचवें दिन माघ मास का स्नान आरंभ हो जाएगा और आज पुत्रदा एकादशी है। जो मनुष्य इस दिन व्रत करता है उन्हें पुत्र की प्राप्ति होती है। राजा ने मुनि के कहे अनुसार पुत्रदा एकादशी का व्रत आरंभ किया और अगले दिन द्वादशी को पारण किया।

व्रत के प्रभाव स्वरूप कुछ समय के पश्चात रानी गर्भवती हो गई और रानी ने पुत्र को जन्म दिया, इस प्रकार जो व्यक्ति इस व्रत को रखते हैं उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। संतान होने में यदि बाधाएं आती हैं तो इस व्रत के रखने से वह दूर हो जाती हैं, जो मनुष्य इस व्रत के महात्म्य को सुनता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## बौद्ध संस्कृति

# खुले स्थान में न रखें झाड़ू



**फेंगशुई** में यद्यपि झाड़ू और पोछे घर की नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने में मददगार कहे गए हैं, किंतु झाड़ू को घर के किसी खुले स्थान में रखना दोषपूर्ण भी माना गया है। अत : इसे बराबर छिपाकर रखना चाहिए, जिससे उस पर निगाह न पड़ सके। यह सर्वविदित है कि प्रत्येक घर में झाड़ू और पोछे का प्रयोग होता है। अत : झाड़ू का भोजन-कक्ष में होना बहुत ही अशुभ है। भोजन-कक्ष में झाड़ू का रखना फेंगशुई के अनुसार इस बात का संकेत देता है कि घर की आमदनी धीरे-धीरे नष्ट होती जा रही है। अतः दिन के प्रकाश में झाड़ू को छिपाकर रखना अच्छा रहता है, जिससे वह नजर न आ सके। रात के समय मुख्यद्वार के बाहर यदि झाड़ू को उल्टा करके रखा जाए, तो यह घर में चोरों आदि के प्रवेश को रोकता है।

# घर में धूप आदि सुगंधित पदार्थ जलाएं



**फेंगशुई** वास्तु में पदार्थों की गंध आदि नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट कर देने में बहुत मददगार होती है। अतः अपने घर या कार्यालय में सुगंधित पदार्थ-धूप, अगरबत्ती आदि जलानी चाहिए। इससे सौभाग्य में वृद्धि होती है। यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि धूप या अगरबत्ती बनावटी रासायनिक पदार्थों की बनी नहीं होनी चाहिए। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी हो सकती है। चंदन से निर्मित अगरबत्ती सबसे अच्छी मानी जाती है। इससे उत्पन्न होने वाली सुगंध हमारे मस्तिष्क को शांति प्रदान करती है।

## वैदिक शास्त्र

# पात्र को ही दें दान

**शास्त्र** के अनुसार, दान करने वाले व्यक्ति को दुखों से छुटकारा मिलता है तथा स्वर्गादि सुखों की प्राप्ति होती है। वैदिक संस्कृति के अनुसार, प्रत्येक समर्थवान व्यक्ति को दान अवश्य करना चाहिए, परंतु दान के संबंध में भिन्न प्रकार का दर्शन है। ज्योतिष में ग्रहों की शुभता/अशुभता को आधार मानकर दान करने की परंपरा है। जिस व्यक्ति की कुंडली में ग्रह बलवान स्थिति में हो तो उसे उस ग्रह से संबंधित वस्तु आदि का दान नहीं करना चाहिए। जैसे मान लो किसी व्यक्ति की कुंडली में मंगल ग्रह बलवान होकर स्थित है, तो उसे लाल रंग का कपड़ा, मसूर की दाल, बेसन से बने हुए पदार्थ तथा तांबा इत्यादि का दान नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से मंगल ग्रह में अशुभता आती है, इसी प्रकार यदि कुंडली में कोई ग्रह कमजोर स्थिति में हो तो उस ग्रह से संबंधित वस्तुओं का दान नहीं लेना चाहिए।

### बृहस्पति ग्रह कमजोर है, तो न लें पीली वस्तु का दान

**जैसे** कि मान लो किसी व्यक्ति की कुंडली में बृहस्पति ग्रह कमजोर स्थिति में है, तो उसे पीले रंग का कपड़ा, पीले रंग की दाल या फल, केसर, हल्दी तथा पीले रंग से संबंधित कोई भी वस्तु दान में नहीं लेनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से व्यक्ति पर उस ग्रह का दोष अर्थात अशुभता और भी बढ़ जाती है। जिन व्यक्तियों की कुंडली में जो-2 ग्रह बलवान स्थिति में है, उन ग्रहों से संबंधित वस्तुओं का दान न करके दान ले सकते हैं, क्योंकि बलवान ग्रह का दान लेने से उस ग्रह को और अधिक बल प्राप्त होता है।



**कुंडली में बृहस्पति ग्रह कमजोर स्थिति में है ग्रहों से संबंधित वस्तुओं का दान करने से ग्रह के दोष की शांति होती है।**

# ज्योतिष से जानें किस शिक्षा से मिलेगी नौकरी



पं. राकेश कुमार गौतम
हमीरपुर




आज के युग में सभी अपना व अपने परिवार का शिक्षा का स्तर उच्च रखने की इच्छा रखते हैं। आज के समय में सभी माता पिता/अभिभावक भी अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं और उन्हें अच्छी शिक्षा देने की कोशिश करते हैं। प्राचीन समय में गुरुकुल हुआ करते थे व ब्राह्मण का कार्य शिक्षा प्रदान करना था।

विद्यार्थी आश्रम में रहकर शिक्षा ग्रहण करते थे, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव आया है, वर्तमान समय में तो शिक्षा का स्वरूप बहुत बदल गया है। आज अच्छी आजीविका पाने के लिए अच्छी शिक्षा ग्रहण करना आवश्यक समझा जाता है। आज के समय की मांग व क्षमतानुसार तथा मानसिकता के अनुसार शिक्षा प्राप्त करानी चाहिए, जो आगे चलकर जीवन निर्वाह व राष्ट्र की प्रगति के लिए सहायक सिद्ध हो सके। आधुनिक समय में बच्चा शिक्षा कुछ पाता है और आगे चलकर व्यवसाय कुछ और करता है। ज्योतिष्य गणना के आधार पर बच्चे की शिक्षा के क्षेत्र में सहायता की जा सकती है। शिक्षा किस क्षेत्र में प्राप्त करने के लिए कुंडली के अनुसार शिक्षा से जुड़े भावों पर विचार करना आवश्यक है, जिससे कि उसी क्षेत्र में सफलता मिल सके। कुंडली के दूसरे, चतुर्थ तथा पंचम भाव से शिक्षा का प्रत्यक्ष रूप में संबंध होता है। इन भावों पर विस्तार से विचार करके ही शिक्षा क्षेत्र को चुने, ताकि सफलता प्राप्त हो सके।

द्वितीय भाव को कुटुंब भाव भी कहते हैं। बच्चा पांच वर्ष तक के सभी संस्कार अपने परिवारिक वातावरण से पाता है। पांच वर्ष तक जो संस्कार बच्चे के पड़ जाते हैं, वही अगले जीवन का आधार बनते हैं। इसलिए दूसरे भाव से परिवार से मिली शिक्षा अथवा संस्कारों का पता चलता है। इसी भाव से पारिवारिक वातावरण के बारे में भी पता चलता है। बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा के बारे में इस भाव की मुख्य भूमिका है, जिन्हें बचपन में औपचारिक रूप से शिक्षा नहीं मिल पाती है, वह भी जीवन में सफलता इसी भाव से पाते हैं। इस प्रकार बच्चे के आरंभिक संस्कार दूसरे भाव से देखे जाते हैं।

चतुर्थ भाव कुंडली का सुख भाव भी कहलाता है। आरंभिक शिक्षा के बाद स्कूल की पढ़ाई का स्तर इस भाव से देखा जाता है। इस भाव के आधार पर ज्योतिषी भी बच्चे की शिक्षा का स्तर बताने में सक्षम होता है। वह बच्चे का मार्गदर्शन, विषय चुनने में कर सकता है। चतुर्थ भाव से उस शिक्षा की नींव का आरंभ माना जाता है, जिस पर भविष्य की आजीविका टिकी होती है। अक्षर के ज्ञान से लेकर स्कूल तक की शिक्षा का आकलन इस भाव से किया जाता है।

पंचम भाव को शिक्षा में सबसे महत्वपूर्ण भाव माना गया है। इस भाव से मिलने वाली शिक्षा आजीविका में सहयोगी होती है। वह शिक्षा जो नौकरी करने या व्यवसाय करने के लिए उपयोगी मानी जाती है, उस पर विचार पंचम भाव से किया जाता है। आजीविका के लिए सही विषयों के चुनाव में इस भाव महत्वपूर्ण भूमिका है।

शिक्षा प्रदान करने वाले ग्रह बुध को बुद्धि का कारक ग्रह माना गया है। गुरु ग्रह को ज्ञान व मैथ का कारक ग्रह माना गया है। बच्चे की कुंडली में बुध तथा गुरु दोनों अच्छी स्थिति में हैं तो शिक्षा का स्तर भी अच्छा होगा। इन दोनों ग्रहों का संबंध केंद्र या त्रिकोण भाव से है तब भी शिक्षा का स्तर अच्छा होगा। इसके आलावा कुंडली में पंचमेश की स्थिति क्या है, इस पर भी विचार करना अति आवश्यक होता है। इसके अतिरिक वर्ग कुंडलियों से शिक्षा से जुड़े भाव तथा ग्रहों का विचार करना भी आवश्यक है, लेकिन इन भावों के स्वामी और शिक्षा से जुड़े ग्रहों की वर्ग कुंडलियों में स्थिति कैसी है, इसका विशेष आकलन करना बहुत आवश्यक है।

कई बार जन्म कुंडली में सारी स्थिति बहुत अच्छी होती है, लेकिन फिर भी शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा नहीं होता है, क्योंकि वर्ग कुंडलियों में संबंधित भाव तथा ग्रह कमजोर अवस्था में स्थित हो सकते हैं। शिक्षा के लिए नवांश कुंडली तथा चतुविशांश कुंडली का विचार अवश्य करना चाहिए। जन्म कुंडली के पंचमेश की स्थिति इन वर्ग कुंडलियों में देखने से शिक्षा स्तर का आकलन किया जा सकता है। चतुर्विशांश कुंडली को वर्ग-24 भी कहा जाता है।




# विदेश यात्रा के लिए करें ये सब उपाए

## टोटके



**वीरवार के दिन त्रिधातु (सोना, चांदी, तांबा) की अंगूठी बनवाकर दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली में धारण करें।**

**वीरवार को तुलसी की माला से निम्न मंत्र का जाप करें तथा कार्य सिद्धि होने पर माला को किसी नदी में प्रवाहित कर दें।**

**अनन्यश्चितयंतो माये जनापर्यपासने।**
**नेषा नित्या मि युक्तानां योग क्षेम वहांम्यहम् ।।**

- प्रत्येक शनिवार तीन अंधे व्यक्तियों को घर पर बुलाकर खिचड़ी के साथ भोजन कराएं।
- विदेश यात्रा में यदि बाधा आ रही है तो जातक को चार से छह रत्ती का गोमेद त्रिधातु में पहनना चाहिए तथा बुधवार से शुरू कर 49 दिनों तक लगातार ज्वर कबूतरों को डालनी चाहिए।
- रसोई घर में काम आने वाली लोहे की वस्तुओं (तवा, कड़ही, चाकू, लोहे की छलनी, चिमटा आदि) का दान गरीब या अभावग्रस्त लोगों में करना चाहिए।
- लाल रंग की 43 गुजाओं को सोने के एक टुकड़े अथवा सोने के किसी आभूषण के साथ पीले रंग के कपड़े में बांधकर अपने पूजा स्थान में रखें।
- मंगलवार के दिन एक छोटी शीशी में शहद भरकर एकांत स्थान में गाड़ दें।
- प्रतिदिन चींटियों को चीनी मिलाकर आटा अथवा सात प्रकार की दालों को पीसकर खिलावें।
- सोमवार के दिन शिव मंदिर में जाकर शिवलिंग पर कागजी बादाम चढ़ाएं तथा उन्हें वहीं प्रसाद के रूप में बांट दें।
- होली के दिन होलिका पूजन के पश्चात विष्णु सहस्त्रनाम के तीन पाठ करें।

# भगवान शिव के अश्रु से हुई रुद्राक्ष की उत्पत्ति



**नियमपूर्वक धारण करने से मिलता है विशेष लाभ**

**आजकल रुद्राक्ष धारण करने का फैशन चल पड़ा है, लेकिन इसको धारण करने वाले नियमों को जानबूझ कर नजरअंदाज करते हैं, जिससे यह कोई फायदा नहीं देता। धारण करने वाले व्यक्ति को शराब, मांस, लहसुन-प्याज, तामसिक भोजन आदि को छोड़ देना चाहिए....**



रुद्राक्ष की जितनी महिमा गाई जाए उतनी ही कम है। यह भगवान शिव की अमूल्य और अद्भुत देन है। भारत भूमि पर हर साधु-संत, ऋषि-मुनियों ने इसे अपना मुख्य आभूषण बनाया है, लेकिन इसके पहनने के क्या-क्या लाभ हैं ये कोई-कोई ही जानता है। धर्म की दृष्टि से लेकर वैज्ञानिक दृष्टि तक इसके चमत्कारी लाभ अपनी श्रेष्ठता दर्शाते हैं। भगवान शिव को भी रुद्राक्ष अति प्रिय है। श्रेष्ठ व असली रुद्राक्ष के दर्शन, वंदन-पूजन व स्पर्श तथा इसकी माला से जप करने से सब पाप नष्ट हो जाते हैं। रुद्राक्ष वृक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव की अश्रुधारा से हुई है। एक बार माता पार्वती ने मनोविनोद करते हुए शिवजी के नेत्र बंद कर दिए,जिससे उनकी आंखों से जल की बूंदें पृथ्वी पर गिरीं और वह रुद्राक्ष के रूप में वृक्ष बन कर उत्पन्न हुईं। शुद्ध रुद्राक्ष आप कहीं से भी लेकर धारण कर सकते हैं, परंतु रुद्राक्ष धारण करने से पहले यह जांच लें कि वह रुद्राक्ष की बजाए भद्राक्ष या किसी फल की गुठली न हो। आजकल बाजार में बनावटी और कृत्रिम रुद्राक्ष बिक रहे हैं, जो मनुष्य को फल नहीं देते हैं। जो रुद्राक्ष कीड़ों से खाए हुए हों, दिन्न-भिन्न (खंड-खंड हों) कांटों से रहित अथवा खंडित हो और रुद्राक्ष का स्वरूप न रखता हो, ऐसे रुद्राक्ष को कदापि धारण न करें। ब्राह्मण को सफेद, क्षत्रिय को लाल, वैश्य को पीले तथा शूद्र वर्ण को काला रुद्राक्ष धारण करना अति शुभ है।

जो रुद्राक्ष आंवले के बराबर हो, वह सर्वोत्तम माना जाता है, जो बेर के बराबर हो, उसे मध्य तथा चने के दाने के बराबर हो तो उसे अधम माना जाता है। जिस रुद्राक्ष में धागा पिरोने का छिद्र हो वह श्रेष्ठ माना जाता है और जिसे छेद करना पड़े, उसे मध्यम श्रेणी का माना जाता है। रुद्राक्ष मुकुट कुंडल, बाजू बंद व कंठ में भी धारण किया जा सकता है। रुद्राक्ष की माला के दर्शन-पूजा व जप करने से दस गोदान करने का फल प्राप्त होता है। ये रुद्राक्ष एक मुखी से लेकर इक्कीस मुखी तक होते हैं, लेकिन मुख्य रूप से चौदह मुखी होते हैं। इनमें एक मुखी दुर्लभ और सर्वोत्तम माना गया है।

### बाजार में बिक रहा कृत्रिम एक मुखी रुद्राक्ष

**नेपाल** में मौजूद शिव की अश्रुधारा से उत्पन्न रुद्राक्ष के पेड़ में एक वर्ष में तीन ही रुद्राक्ष (एक मुखी) प्राप्त होते हैं, जिसमें एक पशुपतिनाथ मंदिर में चढ़ाया जाता है। दूसरा वहां का राजा स्वयं धारण करता था और तीसरा महाशिवरात्रि को प्रसाद में मिलकार भक्तों को बांटा जाता है। लेकिन कहीं-कहीं रुद्राक्ष के पेड़ पर ही एक मुखी रुद्राक्ष की सेप के कवर लगा दिए जाते हैं और वह उस सांचे में ढल जाते हैं और एक मुखी बन जाते हैं। बाजार में इन्हें 5 हजार से 55 हजार रुपए तक बेचा जाता है। आजकल बाजार में एक मुखी रुद्राक्ष से लेकर चौदह मुखी तक के अधिकतर रुद्राक्ष फाइबर के निर्मित होते हैं, जिनको धारण करने से कोई विशेष लाभ नहीं होता।

**पहचान :** रुद्राक्ष को पानी में उबालने पर यह पता चल जाता है कि वह असली है या फाइबर का बना हुआ है। यदि वह फाइबर का बना हुआ हो, तो उबालने पर यह गल जाता है या अपने पूर्व वास्तविक स्वरूप जैसा नहीं रहता।

### धारण करने पर लाभ

**उच्च** व निम्न रक्तचाप नियंत्रित होता है। मनोबल बढ़ता है। व्यक्ति सम्मोहित नहीं होता। हृदय की दुर्बलता दूर होती है। भूत-प्रेत बाधा का निवारण होता है। शारीरिक व मानसिक कष्टों से छुटकारा मिलता है। इसको विधि-विधान व नियमों का पालन करने वाले की अकाल मृत्यु कभी नहीं होती।

### धारण करने का शुभ मुहूर्त

**मेष** संक्रांति, दीपावली, नवरात्र को प्रतिपक्ष, अक्षय तृतीया, ग्रहणकाल, गुरु पुष्य नक्षत्र, महाशिवरात्रि, मासिक शिवरात्रि, विजयादशमी आदि शुभ मुहूर्तों में धारण करने से सब तरह के पापों से मुक्ति मिलती है। रुद्राक्ष को विशेष पूजा-अर्चना व मंत्रों का उच्चारण कर धारण करना चाहिए।

**- अनिल शर्मा, नबाही (मंडी)**

## भारत-मालदीव के रिश्तों में खटास अच्छा संकेत नहीं

**चीन** से लौटते ही मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के तेवरों को देखकर लगता है कि निकट भविष्य में भारत और मालदीव के बीच रिश्ते मुधर रहना कठिन होगा। मुइज्जू का बार-बार तेवर दिखाना अच्छी बात नहीं है। मुइज्जू ने यह कहकर कि भारत 15 मार्च से पहले मालदीव से अपने सैनिकों को हटा ले, से माहौल और तनावपूर्ण हो गया है। इससे पहले उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि हमें नीचा दिखाने का लाइसेंस किसी के पास नहीं है। भारत और मालदीव के बीच रिश्तों में आई खटास की वजह चीन है, लेकिन इससे भी बड़ी वजह मुस्लिम कट्टरपंथ भी है। मालदीव के मौजूदा राष्ट्रपति ने जब पद संभाला था तो वह सबसे पहले तुर्की गए और उन्होंने इसके बाद दूसरी यात्रा चीन की की थी। भारत और मालदीव के बीच जो चल रहा है उसका फायदा चीन के साथ-साथ पाकिस्तान भी लेने लग पड़ा है। दरअसल, जब हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप गए थे तो उन्होंने वहां की प्राकृतिक खूबसूरती की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थी, जिस पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने भारत का मजाक उड़ाया था। वे मालदीव की तुलना लक्षद्वीप से करते हैं और तर्क देते हैं कि लक्षद्वीप से ज्यादा सुंदर मालदीव है। मालदीव के मंत्री पीएम मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। इससे मामला भड़क जाता है। भारत सरकार के हरकत में आने पर मालदीव के तीनों मंत्रियों को पद से हटाना पड़ा था। मामला यहां खत्म नहीं होता, बल्कि आगे ही बढ़ता जाता है। मौजदा राष्ट्रपति मुइज्जू पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला के समर्थक माने जाते हैं। मालदीव रणनीतिक रूप से भारत और चीन दोनों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यहां 2013 से ही लामू और अड्डू द्वीप पर भारतीय सैनिक तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने वहां दस कोस्टल सर्विलांस रडार इंस्टॉल कर रखे हैं। पद संभालने पर मुइज्जू ने घोषणा की थी कि उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी हिंद महासागर द्वीप समूह में विदेशी सैन्य उपस्थिति को खत्म करना है। मुइज्जू ने पिछले साल मालदीव के राष्ट्रपति बनने पर भारत से अनुरोध किया था कि वह मालदीव से अपनी सेना हटाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की बात कही थी कि वह अपने देश और अपनी स्वतंत्रता तथा संप्रभुता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विदेशी सेना की उपस्थिति उन्हें मंजूर नहीं थी। मालदीव के राष्ट्रपति का भारत के खिलाफ बगावती तेवर उन्हीं पर भारी पड़ने लगा है। मुइज्जू ने परंपरा तोड़कर चीन की यात्रा की और भारत के खिलाफ बयानबाजियां करते रहे। इसका खामियाजा चीन से लौटने के बाद उन्हें मेयर चुनाव में पार्टी की हार से भुगतना पड़ा। मुइज्जू की पार्टी उस सीट से मेयर का चुनाव हार गई, जहां से मुइज्जू राष्ट्रपति बनने से पहले मेयर रहे थे। इस चुनाव में भारत समर्थक पार्टी की बंपर जीत हुई। इससे बौखलाए मुइज्जू का तेवर भारत के प्रति और भी अधिक सख्त हो गया है। अब भारत के साथ राजनयिक तनाव के बाद मालदीव के लोगों में डर बैठ गया है। चूंकि मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर है और इस देश में सबसे ज्यादा पर्यटक भारत से जाते हैं। ऐसे में भारत के बायकॉट से मालदीव के लोगों के आय का प्राथमिक स्त्रोत ही खतरे में पड़ गया है।

# हिमानी चामुंडा के रास्ते से लाइटें हटाना दुर्भाग्यपूर्ण

**वन विभाग के अधिकारियों ने पंचायतों और जनता को बिना कुछ बताए ही मनमाने तरीके से दर्जनों लाइटों को तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। सरकारी विभाग जनता हित के लिए बने या फिर जनता विभागों के अधिकारियों की गैर जिम्मेदार कार्यप्रणाली का सदैव खामियाजा भुगतती रहेगी, आज बड़ा सवाल है। वर्तमान सरकार के विधायक ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले सरकारी अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया, ऐसा बहुत कम सुनने को मिलता है। सरकारें एक तरफ पंचायतों का सशक्तिकरण किए जाने का सदैव राग अलापते हैं।**



लेखक
सुखदेव सिंह
नूरपुर, जिला कांगड़ा

**सरकारी विभागों के अधिकारी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय नहीं बैठा पाते और हिमानी चामुंडा माता मंदिर जैसे मामले उजागर होते हैं। ठेकेदारों को पांच पेड़ काटने की अनुमति देने की एवज में दर्जनों नन्हे पेड़-पौधों पर कुल्हाड़ी चलवाने वाले अधिकारी प्रकृति प्रेमी भी बन गए बड़ा अजीब लगता है। जंगलों में वन काटुओं ने इस कदर कुल्हाड़ी चलाई कि अब उनमें खरपतवार के अलावा कुछ नहीं है। गर्मियों के मौसम में स्वार्थी लोग जंगलों में आग लगाकर वन्य प्राणियों को जिंदा जला देते हैं। वन विभाग के अधिकारी निहत्थे और असहाय होने का राग अलापते हैं।**



**हिमानी** चामुंडा माता मंदिर के दुर्गम रास्ते में सुरक्षा दृष्टि से लगाई गई लाइटों को वन विभाग की ओर से तोड़े जाना बेहद दुखद है। वन विभाग की इस कार्रवाई से हजारों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। वन विभाग के कुछेक नासमझ अधिकारियों ने बिना कोई जांच-पड़ताल किए ही लाइटों को बेतरतीब ढंग से उखाड़कर जनता को आंदोलन करने के लिए मजबूर किया है। जन सहयोग स्कीम तहत लगाई गई इन लाइटों को सरकारी कर्मचारियों ने तोड़कर सरकारी संपत्ति को जिस तरह नुकसान पहुंचाया, वह बेहद शर्मनाक बात है। इस प्रकरण से एक बात का आभास होता है कि सरकारी कर्मचारी सरकार के प्रति कितने बफादार हो सकते हैं? कुछेक वन विभाग के कर्मचारियों का खामियाजा प्रदेश सरकार को भुगतना पड़ेगा, जिस तरह की मौजूदा स्थिति बनी है।

हिमाचल प्रदेश में सत्तासीन सुख की सरकार पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने के लिए विशेषकर जिला कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाए जाने के लिए प्रयासरत है। हिमानी चामुंडा माता मंदिर के रास्ते की लाइटों को वन विभाग की ओर से उखाड़ा जाना सुख की सरकार की इस मुहिम पर पानी फेरकर रख दिया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री प्रदेश को कर्जधारी से मुक्त करने के लिए धार्मिक पर्यटन को विकसित किए जाने के लिए योजनावद तरीके से कार्यकर रहे हैं, मगर वन विभाग की इस कार्रवाई से हिमानी चामुंडा माता मंदिर के श्रद्धालुओं का क्रोध दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के वर्तमान विधायक सुधीर शर्मा ने इस बाबत योल पुलिस चौकी में एक शिकायत दर्ज करवाकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक जम्वाल ने सरकार को 15 जनवरी तक आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने का ऐलान किया, अन्यथा आंदोलन छेड़ने की धमकी तक दी है। वन विभाग के इस कारनामे से पंचायत प्रधान सहित जनता स्थानीय प्रशासन के खिलाफ मीडिया समक्ष खूब भड़ास निकाल रही है।

पंचायत बल्हा, कंड कंडियाना ने जनता की बिकराल समस्या को मद्देनजर रखते हुए जनसहयोग स्कीम तहत हिमानी चामुंडा माता मंदिर के रास्ते में लाइटें लगवाई थीं। पंचायतों की सराहनीय पहल में जनता ने अपनी अहम भागीदारी निभाई थी। हिमानी चामुंडा माता मंदिर के इस दुर्गम रास्ते में पूर्व वर्षों में कई अनहोनी घटनाएं घटित हो चुकी थी। पंचायतों ने माता के श्रद्धालुओं की सुख सुविधा के लिए उक्त लाइटें लगवाकर धार्मिक पर्यटन को बढ़ाया था। वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर एक व्यक्ति ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल समक्ष इन लाइटों को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने वन विभाग से इसकी रिपोर्ट मांगी थी।

वन विभाग के अधिकारियों ने पंचायतों और जनता को बिना कुछ बताए ही मनमाने तरीके से दर्जनों लाइटों को तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। सरकारी विभाग जनता हित के लिए बने या फिर जनता विभागों के अधिकारियों की गैर जिम्मेदार कार्यप्रणाली का सदैव खामियाजा भुगतती रहेगी, आज बड़ा सवाल है। वर्तमान सरकार के विधायक ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले सरकारी अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया, ऐसा बहुत कम सुनने को मिलता है। सरकारें एक तरफ पंचायतों का सशक्तिकरण किए जाने का सदैव राग अलापते हैं।

सरकारी विभागों के अधिकारी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय नहीं बैठा पाते और हिमानी चामुंडा माता मंदिर जैसे मामले उजागर होते हैं। ठेकेदारों को पांच पेड़ काटने की अनुमति देने की एवज में दर्जनों नन्हे पेड़-पौधों पर कुल्हाड़ी चलवाने वाले अधिकारी प्रकृति प्रेमी भी बन गए बड़ा अजीब लगता है। जंगलों में वन काटुओं ने इस कदर कुल्हाड़ी चलाई कि अब उनमें सिवाए खरपतवार के पौधों के अलावा कुछ नहीं बचा है। गर्मियों के मौसम में स्वार्थी लोग जंगलों में आग लगाकर वन्य प्राणियों को जिंदा जला देते हैं। वन विभाग के अधिकारी हमेशा निहत्थे और असहाय होने का राग अलापते हैं। सर्दियों के मौसम में शिकारी जंगलों में अवैध शिकार करके वन्य प्राणियों को मौत के घाट उतार देते हैं।

शिकारियों के गलत निशाने की वजह से लोगों को जानवर समझ उन पर गोलियां चलाकर उन्हें मौत के घाट उतारा जा रहा है। वन विभाग की जमीनों पर अवैध अतिक्रमण दिनोंदिन बढ़ रहा और अधिकारी गहरी नींद में रहते हैं। जंगली जानवरों की खाल जनता को कई बार मिली है, मगर बावजूद इसके वन विभाग के अधिकारी जानवरों की खाल की तस्करी करने वालों को पकड़ने में नाकाम है। हिमानी चामुंडा माता मंदिर के रास्ते में लगी लाइटों को उखाड़कर वन विभाग के अधिकारी आखिर एनजीटी को क्या संदेश देने की फिराक में हैं।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के ऐसे आदेशों पर भी कई सवाल उठते हैं। वन विभाग के अधिकारियों में आपसी समन्वय की कमी चलते ही लाइटों को तोड़ा गया है। एक विभाग के अधिकारी किसी काम की संतुति करके उसे अन्य किसी विभाग को प्रेषित करते हैं, ऐसे में उक्त विभाग की अहम जिम्मेदारी बनती है कि गहन जांच करके ही कोई निर्णय लिया जाए। हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। हिमाचल प्रदेश में हिंदू देवी-देवताओं के कई मंदिर विराजमान हैं। हिमाचल प्रदेश की पहचान विश्व पटल पर देवभूमि के रूप में मानी जाती है। हिमाचल प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। देश-विदेश के पर्यटक हिंदू मंदिरों में अपना शीश नवाजने वर्षभर चले रहते हैं। मंदिरों प्रति श्रद्धालुओं की विशेष आस्था है। हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा चलते सड़कें, पुल और रेल मार्ग तक तहस-नहस होकर रह गए। हिमाचल प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों के चलते अब कनेक्टिविटी को बहाल किया है। शिमला, धर्मशाला में आयोजित समारोह और नववर्ष की बेला पर पर्यटकों का भारी मात्रा में हुजूम देखने को मिला, जो कि सुखद संकेत है।

हिमाचल प्रदेश पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने, प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। जिला कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाने की चल रही मुहिम बीच हिमानी चामुंडा माता मंदिर के रास्ते की लाइटें तोड़ना सरकार की छवि धूमिल किए जाने का प्रयास ही कहा जा सकता है।

सरकारें विकास कार्यों पर अरबों रुपए खर्च करती हैं, बावजूद इसके जनता उनका सही सदुपयोग किए जाने बजाए, उन्हें क्षतिग्रस्त करती हैं। पंचायतों का विकास किए जाने के लिए सरकारें करोड़ों रुपए का बजट मुहैया करवाती हैं। ग्राम सभा की बैठकों का आयोजन सफल कम रहता है, नतीजतन पंचायत प्रतिनिधि अपनी मनमर्जी से विकास कार्य करवाते हैं। गांवों के सरकारों रास्तों को उखाड़ना, पानी निकासी को लेकर बनाई नालियों को तोड़ना, सरकारी सामान का चोरी किया जाना आम बात बन चुकी है। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाए पंचायत प्रतिनिधि पुन्य सरकारों से बजट लिए जाने का प्रयास करते हैं।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### प्रकृति का है अपना संविधान

प्रकृति का है अपना संविधान
पेड़ है धरती मां की शान
हवा छाया का देते वरदान
अगर यूं ही रहे यह कटते
सांस चैन की, कैसे ले सकते।।

जननी जैसी हमारी धरती
नाना प्रकार की फसल उपजती
कर शोषण इसको बंजर हम बनाएंगे
फिर बोलो आने वाले क्या खाएंगे।।

आसमान का विस्तार निराला
विविध रूप में जीवन पाला
गैस धुएं से इसे भी दूषित कराया
वातावरण भी विषाक्त बनाया।।
प्रकृति का था सुंदर स्वरूप
लालच ने कर दिया कुरूप
प्लास्टिक रसायनों का जो उपयोग बढ़ा
यौवन गया इसका बेवक्त हरा॥

जनसंख्या गर रही यूं-ही बढ़ती
बोझ झेलेगी फिर कैसे धरती
इंसान आंचल में इसके पला है
बन कपूत फिर इसे छला है॥
प्रकृति से छल, रिश्तों में छल
अपनों को छल नित हो रहा निर्बल
अभी भी मानुष हो जा सावधान
प्रकृति का भी है अपना संविधान॥
प्रकृति का कानून जब लागू होगा
मुजरिम साबित तू हरगिज होगा
मत कर अपनी मां जननी पर अत्याचार
बना रहे सदा मां धरती का आशीर्वाद॥



कवयित्री
आशा पठानिया
जिला मंडी

## समय के पंख




**एक** बार एक कलाकार ने अपने चित्रों की प्रदर्शनी लगाई। उसे देखने के लिए नगर के सैकड़ों धनी-मानी व्यक्ति भी पहुंचे। एक लड़की भी उस प्रदर्शनी को देखने आई। उसने देखा सब चित्रों के अंत में एक ऐसे मनुष्य का भी चित्र टंगा है, जिसके मुंह को बालों से ढक दिया गया है और जिसके पैरों पर पंख लगे थे। चित्र के नीचे बड़े अक्षरों से लिखा था -'अवसर'। चित्र कुछ भद्दा सा था, इसलिए लोग उस पर उपेक्षित दृष्टि डालते और आगे बढ़ जाते। लड़की का ध्यान प्रारंभ से ही इस चित्र की ओर था। जब वह उसके पास पहुंची तो चुपचाप बैठे कलाकार से पूछ ही लिया, 'श्रीमान जी यह चित्र किसका है?' 'अवसर का' कलाकार ने संक्षिप्त सा उत्तर दिया। आपने इसका मुंह क्यों ढक दिया है ? लड़की ने दोबारा प्रश्न किया। इस बार कलाकार ने विस्तार से बताया, 'बच्ची ! प्रदर्शनी की तरह अवसर हर मनुष्य के जीवन में आता है और उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, किंतु साधारण मनुष्य उसे पहचानते तक नहीं, इसलिए वे जहां थे वहीं पड़े रह जाते हैं। पर जो अवसर को पहचान लेता है वही जीवन में कुछ काम कर जाता है।' 'और इसके पैरों में पंखों का क्या रहस्य है?' लड़की ने उत्सुकता से पूछा। कलाकार बोला, 'जो अवसर आज चला गया वह फिर कल कभी नहीं आता।' लड़की इस मर्म को समझ गई और उसी क्षण से अपनी उन्नति के लिए जुट गई।

# हर जिले में फैला रिश्वत का कारोबार, देवभूमि शर्मसार?

**रिश्वत** लेना व देना जुर्म है, मगर फिर भी यह जुर्म खुलेआम हो रहा है। प्रदेश में समय समय पर रिश्वत के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। आज तक सैकड़ों लोग रिश्वत लेते हुए पकड़े जा चुके हैं, मगर यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हिमाचल में बढ़ते रिश्वत के मामले चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। प्रदेश में अधिकारियों से लेकर चपरासी तक रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। नववर्ष 2024 में रिश्वत के दो मामले पकड़े गए, पहला मामला बद्दी के मानपुर में एक थाना प्रभारी को विजिलेंस की टीम ने 20,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। दूसरा मामला कुल्लू के भुंतर में पकड़ा गया, जहां एनएचएआई का एक इंजीनियर 50,000 की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है। यह इंजीनियर एनओसी देने के लिए रिश्वत मांग रहा था और विजिलेंस ने दबोच लिया। ऐसे मामले निरंतर बढ़ते जा रहे हैं।

रिश्वतखोर ऐश्वर्य व शानोशौकत की जिंदगी जीने के लिए इतने नीच कर्म कर रहे हैं कि अपनी इज्जत दांव पर लगाने से नहीं चूकते हैं। कुछ अधिकारी जो हजारों व लाखों रुपए वेतन लेते हैं, मगर रिश्वत की खातिर तो केवल मात्र 500 रुपए के लिए बिक रहे हैं और कुछ हजार में बिकते हैं, ऐसे बहुत से मामलों में लोग अपनी वर्षों की सरकारी नौकरियां गंवा रहे हैं। रिश्वत एक ऐसा जहर है, जो प्रदेश के हर जिले में फैलता जा रहा है। प्रदेश में इन मामलों से देवभूमि शर्मसार हुई है। प्रदेश का कोई भी विभाग रिश्वत से अछूता नहीं रहा है। प्रतिदिन हर विभाग के आला अधिकारी लपेटे में आ रहे हैं। हिमाचल में ऐसे मामलों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, मगर पिछले कुछ सालो से रिश्वत का यह कारोबार इतना फैलता जा रहा है कि लोग चंद चादी के सिक्कों की खनक के लिए अपनी नौकरियां



लेखक : नरेंद्र भारती
स्वतंत्र पत्रकार, मंडी
मो : 94590 47744

**आंकड़ों पर गौर किया जाए तो शर्म से सिर झुक जाता है कि हिमाचल को किसकी नजर लग गई कि यहां महानगरों की गंदी संस्कृति फैलती जा रही है। हिमाचल में बढ़ रहे इस संक्रमण को रोकना हर हिमाचली का दायित्व बनता है कि इस संस्कृति को यहां से उखाड़ फेंकना चाहिए, ताकि इस बीमारी से निजात मिल सके। आज समय है कि इस कुप्रथा को रोका जाए। लोगों ने अपने स्वार्थों के कारण मुंह मोड़ा तो आने वाले समय में हालात बेकाबू हो जाएंगे, जिन्हें संभालना बहुत मुश्किल हो जाएगा।**

दाव पर लगा रहे हैं। नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले खुद अनैतिक काम करते हैं। समझ नहीं आता कि सरकार से इन अधिकारियों को लाखों रुपया वेतन मिलता है फिर भी इन लोगों को गैर-कानूनी तरीकों से धन अर्जित करना पड़ता है। इन रिश्वतखोर व बेइमान अधिकारियों से अच्छा एक दिहाड़ीदार है जो केवल मात्र 150 रुपए कमा कर आराम व सुख-चैन से जीता है और एक इज्जत की जिंदगी बसर करता है। आज रिश्वत के बिना कोई काम नहीं हो रहा है।

कितनी विडंबना है कि आज महिलाएं भी रिश्वत लेने के आयाम स्थापित कर रही हैं। महिलाओं की इस कारोबार में संलिप्तता से हिमाचल की साख पर बदनामी का दाग चस्पां हुआ है कि अपनी सादगी के लिए विश्व में विख्यात ये महिलाएं कुख्यात कैसे बन गईं, यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है कि ऐसी कौन सी मजबूरियां हैं कि महिलाओं को अपनी मर्यादाओं का जरा भी ख्याल नहीं है। रिश्वत का यह कैंसर दिन-प्रतिदिन प्रगति कर रहा है। लालची लोगों की ऐसी कैसी जरूरतें हैं कि उन्हें अनैतिक काम करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। लगता है कि ये लोग अपनी आने वाली सात पीढ़ियों का पूरा इंतजाम कर रहे हैं ताकि वे मजे से बाप-दादाओं की अवैध रूप से कमाए पैसों पर ऐश कर सकें। आज रिश्वत के बल पर असंभव से असंभव काम चुटकियों में हो जाते हैं, लेकिन आने वाले समय में इन चीजों के परिणाम घातक सिद्ध होंगे, जब आम आदमी का जीना मुश्किल हो जाएगा और रिश्वत के बिना कोई काम नहीं हो पाएगा।

आंकड़ों पर गौर किया जाए तो शर्म से सिर झुक जाता है कि हिमाचल को किसकी नजर लग गई कि यहां महानगरों की गंदी संस्कृति फैलती जा रही है। हिमाचल में बढ़ रहे इस संक्रमण को रोकना हर हिमाचली का दायित्व बनता है कि इस संस्कृति को यहां से उखाड़ फेंकना चाहिए, ताकि इस बीमारी से निजात मिल सके। आज समय है कि इस कुप्रथा को रोका जाए। लोगों ने अपने स्वार्थों के कारण मुंह मोड़ा तो आने वाले समय में हालात बेकाबू हो जाएंगे, जिन्हें संभालना बहुत मुश्किल हो जाएगा। आज एक चपरासी महंगी कार में घूमता है, जबकि एक ईमानदार अफसर व कर्मचारी के पास साइकिल तक नहीं होती। आज नौकरशाहों से लेकर चपड़ासी तक रिश्वत लेते हुए सरेआम पकड़े जा रहे हैं। रिश्वत के इस नाग के फन को कुचलना होगा तथा प्रदेश में इस कारोबार को करने रिश्वत के इस चक्रव्यूह को तोड़ना होगा तथा ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियान चलाना होगा। सरकार व सतर्कता व भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को इन रिश्वतखोरों की अकूत संपत्तियों की जांच करनी चाहिए। यदि सरकार ने इन मामलों को अनदेखा किया तो आने वाले समय में यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेगी, फिर इसकी गहरी जड़ों को काटना बहुत मुश्किल हो जाएगा। ऐसे लोगों को आजीवन कारावास की सजा देनी चाहिए ताकि जेल के सीखचों में अपने पापों का प्रायश्चित कर सकें।

रिश्वत के इस कैंसर का समूल नाश करना होगा। हिमाचल से इस लाइलाज बीमारी को खत्म करने के लिए गांव से लेकर महानगरों तक लोगों को एकजुट होना होगा तथा इन रिश्वत के ठेकेदारों को सबक सिखाना होगा। अगर जनमानस लापरवाही बरतेगा तो यह रिश्वतखोर अपना काला कारोबार बेखौफ होकर चलाते रहेंगे और जनता रिश्वत की चक्की मे पिसती रहेगी।

प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों व समाज के बुद्धिजीवी लोगों को इस पर मंथन करना होगा। सतर्कता विभाग को जागरूकता शिविर आयोजित करने चाहिए ताकि लोग निडर होकर इन रिश्वत के दलालों को बेनकाब कर सकें।

# बेजुबानों की हत्याओं पर लगनी चाहिए रोक



ब्लॉगर
हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**जिन** बेजुबानों की दिन-प्रतिदिन हत्याएं हो रही हैं, उन पर कहीं न कहीं रोक लगाने की परम आवश्यकता है क्योंकि जिस सनातन संस्कृति और सभ्यता में हम अपना जीवन-यापन कर रहे हैं, उस परिप्रेक्ष्य में बेजुबानों की हत्या करना कही भी तर्कसंगत नहीं है। जैसा कि हम देखते हैं कि जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्रों में माघी त्योहार में हर वर्ष अथार्त 11 व 12 जनवरी को मनाया जाता है।

इसमें इस तरह की बेजुबान बकरों इत्यादि की हत्या की जाती है, जिस प्रथा का शायद आज कहीं न कहीं हम सभी शिक्षित वर्ग को त्यागना और खत्म करने की आवश्यकता है क्योंकि जानकारी अनुसार इन सब बेजुबानों की हत्याएं पूर्व के दशकों में उस समय की जाती थीं, जब अधिकांश क्षेत्रों में बर्फबारी होती थी, साथ ही आवागमन के संसाधन भी अधिकांश अवरुद्ध पाए जाते थे, जब साल भर का राशन व ठंड से बचने के लिए इन तमाम बेजुबानों की हत्याएं बड़े स्तर पर की जाती थीं और संसाधनों के अभाव में लोग मांसाहार का प्रयोग अधिकांश क्षेत्रों में करते थे परंतु आज परिस्थितियां बिलकुल विपरीत हैं। आज के परिप्रेक्ष्य में बर्फबारी भी उस स्तर की नहीं होती और आवागमन संसाधनों की भी कोई समस्या अधिकांश आज देखने को नहीं मिलती, साथ ही युवा भी आज शिक्षित होने के साथ साथ इस प्रथा को समाप्त करने का कहीं न कहीं प्रयास कर रहा है क्योंकि आज अधिकांश क्षेत्रों में मांसाहारी भोजन करने वालों की संख्या भी कहीं न कहीं कम होती जा रही है जो कि एक सभ्य समाज के लिए बहुत ही जरूरी है, जिस सनातन धर्म में आध्यात्मिक ज्ञान की हम चर्चा एवं अपने जीवन में उतारने का प्रयास करते हैं, वहां पर इन सभी बेजुबानों की हत्याएं करना बिलकुल भी सही नहीं, इसलिए आज कहीं न कहीं हम सभी को इस प्रथा को समाप्त करने की पैरवी करने की आवश्यकता है क्योंकि इस माघी त्योहार पर एक दिन में ही सैकड़ों व हजारों बेजुबानों की हत्याएं देखने एवं सुनने को मिलती हैं, जो बहुत ही दुखद विषय है, साथ ही कई लोगों की ओर से सोशल मीडिया पर बेजुबानों की हत्याएं करते हुए वीडियो भी डालते हैं, जो मानवता के लिए एक लज्जा का विषय है क्योंकि वह सभी बेजुबान सोचने और समझने के अलावा कुछ भी करने के लिए विवश है जबकि उनको भी दर्द और पीड़ा सदैव रहती है। इस प्रकार आज हम सभी युवाओं को एक ही दिन अर्थात माघी त्योहार में इतने बड़े पैमाने पर बेजुबानों की हत्याएं बिलकुल तर्कसंगत नहीं है, जिसका विपरीत प्रभाव समाज और क्षेत्र में देखने को मिलता है और अपने अपने स्तर पर विभिन्न प्लेटफॉर्म से अपनी बात पहुंचाने का प्रयास करें जिसमें की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सबसे सुगम एवं प्रभावी मंच है। इससे हम अपनी बात आसानी से जन-जन तक पहुंचा सकते हैं, अगर हम किसी भी सामाजिक मुद्दे को पूरी संजीदगी से उठाने का प्रयास करते हैं। इसलिए आज मीडिया वर्ग से भी आग्रह रहेगा कि आप भी इन चिंतनीय विषय पर अपने स्तर पर आवाज बुलंद करने का प्रयास करें।

## आपका पत्र

**आज** हर राज्य में फोरलेन बन रहे हैं। फोरलेन को विकास के साथ जोड़ा जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आज विकास के दौर में हर दुर्गम क्षेत्र को मुख्यधारा के साथ जोड़ दिया है। फोरलेन बनना कोई बुरा नहीं है लेकिन ऐसा लगता है इसके लिए भी भौगोलिक परिस्थितियों को देखना समझना बहुत जरूरी है। कहीं हम विकास की इस अंधी दौड़ में बड़े खतरे तो नहीं मोल रहे हैं। कहीं फोरलेन के लिए पेड़ों की यह अंधाधुंध कटाई हमारे पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र को तो नहीं बिगाड़ रही। कहीं हम विकास की दौड़ में विनाश की ओर तो नहीं बढ़ रहे। यह सवाल आज मानव सभ्यता के लिए है, क्योंकि मानव सभ्यता ने आज अपनी सुविधाओं के स्वार्थ में हर तरफ कंकरीट के जंगल फैला रखे हैं। ये कंकरीट के जंगल प्राणियों के लिए जीवनदायी कई पेड़ों की हत्या के बाद बने हैं। इस कंकरीट के जंगल को और फैलाने के लिए मानव पेड़ों काटे जा रहा है। ऐसा लगता है अब इन हालात को रोकना होगा और पर्यावरण के बारे में सोचना होगा तभी भविष्य के सर्वनाश को रोका जा सकता है।

**-अभिषेक, पालमपुर।**

## आपकी डायरी

दुनिया मुझे अजब सा
तमाशा दिखाई दे,
उजले समंदरों में भी सहरा
दिखाई दे।

खोया हुआ है हर बशर खुद
की तलाश में,
जिसको भी देखिए वही
तन्हा दिखाई दे।



शायर
सुमित राज
शिमला

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# कई तरह के शॉट खेलना ईश्वर का उपहार : दुबे



लंबे छक्के जड़ने में माहिर भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने सोमवार को कहा कि स्पिनरों के खिलाफ कई तरह के शॉट खेलना उनके लिए ईश्वर का उपहार है लेकिन तेज और उछाल लेती गेंदों का अच्छी तरह से सामना करने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी। दुबे स्पिनरों के सामने खुलकर खेलते हैं और यही वजह है कि पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अफगानिस्तान के अच्छे स्पिन आक्रमण की उनके सामने एक नहीं चली।

**एजेंसी, इंदौर**

दुबे ने जिओ सिनेमा से कहा कि मुझे खुशी है कि मेरे खेल में निरंतर सुधार हो रहा है। मैं जितने तरह के शॉट खेल लेता हूं, वह मेरे लिए ईश्वर का उपहार है और मैंने भी इन पर काफी काम किया है। मैंने अपने खेल के कई क्षेत्र में सुधार किया है और मैं अच्छे रन भी बना रहा हूं। दुबे ने रविवार को दूसरे टी-20 मैच में 32 गेंद पर नाबाद 63 रन बनाकर भारत की 6 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

उन्होंने कहा कि अतीत में मैं भविष्य के बारे में काफी सोचता था, लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि मुझे वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मुझे इस पर ध्यान देना चाहिए कि मैं अपने कौशल में कैसे निखार लाऊं। यह मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। दुबे को अच्छी गति से की गई शॉर्ट पिच गेंद को खेलने में परेशानी होती है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह इस क्षेत्र पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने इस पर काफी काम किया है। जब मैं घरेलू क्रिकेट में खेलता था तो सभी तरह के गेंदबाजों पर दबदबा बनाए रखता था, लेकिन आईपीएल और भारत की तरफ से खेलना आसान नहीं है, क्योंकि गेंदबाज 140 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सचिन ने अपने फर्जी वीडियो का किया खुलासा टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोमवार को उस वीडियो को फर्जी करार दिया, जिसमें उन्हें गेमिंग से जुड़े एक एप्लिकेशन (ऐप) का प्रचार करते हुए दिखाया गया है। यह एप्लिकेशन उपयोगकर्ताओं को आसानी से पैसे कमाने का लालच देता है। इस वीडियो में तेंदुलकर को इस एप्लिकेशन की खूबियों के बारे में बताते हुए दिखाया गया है। वह कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता था कि पैसा कमाना इतना आसान हो गया है तथा उनकी बेटी भी इसका उपयोग करती है। सर्वकालिक महान क्रिकेटरों में से एक तेंदुलकर ने इस वीडियो के साथ संदेश पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग पर चिंता जताई है। तेंदुलकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ये वीडियो फर्जी हैं। टेक्नोलॉजी का इस तरह से दुरुपयोग परेशान करने वाला है। सभी से अनुरोध है कि वे इस तरह के वीडियो, विज्ञापन और ऐप की बड़ी संख्या में रिपोर्ट करें। इस वीडियो में उपयोग की गई आवाज तेंदुलकर से मिलती-जुलती है। तेंदुलकर ने आगे लिखा कि सोशल मीडिया मंचों को शिकायतों के प्रति सतर्क और उत्तरदायी होने की जरूरत है। गलत सूचना और डीपफेक के प्रसार को रोकने के लिए उनकी तरफ से त्वरित कार्रवाई महत्वपूर्ण है।

### प्रखर चतुर्वेदी ने नाबाद 404 रन बनाकर कूच बिहार ट्रॉफी में युवराज सिंह का रिकॉर्ड तोड़ा

**शिवमोगा।** कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी ने सोमवार को मुंबई के खिलाफ 636 गेंद में नाबाद 404 रन की पारी खेलकर युवराज सिंह का अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी फाइनल में सर्वोच्च स्कोर का 25 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। भारत के पूर्व स्टार बल्लेबाज युवराज ने 1999 में बिहार के खिलाफ फाइनल में पंजाब के लिए 358 रन की पारी खेली थी। भारत की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उस समय बिहार की टीम का हिस्सा थे। भारत के इस शीर्ष अंडर-19 टूर्नामेंट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड विजय जोल के नाम है, जिन्होंने 2011-12 में असम के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए नाबाद 451 रन की पारी खेली थी। प्रखर ने अपनी पारी में 46 चौके और तीन छक्के मारे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि मुंबई के खिलाफ नाबाद 404 रन की पारी खेलकर कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी कूच बेहार ट्रॉफी के फाइनल में 400 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। प्रखर की मैराथन पारी से कर्नाटक ने मुंबई के 380 रन के जवाब में आठ विकेट पर 890 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल की। मैच ड्रॉ रहा। कर्नाटक के लिए हर्षील दमानी ने भी 179 रन की पारी खेली। प्रखर के 400 रन के आंकड़े को पार करने के बाद दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए।



प्रखर चतुर्वेदी (नाबाद)

| | |
|---|---|
| रन | 404 |
| गेंदें | 636 |
| चौके | 46 |
| छक्के | 03 |

### हिमाचल प्रदेश की फुटबाल टीम रांची रवाना डीएफए के जिलाध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**बड़ा।** हिमाचल की अंडर-14 फुटबाल टीम सोमवार को रांची (उत्तराखंड ) में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में खेलने के लिए रवाना हों गई। हिमाचल की टीम 17 से 21 जनवरी तक रांची में शुरू होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। हिमाचल की टीम को जिला फुटबाल संघ के जिलाध्यक्ष व मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी के प्रिंसिपल प्रदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी में हिमाचल की अंडर-14 फुटबाल टीम का सात दिन का अभ्यास शिविर लगा था। शिविर के दौरान खिलाड़ियों ने डीएफए के प्रधान प्रदीप सिंह के मार्गदर्शन में व फुटबाल कोच पंकज कौंडल की देखरेख में अभ्यास करते हुए खूब पसीना बहाया।

# हिमाचल को उत्तराखंड ने 88 रनों से दी शिकस्त

## अदित्य तारे को मैन ऑफ द मैच, 106 रनों पर सिमटी हिमाचल की टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एचपीसीए** स्टेडियम धर्मशाला में हुए ग्रुप-डी के मुकाबले में उत्तराखंड की टीम ने हिमाचल प्रदेश को 88 रनों से हरा दिया है। उत्तराखंड की टीम ने अपनी दोनों पारियों में क्रमशः 238 एवं 227 रन बनाए। हिमाचल प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 271 रन बनाए थे, पहली पारी में मिली 33 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त का हिमाचल की टीम लाभ नहीं उठा पाई। उत्तराखंड की ओर से मिले 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल प्रदेश की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और मात्र 106 रनों पर सिमट गई। उत्तराखंड के अदित्य तारे को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। अदित्य तारे ने पहली इनिंग में शतक और दूसरी पारी में महत्वपूर्ण 79 रनों का योगदान दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने क्षेत्ररक्षण में भी शानदान प्रदर्शन करते हुए मैच में कुल 6 कैच लपके। हिमाचल प्रदेश की टीम की ओर से सबसे बेहतर प्रदर्शन धर्मशाला के खिलाड़ी अभिषेक कुमार का रहा, उन्होंने मैच में कुल 8 विकेट झटके, लेकिन उनका प्रदर्शन हिमाचल प्रदेश की बल्लेबाजी के कारण फीका हो गया।

## मुलानी ने मैच में 10 विकेट चटकाए

### मुंबई ने दर्ज की बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत

**एजेंसी, मुंबई**

**बाएं** हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने मैच में 10 विकेट चटकाए, जिससे मुंबई ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में आंध्र को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

फॉलोआन खेल रही आंध्र की टीम शेक रशीद (66) और हनुमा विहारी (46) की उपयोगी पारियों के बावजूद मुलानी (96 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में 73.4 ओवर में 244 रन पर सिमट गई। मुंबई को 34 रन का लक्ष्य मिला। मुलानी ने मैच में 161 रन देकर 10 विकेट चटकाए और प्रथम श्रेणी मैच में छठी बार 10 या इससे अधिक विकेट चटकाने में सफल रहे। मुंबई ने इसके जवाब में बिना विकेट खोए 8.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और उसे एक बोनस अंक सहित सात अंक मिले। इस 41 बार के चैंपियन ने पहले दौर के मैच में बिहार को पारी और 51 रन से हराया था। टीम ग्रुप बी में दो मैच में दो जीत से 14 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। टीम छत्तीसगढ़ से चार अंक आगे है, जिसने पटना में बिहार के खिलाफ दूसरे दौर के मैच से तीन अंक हासिल किए।

मुंबई ने पहली पारी में 395 रन का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में मुलानी (65 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने आंध्र की टीम 184 रन पर सिमट गई और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा।

### बंगाल को मिले तीन अंक

**बंगाल** को उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खराब रोशनी के कारण चौथे दिन खेल नहीं हो सका। उत्तर प्रदेश की टीम पहली पारी में सिर्फ 60 रन पर ढेर हो गई थी, जिसके जवाब में बंगाल ने 188 रन बनाकर 128 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। उत्तर प्रदेश ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक रविवार को दूसरी पारी में चार विकेट पर 178 रन बना लिए थे। दूसरी पारी में कप्तान नितीश राणा ने नाबाद 47 रन बनाए। मेजबान टीम को 50 रन की बढ़त हासिल थी, लेकिन चौथे और अंतिम दिन खराब रोशनी के कारण मैच नहीं हो सका। बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद कैफ (15 रन पर चार विकेट और 72 रन पर तीन विकेट) को सात विकेट चटकाने के अलावा नाबाद 45 रन की पारी खेलने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

### असम का फॉलोआन

**गुवाहाटी** में केरल ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर असम के खिलाफ तीन अंक हासिल किए। केरल के 419 रन के जवाब में असम की टीम पहली पारी में 248 रन पर सिमट गई और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं असम ने तीन विकेट पर 212 रन बनाकर केरल को जीत से वंचित किया और मैच ड्रॉ कराकर एक अंक हासिल किया। उधर, पटना में बिहार को 108 रन पर समेटने के बाद छत्तीसगढ़ ने पहली पारी दो विकेट पर 329 रन बनाकर घोषित करते हुए 221 रन की बढ़त हासिल की। छत्तीसगढ़ के पास बोनस अंक सहित जीत दर्ज करने का मौका था, लेकिन दूसरी पारी में बिहार ने 226 रन बनाकर मैच ड्रॉ करा दिया। बिहार को मैच से एक अंक मिला।

फास्ट फाइव राष्ट्रीय प्रतियोगिता

# हिमाचल नेटबाल टीम का शानदार आगाज

- हिमाचल की महिला टीम ने आंध्र प्रदेश को 20-10 से हराकर क्वार्टर फाइनल में
- हिमाचल की पुरुष वर्ग की टीम ने पुडूचेरी 27-10 को हराकर अगले दौर में




पुरुष वर्ग में पुडुचेरी को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश की नेटबाल टीम के खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

**फास्ट** फाइव राष्ट्रीय नेटबाल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की महिला व पुरुष वर्ग की टीम में शानदार प्रदर्शन किया है और महिला वर्ग में हिमाचल प्रदेश क्वार्टर फाइनल और पुरुष वर्ग में प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है।

तेलेंगाना में चल रही फास्ट फाइव राष्ट्रीय नेटबाल प्रतियोगिता में महिला वर्ग की टीम में हिमाचल प्रदेश की टीम ने पहले मैच में गोवा राज्य को 31-24 के अंतर से हरा कर पहला मैच जीता है, जबकि दूसरे मैच में बिहार राज्य को 20-15 से हराया।

इसी तरह तीसरे मैच में आंध्र प्रदेश को 20-10 के विशाल अंतर से पराजित करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लगातार तीन मैच जीतने पर हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों के हौंसले बुलंद हैं। इसी तरह पुरुष वर्ग में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने पहले मैच में दिल्ली राज्य को 35-31 के अंतर से हराकर प्रथम जीत दर्ज की है। दूसरे मैच में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने पुडुचेरी को 27-10 के अंतर से पराजित करके प्री क्वार्टर फाइनल जगह बनाई।

हिमाचल प्रदेश नेटबाल संघ के महासचिव अशोक आनंद ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी अशोक आनंद ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी महिला वर्ग में दिवेंद्रा प्रिया, अभिलाषा, भावना, हिमानी, अनिशा नेगी, आयुषी, अंजू, कविता, वंशिका, सिखा व पुरुष वर्ग में दिनेश कुमार, रोबिन, राम विनय, अर्पित, शिवम, मंयक, विनय, विकास, अभिनव व अभिषेक ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया है।

उधर हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है।

## सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगा भारत

**एजेंसी, रांची**

**पहला** मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को इटली की कम रैंकिंग वाली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा।

सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

एशियाई खेलों के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है, जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है।

### इंडिया ओपन में चमक बिखेरने उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी

## सात्विक-चिराग की जोड़ी पर होगी निगाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे, जिसमें सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी। भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था, लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था।

सात्विक ने कहा कि हम अपने देश में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। टूर्नामेंट के बाद हमारी जीत दर्ज करने की भूख बढ़ी है और हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे पूरी तरह से फिट हैं। पहले दौर में उनका मुकाबला दुनिया के 25वें नंबर के फैंग जेन ली और फैंग चिह ली से होगा। सात्विक और चिराग जहां खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे।

### चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को हराकर स्पेनिश सुपर कप पर किया कब्जा

# रियाल मैड्रिड 13वीं बार फिर बना चैंपियन

- विनीसियस जूनियर ने लगाई हैट्रिक
- रियाल मैड्रिड ने सत्र की पहली ट्रॉफी पर किया कब्जा
- बर्सिलोना की टीम 14 बार जीत चुकी है ट्रॉफी

**एजेंसी, रियाद ( सऊदी अरब )**




**विनीसियस** जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने सऊदी अरब में खेले गए मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

विनीसियस ने रविवार को खेले गए मैच में अपने तीनों गोल पहले हाफ में किए, जिससे रियाल मैड्रिड सत्र की अपनी पहली ट्रॉफी हासिल करने में सफल रहा।

रियाल मैड्रिड ने सुपर कप में 13वां खिताब जीता। बर्सिलोना ने 14 बार यह ट्रॉफी जीती है।

विनीसियस ने पहला गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह जश्न मनाया। रोनाल्डो अभी सऊदी अरब की लीग में खेलते हैं।

रियाल मैड्रिड की तरफ से रोड्रिगो ने भी गोल किया, जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोस्की ने पहले हाफ में किया।

### मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं

**विनीसियस** ने मैच के बाद कहा कि यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए था, क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं और अभी यहां खेल रहे हैं। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। बार्सिलोना के खिलाफ खेलना और 4-1 से जीत दर्ज करना आसान नहीं होता है। हमने शानदार खेल दिखाया।




## खिताब के प्रबल दावेदार जापान और ईरान की एशिया कप में बड़ी जीत

**अल रेयान (कतर)।** खिताब के प्रबल दावेदार जापान और ईरान ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए एशिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज की। रिकॉर्ड चार बार के चैंपियन जापान ने ग्रुप डी में शानदार वापसी करके वियतनाम को 4-2 से हराया जबकि ईरान ने ग्रुप सी में फिलीस्तीन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। जापान पिछले दो बार से यह टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी हासिल करने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। एक अन्य मैच में हांगकांग के फिलिप चान सिउ क्वान ने एशियाई कप के इतिहास में 1,000वां गोल किया, लेकिन उनकी टीम को संयुक्त अरब अमीरात से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा।

## टोटेनहैम ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी पर रोका



**मैनचेस्टर।** टोटेनहैम ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल प्रतियोगिता के मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैनचेस्टर यूनाइटेड का 25 प्रतिशत हिस्सा खरीदने के बाद यह पहला अवसर था, जबकि ब्रिटेन के अरबपति जिम रेटक्लिफ मैच के दौरान उपस्थित थे। रासमस होजलुंड ने तीसरे मिनट में ही गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिला दी। रिचार्लीसन ने 19वें मिनट में टोटेनहैम की तरफ से बराबरी का गोल किया। मार्कस रैशफोर्ड ने 40वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को फिर से बढ़त दिला दी। रोड्रिगो बेंटनकुर ने हालांकि दूसरे हाफ के 49वें सेकंड में गोल करके टोटेनहैम को फिर से बराबरी पर ला दिया।

## बीसीसीआई ने चयनकर्ता के लिए मांगे आवेदन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पांच सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं में से किसी एक को बदलने के लिए सोमवार को आवेदन मंगाए और पूरी संभावना है कि नया चयनकर्ता पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला की जगह लेगा, क्योंकि पश्चिम क्षेत्र से चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के रूप में पहले ही एक प्रतिनिधि है। बीसीसीआई ने अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन दिया है, जिसमें चयनकर्ता के लिए वही योग्यता मांगी गई है, जो 2 साल पहले मांगी गई थी। आवेदन करने वाले खिलाड़ी ने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। अगर उम्मीदवार ने 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हों तो वह भी आवेदन कर सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है। पांच सदस्यीय चयन समिति में अगरकर (अध्यक्ष, मुंबई, पश्चिम क्षेत्र), एस शरथ (तमिलनाडु, दक्षिण क्षेत्र), एसएस दास (विदर्भ, मध्य क्षेत्र), सुब्रतो बनर्जी (बंगाल, बिहार, पूर्वी क्षेत्र) और अंकोला (मुंबई, महाराष्ट्र, पश्चिम क्षेत्र) शामिल हैं।

# जेएंडके में बढ़ी आतंकी गतिविधियां, सेना अलर्ट

## 76वें सेना दिवस पर आर्मी चीफ मनोज पांडे बोले- घुसपैठ की हर कोशिश नाकाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**इंडियन** आर्मी चीफ जनरल मनोज कुमार पांडे ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों पर चिंता जताई। आर्मी चीफ ने कहा कि पश्चिमी सीमाओं पर स्थिति तो कंट्रोल में है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में कई इलाकों में आतंकवाद की घटनाएं देखी गईं।

सीमा पार से घुसपैठ के प्रयास हो रहे हैं। हमारी सेना किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। भारत ने हाल ही में बाहर से एडवांस हथियार मंगवाए हैं। यह बात आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने 76वें सेना दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही।



### मणिपुर में शांति स्थापित करने की कोशिशें जारी

**मणिपुर** में मौजूदा स्थिति पर कहा कि सरकार की सक्रियता और भारतीय सेना की कोशिशों से स्थिति को कंट्रोल करने में सफलता मिल रही है। इस संवेदनशील माहौल में हमारे जवानों ने धैर्य से काम लेकर नुकसान को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और आगे भी मणिपुर में शांति स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### सुरक्षित माहौल में आजादी के 100 साल पूरे होंगे

**पांडे** ने कहा कि हमारा देश एक नए युग के कगार पर खड़ा है, हम सभी विकसित भारत की संकल्पना लेकर आगे बढ़ रहे हैं, क्योंकि देश आजादी के 100 साल पूरे कर रहा है। इसके लिए एक सुरक्षित वातावरण आवश्यक है और भारतीय सेना इसे प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हर बार बॉर्डर पर दुश्मनों को सेना के जवान मुंह तोड़ जवाब दे रहे हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा: अब खत्म हुआ संशय, श्रीरामलला की वर्तमान मूर्ति भी मूल मंदिर के गर्भगृह में होगी स्थापित

**एजेंसी, अयोध्या**

सोमवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने उस सवाल का भी जवाब दे दिया, जिसका सभी को बेताबी से इंतजार था। अयोध्या में वर्तमान में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की पूजा-अर्चना की जा रही है, उन्हें भी नए मंदिर के गर्भगृह में ही स्थापित किया जाएगा और नई प्रतिमा के साथ-साथ उनकी भी एक समान पूजा अर्चना की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बहुत से लोग जानना चाहते थे कि गर्भ गृह में श्रीरामलला की नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद वर्तमान में जिस मूर्ति की पूजा-अर्चना की जा रही है, उसका क्या होगा। सोमवार को इन सभी सवालों का जवाब मिल गया।



### 70 साल से हो रही है पूजा

**चंपत** राय ने बताया कि भगवान की वर्तमान प्रतिमाएं जिनकी उपासना, सेवा, पूजा लगातार 70 साल (1950 से) से चली आ रही है, वो भी मूल मंदिर के मूल गर्भ गृह में ही उपस्थित रहेंगी। उन्होंने बताया कि जैसे अभी उनकी पूजा और उपासना की जा रही है, वैसी ही 22 जनवरी से भी अनवरत की जाएगी। उन्होंने ये भी बताया कि पुरानी प्रतिमाओं के साथ-साथ श्रीरामलला की नई प्रतिमा को भी अंग वस्त्र पहनाए जाएंगे। मालूम हो कि वर्तमान में जिस मंदिर में श्रीरामलला की पूजा होती है, वहां श्रीरामलला अपने तीनों भाइयों के संग विराजमान हैं।

## महिलाओं को प्रसाद में मिलेंगे श्रीराम सीता और हनुमान के चित्र वाली चूड़ियां

**एजेंसी, फिरोजाबाद**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल महिलाओं को सुहाग नगरी के कंगन (चूड़ी) प्रसाद के रूप में नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे। इन कंगनों पर राम, सीता और हनुमान की फोटो की आकृतियां उकेरी गई हैं। इन कंगनों को तैयार करने के लिए कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं।



फिरोजाबाद के चूड़ी निर्माता आनंद अग्रवाल ने बताया कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान उन्होंने खुद कारसेवक के रूप में सहभागिता की थी। इस दौरान जब पुलिस ने उनको पकड़ा तो वह दो दिन पुलिस हिरासत में भी रहे थे। उन्होंने बताया कि उनके मन में भी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में योगदान करने की इच्छा जगी और उन्होंने समारोह में शामिल होने वाली महिलाओं को राम,सीता और हनुमान की चित्र वाली चूड़ियां व कंगन प्रसाद के रूप में निशुल्क भेंट करने का संकल्प लिया। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए विभिन्न रंगों में आकर्षक डिजाइनों के बीच राम,सीता और हनुमान जी के चित्रों के लगभग दस हजार पैक तैयार किया जा रहे हैं जो 22 और 23 जनवरी को राम जन्मभूमि समारोह में वितरित किए जाएंगे।

### अयोध्या में स्तुति पाठ करेंगी भागलपुर की बेटी माधवी



**भागलपुर।** श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भागलपुर की बेटी माधवी मधुकर स्तुति का पाठ करेंगी। माधवी के संस्कृत बैंड मधुरम बैंड के सभी सदस्य इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम 19 जनवरी को अयोध्या में आयोजित की जाएगी। अपने संस्कृत बैंड के साथ वह राम मंदिर में प्रस्तुति देंगी। इस मौके पर माधवी लंका विजय के लिए भगवान श्रीराम की ओर से की गई शिव स्तुति रामष्टकम, शिवास्टकम, रामचरितमानस के अयोध्या कांड की चौपाई का भी पाठ करेंगी। वेदव्यास स्तुति, सूर्यांशटकम और कृष्णा अष्टकम के संगीतमय स्वर पाठ करेंगी। साथ ही कुछ हिंदी भजनों की भी प्रस्तुति देंगी। उल्लेखनीय हो कि भागलपुर की माधवी मधुकर की शादी गोड्डा की शास्त्री नगर में हुई है। माधवी मधुकर पुरी के शंकराचार्य स्वामी नित्यानंद सरस्वती और पद्म विभूषण रामभद्राचार्य की शिष्या हैं।

## अब हेलिकॉप्टर से भी हो सकेंगे रामलला के दर्शन, 19 जनवरी से होगी सेवा शुरू

**अयोध्या।** अगर आप भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखने के लिए उत्साहित हैं तो आपके लिए खुशखबरी है, क्योंकि राम मंदिर के दर्शन अब हेलिकॉप्टर से भी हो सकेंगे। इसके लिए 12-सीटर बिजनेस जेट को लगाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक 19 जनवरी से हेलिकॉप्टर सेवा शुरू हो जाएगी। आपको बता दें कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यही नहीं देश के प्रधानमंत्री सहित तमाम गणमान्य लोग प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### 30 मिनट में होगा सफर पूरा

आपको बता दें कि हेलिकॉप्टर सेवा शुरू होने के बाद लखनऊ से अयोध्या के बीच की दूरी 30-40 मिनट हो जाएगी। रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि अभी शुरुआत में छह हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई है, जो अयोध्या से लखनऊ के बीच में उड़ान भरेंगे। इन हेलिकॉप्टरों में 18 व 12 सीटर हेलिकॉप्टर लगाए गए हैं।

## वर्ल्ड न्यूज

### नाव पलटने से पांच की मौत 30 से ज्यादा लोग रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** फ्रांस में मौजूद इंग्लिश चैनल पार करके ब्रिटेन जाने की कोशिश कर रहे पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा नाव के पलटने के कारण हुआ। पांच लोगों के शव विमेरेक्स के समुद्री तट के पास मृत पाए गए। 30 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया। इनमें कुछ की हालत गंभीर है।

### उड़ान में देरी पर यात्री ने इंडिगो के पायलट पर किया हमला



**नई दिल्ली।** गोवा जा रही इंडिगो फ्लाइट में एक यात्री ने पायलट के साथ उस समय मारपीट की, जब वह विमान के अंदर देरी की घोषणा कर रहा था। विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया। वायरल फुटेज में एक यात्री को दिखाया गया है, जिसकी पहचान साहिल कटारिया के रूप में हुई है, जो पीले रंग की हुडी पहने हुए है, विमान के पायलट के पास दौड़ रहा है और उसके साथ मारपीट कर रहा है।

### राजस्थान में कारों की टक्कर में छह की मौत, पांच घायल

**सीकर।** राजस्थान के सीकर में दो कारों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया है। सीकर के सांसद सुमेधानंद सरस्वती भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को घटना के बारे में जानकारी दी गई है और राज्य सरकार घायलों के इलाज में मदद करेगी।

### गिरफ्तार टीएमसी नेता से जुड़े परिसरों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाला मामले के तहत गिरफ्तार तृणमूल नेता से जुड़े कई परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। ईडी ने सेंट्रल कोलकाता के चार परिसरों में छापा मारा। केंद्रीय एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि सॉल्ट लेक के एक चार्टर्ड अकाउंटेंड के आवास पर भी छापेमारी की गई। जहां छापेमारी की जा रही है, ये सभी स्थान टीएमसी नेता और बोनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या से जुड़े हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा, कई ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर सर्द हवाओं के साथ घने कोहरे की चपेट में है। इसी बीच दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। यात्रा से पहले एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी है। वहीं दूसरी तरफ मौसम विभाग की ओर से दो दिनों के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## मालदीव के साथ बढ़ते विवाद पर विदेश मंत्री बोले

# मैं इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं ले सकता

**एजेंसी, नागपुर**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने आखिरकार मालदीव के साथ चल रहे राजनयिक विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं ले सकता कि हर कोई हर समय भारत का समर्थन ही करेगा। मालदीव के साथ हाल में नागपुर में टाउनहॉल बैठक में पैदा हुए तनाव के बारे में कहा कि राजनीति तो राजनीति है। मैं गारंटी नहीं दे सकता कि हर देश में हर कोई हर समय हमारा समर्थन करेगा या हमसे सहमत होगा।

उन्होंने आगे कहा कि हम जो करने की कोशिश कर रहे हैं, वो है देशों के साथ संपर्क को मजबूत बनाना। हम काफी हद तक सफल हुए हैं। हमने पिछले दस सालों में कई देशों से अच्छे संबंध बनाए हैं। जयशंकर ने राजनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव के बावजूद लोगों के बीच सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक स्तर पर मजबूत संबंध बनाने के लिए पिछले एक दशक में भारत के प्रयासों को रेखांकित किया।

### चाबहार पोर्ट और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे पर की चर्चा



**विदेश** मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ईरान यात्रा के दौरान सड़क एवं शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बजरपाश के साथ उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और चाबहार पोर्ट के बारे में चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा कि तेहरान (ईरान) में अपने कार्यक्रमों की शुरुआत सड़क एवं शहरी विकास मंत्री से मुलाकात के साथ हुई। चाबहार बंदरगाह के संबंध में दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करने पर विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री यहां शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे।

# 'कच्चा बादाम गर्ल' अंजलि अरोड़ा का फूटा गुस्सा

**एजेंसी, मुंबई**

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा कुछ समय पहले एमएमएस वीडियो लीक होने की वजह से चर्चा में आई थीं। इसी अंजलि अरोड़ा ट्रोल हो गई थीं। इसके बाद में एक्ट्रेस ने कहा था कि वीडियो में दिख रही लड़की वो नहीं हैं। अब एक्ट्रेस के एफआईआर दर्ज कराने की खबर सामने आ रही है।

'कच्चा बादाम गर्ल' के नाम से फेमस हुई अंजलि अरोड़ासोशल मीडिया की पॉपुलर इन्फ्लुएंसर्स में से एक हैं। अंजलि आए दिन किसी न किसी बात पर आलोचकों के निशाने पर आती रहती हैं। आपको बता दें कि अंजलि को एमएमएस वीडियो लीक मामले में खूब ट्रोलिंग झेलनी पड़ गई थी।

कंगना रनौत के रियलिटी शो 'लॉक अप सीजन1' के बाद अंजलि अरोड़ा का एक एमएमएस वीडियो लीक हो गया था, जिसने सोशल मीडिया पर कंट्रोवर्सी पैदा कर दी थी। बाद में एक्ट्रेस ने साफ कर दिया था कि वीडियो में वो नहीं हैं। किसी ने वीडियो के साथ छेड़छाड़ किया है। अब लगभग डेढ़ साल के बाद अंजलि ने आरोपियों के खिलाफ एक्शन लिया है।



**वीडियो लीक मामले में यूट्यूबर्स पर कराई एफआईआर**

### एमएमएस मामले में अंजलि अरोड़ा ने दर्ज कराई एफआईआर

अंजलि अरोड़ा ने मोर्फ्ड एमएमएस लीक मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत के बाद पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। एक्ट्रेस ने सिर्फ एफआईआर दर्ज नहीं कराया है। कहा जा रहा है कि वह यूट्यूबर्स और पब्लिशिंग हाउस समेत उन लोगों के खिलाफ मानहानि का केस करेंगी, जिन्होंने सोशल मीडिया पर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की है। अंजलि ने इंस्टाग्राम पेज पर एफआईआर की कॉपी भी ऑनलाइन शेयर किया है।

# बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा भारत

## राजनाथ बोले- पीएम मोदी ने सभी वर्गों के लिए कई योजनाएं लाकर दी ताकत

**एजेंसी, लखनऊ**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के नागरिकों के बीच सोमवार को व्यापारी स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश में व्यापार बढ़ा है, व्यापारी समृद्ध हुआ है और आज प्रधानमंत्री की सोच से भारत बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।

बालागंज क्षेत्र में देवलोक लॉन में आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने व्यापारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के व्यापारी वर्ग, उद्यमी वर्ग के लिए तमाम योजनाओं को लाकर उन्हें ताकत दी है।

देश में व्यापारी अपने को सुरक्षित समझता है। देश में प्रधानमंत्री मोदी तो उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने माफियाओं पर कार्रवाई कर व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान की है।



### विश्व में एक बड़ी शक्ति बनकर उभरा भारत

**व्यापारियों** के कार्यक्रम में इंडिया आईटी मॉल पोर्टल की लांचिंग करने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गोमती नगर में बिजनेस स्कूल आईएमआरटी में भाजपा के पूर्व पार्षद, प्रबुद्धजनों को संबोधित किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में वर्ष 2014 के बाद से बदलाव हुआ है। भारत पूरे विश्व में एक बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। दूसरे देशों से भारत सहयोग लेता था, अब भारत दूसरे देशों को सहयोग दे रहा है। पीएम मोदी का नाम विश्व के शीर्ष नेताओं आया है। कार्यक्रमों के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के प्रबुद्धवर्ग के लोग मौजूद रहे।

## जापान में 86.6 फीसद लोग कड़े राजनीतिक धन नियंत्रण कानून के पक्ष में

**टोक्यो।** जापान के 86.6 फीसद लोग देश में कड़े राजनीतिक धन नियंत्रण कानून के पक्ष में हैं। क्योदो न्यूज के टेलीफोनिक जनमत सर्वे में यह बात सामने आई है। जनमत सर्वे में शामिल 86.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के राजनीतिक चंदा उगाही में हुए घोटले के बीच सख्त राजनीतिक धन नियंत्रण कानूनों का समर्थन किया है। जनमत सर्वे में कुल 61.6 प्रतिशत लोग नए साल के दिन मध्य जापान के नोटो प्रायद्वीप में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप से निपटने के जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के तरीके से असंतुष्ट दिखे। 54.6 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें लगता है कि भूकंप पर सरकार की प्रतिक्रिया त्वरित थी।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(16 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि** : षष्ठी 11:59 रात्रि तक, **नक्षत्र** : उत्तराभाद्रपद (04:38 सुबह तक), **पक्ष** : शुक्ल, शुभ मुहूर्त : अभीजित (12:09-12:51 रात्रि तक)
**राहुकाल :** 03:08-04:27 दोपहर तक।

### विशेष दिन

16 जनवरी 2024 : स्कंद षष्ठी व्रत आज।

सूर्योदय : 07:15
सूर्यास्त : 05:46

**मेष :** किसी के बहकावे में आकर बना काम बिगाड़ लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय संघर्ष पूर्ण है। धन का दुरुपयोग न करें। जीवनसाथी का साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा।

**वृषभ :** व्यवसाय में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। विरोधी आप को नीचा दिखाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। जो लोग कभी आप को अपना आदर्श मानते थे, वे ही आज आप के किए कार्यों में खामी निकालेंगे।

**मिथुन :** नौकरीपेशा जातकों को कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है। आप अपना काम करते हुए आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। समय अनुकूल है, जितना पैसा कमा सकते हैं कमा लो। आजीविका के साधनों में कमी आएगी।

**कर्क :** समय के साथ हो रहे बदलाव के कारण तनाव बढ़ेगा। कई महत्वपूर्ण कार्य रुकने के कारण परेशानी बढ़ सकती है। परिवार में हो रही अनदेखी से नाराज रहेंगे। संतान का साथ मन को उत्साहित करेगा।

**सिंह:** जिन लोगों से आपने वादा किया था वह निभाने का वक्त आ गया है। पारिवारिक कार्यक्रमों में बड़ा खर्च होगा। अपने वर्चस्व को कायम रखने के लिए फिजूल खर्च होगा। कान से संबंधित पीड़ा संभव है।

**कन्या :** राजनीति में आने का मन हो रहा है। जो भी करें विचार और गहन चिंतन के बाद निर्णय लें। पारिवारिक जनों से मनमुटाव होगा। मांगलिक कार्यों पर धन खर्च होगा। वाहन मशीनरी का प्रयोग सतर्कता से करें।

**तुला :** विद्यार्थियों के लिए बेहतर समय है। यदि किसी बड़ी प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं, तो सफलता की संभावना बहुत अधिक है। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। अपनी जिम्मेदारी निभाने में सफल होंगे।

**वृष्चिक:** जीवनसाथी के साथ सुखद यात्रा का योग भी बन रहा है। अपनी क्षमता को पहचाने और कार्य करें आप कर सकते हैं, फिर भी रुके हुए है। आत्मविश्वास की कमी के कारण कोई भी कार्य या फैसला लेने में पीछे रहेंगे।

**धनु:** यदि बहुत लंबे समय से संतान सुख से वंचित हैं, तो इससे बेहतर समय अभी और जल्दी नहीं आने वाला, जिसमें आप संतान प्राप्ति के लिए प्रयास कर सकते हैं। आप क्यों दूसरे के मामलों में दखल देते हैं।

**मकर :** धन के मामले में समय सामान्य है, आप नए कार्यों का प्रारंभ कर सकते हैं। सोचे कार्य समय पर होंगे। कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण मिलेगा। अधिकारी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**कुंभ :** यात्रा में थोड़ी सावधानी बरतें। धन तथा कीमती सामानों को सुरक्षित रखें। आकस्मिक आए कार्यों की अधिकता से व्यस्त रहेंगे। संतों का सान्निध्य प्राप्त होगा। मकान की मरम्मत पर धन लगेगा।

**मीन :** न्यायालय संबंधित मामले अभी थोड़ा लंबा चल सकते हैं। मनमर्जी न करें। हालात को समझें फिर फैसले करें। संतान के व्यवहार पारिवारिक माहौल बिगड़ सकता है। नए काम के मिलने से उत्साहित रहेंगे।

**ताकत** उत्तर कोरिया ने हाइपरसोनिक आईआरबीएम का किया सफलतापूर्वक परीक्षण

# बैलिस्टिक मिसाइल ने उड़ाई कई देशों की नींद

**एजेंसी, प्योंगयांग**

**उत्तर** कोरिया के हाइपरसोनिक वारहेड युक्त मध्यवर्ती दूरी की ठोस-ईंधन बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण ने कई देशों की नींद उड़ा दी है।

इस पर उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि इस प्रक्षेपण का उद्देश्य मिसाइल के ठोस-ईंधन इंजन की विश्वसनीयता और हाइपरसोनिक वारहेड की गतिशील उड़ान क्षमताओं की पुष्टि करना था। यह परीक्षण सफल रहा।



### 2021 से हाइपरसोनिक हथियारों का परीक्षण

दक्षिण कोरिया के ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया की इस मिसाइल ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच पानी में उतरने से पहले लगभग 1,000 किलोमीटर (620 मील) की उड़ान भरी। उत्तर कोरिया 2021 से हाइपरसोनिक हथियारों का परीक्षण कर रहा है, उन्हें मैक पांच से अधिक या ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक गति से उड़ने के लिए डिजाइन किया गया है।

### पड़ोसी देश की सुरक्षा पर नहीं होगा कोई असर

केसीएनए के अनुसार, इस परीक्षण से किसी भी पड़ोसी देश की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा और इसका क्षेत्रीय स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है। यह परीक्षण रक्षा विज्ञान संस्थानों की शक्तिशाली हथियार प्रणालियों को विकसित करने की नियमित गतिविधियों का एक हिस्सा है। दक्षिण कोरिया ने दावा किया कि यह मिसाइल दूरस्थ अमेरिकी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए डिजाइन की गई है।

### उत्तर कोरिया कर रहा रूस को मिसाइलों व हथियारों की आपूर्ति

**केसीएनए** की एक रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री चोए सन हुई के नेतृत्व में एक उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल रूस के विदेश मंत्री के निमंत्रण पर रूस की यात्रा के लिए रविवार को प्योंगयांग से रवाना हुआ है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सरकारों का दावा है कि उत्तर कोरिया, रूस को यूक्रेन पर आक्रमण के लिए तोपखाने और मिसाइलों सहित अन्य हथियारों की आपूर्ति कर रहा है।